जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Horses on a High!!

At least 1000 racehorses are injured or die each year, and in the US alone, at least 10 die each week.

Animal Kingdom: Surprising Animal Friendships

Shubh Rangoli For Diwali

Inviting the Goddess of wealth & good fortune to enter your home

# मुलायम सिंह की पुरानी सीट मैनपुरी के लिये भारी व्यूह रचना तैयार की भाजपा ने

## सपा के गढ़ रामपुर व आजमगढ़ पर कब्जा करने के बाद, मैनपुरी की जीत से 2024 के चुनाव के माहौल व मनोबल पर क्या असर होगा, भाजपा इससे पूरी तरह वाकिफ है

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। भाजपा में इस समय मैनपुरी लोकसभा सीट को समाजवादी पार्टी से छीनने के लिये, एक साथ कई प्रहार करने वाली रणनीति तैयार करने का काम जोरों पर है। यह सीट वरिष्ठ सपा नेता मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण खाली हुई है।

भगवा पार्टी को जो संभावनाएं नजर आ रही हैं, उनमें यह विकल्प भी शामिल है कि देर-सवेर घोषित होने वाले इस उप चुनाव में, अखिलेश यादव से विमुख हो चुके उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव की संभावित उम्मीदवारी का समर्थन किया जाये।

शिवपाल, जो पिछले महीनों में भाजपा के नजदीक नजर आये हैं, ने मुलायम सिंह के जीवनकाल में ही यह इच्छा व्यक्त की थी कि अगर उनके बड़े स्वास्थ्य कारणों से 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लेते हैं, तो वे (शिवपाल) मैनपुरी से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहेंगे।

ऐसी संभावना है कि केन्द्र सरकार तथा उसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार

- भाजपा ने मुलायम सिंह के छोटे भाई शिवपाल पर हाथ रखा है, मैनपुरी उपचुनाव के लिये।
- शिवपाल स्वयं भी मैनपुरी से चुनाव लड़ने की इच्छा दिखा चुके हैं, पर, उस समय मुलायम सिंह जीवित थे, अतः शिवपाल चाहते थे कि मुलायम सिंह वहां से अपनी उम्मीदवारी खत्म कर दें तभी वे (शिवपाल) प्रत्याशी बनें।
- मैनपुरी में मुस्लिम वोटर्स की संख्या अच्छी खासी है, भाजपा, बसपा को भी प्रेरित कर रही है कि, वह मजबूत मुसलमान उम्मीदवार उतारे और शिवपाल की उम्मीदवारी को मजबूती मिले।
- शिवपाल को मूल चुनौती अखिलेश यादव की पार्टी से ही होगी, पर मुसलमान-यादव कॉम्बिनेशन कमजोर होने से मुलायम सिंह की धरोहर पर कब्जा करने का सुंदर सपना देख रही है भाजपा।

भी आने वाले सप्ताहों में "पसमन्दा मुस्लिमों" के लिये कुछ कल्याणकारी योजनाओं की घोषणाएं कर सकती है, जो मुस्लिम आबादी का 80 प्रतिशत हिस्सा बताये जाते हैं।

ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि मैनपुरी उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में बड़ी संख्या में "डमी" या "प्रॉक्सी" प्रत्याशी नज़र आ सकते हैं, जिनमें से कुछ भाजपा समर्थित होंगे।

इधर मायावती की बसपा भी मुसलमानों तक अपनी पहुँच बनाने की आक्रामक योजनाएं बना रही है। ऐसी संभावना है कि बसपा मैनपुरी सीट पर किसी मजबूत मुस्लिम प्रत्याशी को उतारेगी।

ज्ञातव्य है कि मुस्लिम और यादव मतदाता ही इस सीट के चुनाव-परिणाम तय करते हैं।

सपा को उसके दो गढ़ों- आज़मगढ़ और रामपुर में बुरी तरह से हरा देने में कामयाब होने के बाद, 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले, भाजपा की मैनपुरी जीत पार्टी के लिये प्रतीकात्मक रूप से बहुत अधिक मूल्यवान सिद्ध होगी।

2014 तथा 2019 के संसदीय चुनावों में, मैनपुरी के भाजपा प्रत्याशी प्रेम सिंह शाक्य ने मुलायम सिंह को अच्छी टक्कर दी थी। लेकिन अगर शिवपाल भाजपा में विधिवत शामिल हो जाते हैं तो भगवा पार्टी इस बार उनके पक्ष में खड़ी हो सकती है। दूसरे विकल्प के रूप में, भाजपा शाक्य को खड़ा कर सकती है, लेकिन इसके साथ ही, वह शिवपाल की उम्मीदवारी का भी अनौपचारिक रूप से समर्थन कर सकती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आई.बी. ने खरीदा था पैगसस?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। एक भारतीय समाचार वैवसाइट, "द वायर"

- भारतीय न्यूज़ वैबसाइट में छपी एक सनसनीखेज रिपोर्ट में कहा गया है कि, वर्ष 2017 में लगभग 2 करोड़ रूपये में इन्टैलिजैंस ब्यूरो ने पैगसस स्पायवेयर खरीदा था।

में गुरुवार को प्रकाशित एक सनसनीखेज रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की घरेलू

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सैन्य सेवा कर्मी और सैनिक में अंतर

जयपुर, 20 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि सैन्य सेवा में कार्यरत असैनिक कर्मचारी और सैनिक

- राजस्थान हाई कोर्ट ने कहा है कि, सेना के असैनिक कर्मचारियों को सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता है।

में अंतर होता है। राजस्थान हाईकोर्ट ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में आरक्षण के एक मामले में यह राय दी। कोर्ट ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ब्रिटेन की प्र.मंत्री ने इस्तीफा दिया

## इसे महारानी एलिजाबेथ के युग की पूर्ण समाप्ति माना जा सकता है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। व्यवहारिक दृष्टि से देखा जाये तो ग्रेट ब्रिटेन में एलिज़ाबेथ युग समाप्त हो गया है क्योंकि ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस ने कल इस्तीफा दे दिया। वे ऐसी अंतिम प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें स्व. महारानी एलिज़ाबेथ ने पद की शपथ दिलाई थी।

अब, सात दशक से ज्यादा अवधि में ऐसा पहला अवसर आयेगा, जब प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने वाले व्यक्ति को कोई नया राष्ट्राध्यक्ष शपथ दिलायेगा।

ब्रिटिश इतिहास में, एलिजाबेथ प्रथम युग संभवतः सबसे शानदार एवं महानतम युग था, जब लिटिल इंग्लैंड" ने उस रुप में उभरना शुरु किया था, जिसे बाद में "ग्रेट ब्रिटेन" कहा गया।

एलिज़ाबेथ द्वितीय युग की समाप्ति ऐसी प्रतीत हो रही है, जैसे वह इतिहास पीछे लौट रह हो। "ग्रेट ब्रिटेन" एक बार फिर "लिटिल ब्रिटेन" बनता जा रहा है। सत्ता की महान दिखावटी तड़क-भड़क में अब पूर्व के अवशेष ही बचे हैं।

इसके बावजूद स्व. क्वीन की अंतिम प्रधानमंत्री ने देश को बदहाली में छोड़ दिया। उनके वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत एक मिनी बजट में अनफण्डेड टैक्स में कटौतियों की घोषणा के साथ ही वित्तीय बाजारों ने ट्रस की सस्ती लोक लुभावन

- निवर्तमान प्र.मंत्री लिज़ ट्रस, अंतिम प्रधानमंत्री थीं, जिन्हें महारानी एलिजाबेथ ने शपथ दिलायी थी।
- अब ब्रिटेन में क्या मध्यावधि चुनाव होंगे? क्योंकि कंज़रवेटिव पार्टी में एका नहीं है तथा कई खेमों में विभाजित पार्टी अभी सहमत होती नज़र नहीं आती, किसी एक व्यक्ति को प्र.मंत्री बनाने के बारे में।

राजनीति को सिरे से नकार दिया।

लिज़ ट्रस ने अपने पूर्ववर्ती के आलोचकों का मुंह बंद करने के लिए करों व अन्य छूटों में भारी कटौतियों का वाद किया था। उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन उसके परिणाम विध्वंसकारी हुए क्योंकि वित्तीय बाजार धराशाई हो गए और ब्रिटिश पाउण्ड अभूतपूर्ण निचले स्तर पर चला गया।

एक ऐसे देश के लिए जो अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए फायनैंशियल सैक्टर पर ही पूर्णतया निर्भर है, वहां महत्व रखने वाले वित्तीय बाजारों की प्रतिक्रिया ने सरकार में भरोसा कम कर दिया। पहले तो उनके वित्त मंत्री ने इस्तीफा दिया और उनकी जगह नया वित्त मंत्री बनाया गया।

नए वित्त मंत्री ने सभी कर छूटों व अन्य बम्बर घोषणाओं को पूर्णतया वापस ले लिया, जिसका मतलब था कि नए वित्त मंत्री प्रधानमंत्री के अधिकार और सत्ता को धता बता रहे थें यह स्पष्ट हो गया था कि लिज़ ट्रस का प्रधानमंत्री पद पर बने रहना अब मुश्किल है। जैसी कि कुछ राजनीतिक टीकाकारों ने टिप्पणी कीः लिज़ ट्रस प्रधानमंत्री थीं, लेकिन उनके पास कोई पावर नहीं थी। उन्होंने बढ़ती आलोचनाओं के आगे हथियार डाल दिए और अपना प्रधानमंत्री पद त्याग दिया।

अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या फिर से आम चुनाव होंगे या कंज़रवेटिव पार्टी उनकी जगह किसी अन्य नेता को प्रधानमंत्री बनाएगी, लेकिन समस्या ये है कि कंज़रवेटिव पार्टी में गहरा विभाजन है तथा कोई भी एक व्यक्ति पूरी विधायी पार्टी के प्रति निष्ठा का दावा करने की स्थिति में नहीं है।

विपक्षी लेबर पार्टी इस स्थिति को पूरी तरह भुनाने में लगी है। वह अब आम चुनावों की मांग कर रही है ताकि ब्रिटेन की जनता यह निर्णय ले सके कि वह किस तरह से शासित होना चाहती है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल असली कर्ताधर्ता

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। राजनैतिक विश्लेषक तथा ए.आई. सी. सी. के पूर्व सचिव पंकज शर्मा का कहना है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में जबरदस्त जीत हासिल करने के बाद, मल्लिकार्जुन खड़गे के पार्टी अध्यक्ष बन

- राजनैतिक विश्लेषक व ए.आई.सी.सी. के पूर्व सचिव पंकज शर्मा ने कहा, भले ही खड़गे अध्यक्ष चुने गए हों, पर राहुल ही कांग्रेस के कर्ताधर्ता बने रहेंगे और पार्टी में सभी नियुक्तियां उन्हीं की मर्जी से होंगी।

जाने के बावजूद, पार्टी को सहज रूप से चलाने का दायित्व राहुल गांधी ही सँभालेंगे।

एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष का चुनाव नहीं कराया। दरअसल, पार्टी के 137 साल के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इन-सर्विस डॉक्टरों को पी.जी. में 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा महाराष्ट्र में

## सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के 20 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय पर सहमति की मोहर लगायी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश को गुरुवार को खारिज करने से इंकार कर दिया जिसमें स्वास्थ्य और जनकल्याण की सेवाओं में पहले से जुड़े अभ्यर्थियों को वर्ष 2022-23 में महाराष्ट्र के पी.जी. मैडिकल पाठ्यक्रमों में 20 प्रतिशत आरक्षण देने की पुष्टि की गई थी।

जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ और जस्टिस हिमा कोहली की एक बैंच ने हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इंकार करते हुए टिप्पणी की कि "हाई कोर्ट का आदेश हमारे हस्तक्षेप के दायरे में नहीं आता है।"

बैंच निपुण तिवारी व अन्य द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें गत 26 सितम्बर के राज्य सरकार के एक प्रस्ताव को चुनौती दी गई थीं। इस प्रस्ताव में महाराष्ट्र में पोस्ट ग्रेजुएट मैडिकल प्रवेश में इन सर्विस अभ्यर्थियों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही गई थी।

याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित सीनियर एडवोकेट आनंद ग्रोवर ने निवेदन किया कि प्रवेश प्रक्रिया शुरु होने के बाद प्रस्ताव जारी किया गया जो सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय का उल्लंघन है। उस निर्णय में कहा गया था कि प्रवेश प्रक्रिया शुरु होने के बाद नियम नहीं बदले जा सकते। उन्होंने यह तर्क भी दिया कि 20 प्रतिशत आरक्षण गैर आनुपातिक है क्योंकि पी.जी. मैडिकल पाठ्यक्रमों की 1416 सीटों में से 286 सीटें इन सर्विस कोटे के लिए उपलब्ध हैं, जबकि सिर्फ 69 जनों ने नीट पी.जी. की परीक्षा दी थी जिसमें से केवल 52 को एडमीशन दिया गया। महाराष्ट्र सरकार के स्थायी अधिवक्ता एडवोकेट अभय धर्माधिकारी ने एडमीशन नियमों में बीच में किसी प्रकार का बदलाव किए जाने से इंकार किया क्योंकि राज्य सरकार के ब्रोशर में स्पष्ट कहा गया है कि इन सर्विस आरक्षण सरकार द्वारा समय-समय पर जारी प्रस्तावों पर निर्भर होगा।

कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि महाराष्ट्र के डिग्री कोर्सेज में वर्ष 2007 तक 30 प्रतिशत तक का इन-सर्विस कोटा का, जिस पर दिनेश सिंह चौहान के केस के बाद आपत्तियां उठी थीं। बाद में एक संविधान बैंच ने पी.जी. पाठ्यक्रमों के लिए इन-सर्विस कोटे का मुद्दा हल किया था। कोर्ट ने 17 अक्टूबर के केन्द्र सरकार के निर्णय पर भी विचार किया। इस निर्णय के तहत नीट पी.जी. के कट ऑफ मार्क्स सभी श्रेणियों में 25 पर्सेन्टाइल तक घटा दिए गए थे क्योंकि इसकी मदद से अतिरिक्त अभ्यर्थी काउन्सैलिंग के अगले राउण्ड्स में भाग लेने के लिए सक्षम हो जाते हैं।

# आंध्र प्रदेश में प्रवेश होते ही 3 किलोमीटर लम्बी भीड़ ने स्वागत किया राहुल का

## कांग्रेस खुद अचंभित थी, इस उत्साहपूर्ण "वैलकम" से

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। कांग्रेस पार्टी के लिये आज विशेष रुप से खुशी का अवसर था, जब पार्टी के पूर्व अध्यक्ष तथा वायनाड सांसद राहुल गांधी कर्नाटक से आंध्र प्रदेश में प्रवेश करते समय संबंधित क्षेत्र के लोग उनके स्वागत में उमड़ पड़े। गौरतलब है कि जब कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश के दो टुकड़े करके, तेलंगाना बना दिया था तो दोनों क्षेत्रों की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया था।

आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती कस्बे अनन्तपुर में, अपने समर्थकों की तीन किमी लम्बी लाइनों को देखकर, कांग्रेस को अपने इस पुराने गढ़ को लेकर निश्चित रूप से कुछ आशाएं जागी होंगी, जहाँ से 2004 तथा 2009- के

- जैसा कि विदित ही है, आंध्र का विभाजन कांग्रेस की सबसे बड़ी भूल थी तथा विभाजित आंध्र में क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस का सफाया कर दिया था।
- पर, इस जोश भरे स्वागत को इस बात का संकेत माना जा रहा है कि, इन तेलुगू भाषी राज्यों में कांग्रेस की पुरानी जड़ें जीवित हैं।
- राहुल गांधी ने भी इस अवसर पर काफी सटीक बातें कहीं, जैसे कांग्रेस अगर वापस आयी तो, वो सभी वादे पूरे करेगी, जो आंध्र को विभाजित करते समय जनता से किये थे तथा केन्द्रीय सरकार ने पूरे नहीं किये।
- पर, यूथ व किसान की भारी भीड़ क्या रंग लाएगी चुनाव में, यह पूर्ण विश्वास से अभी नहीं कहा जा सकता।

लोकसभा चुनावों में कांग्रेस से सर्वाधिक सांसद पहुँचे थे तथा इस क्षेत्र में, कांग्रेस के नेतृत्व में यू.पी.ए. सरकार बनने में अहम् भूमिका निभाई थी।

आंध्र के दो टुकड़े करना कांग्रेस के लिये अब तक की सबसे बड़ी राजनैतिक गलती साबित हुई, क्योंकि इसके कारण वह लोकसभा की उन 30 से अधिक सीटों से हाथ धो बैठीं, जो अब इन दोनों राज्यों के दो क्षेत्रीय दलों के पास जा चुकी है- तेलंगाना राष्ट्र समिति तथा जगन मोहन रेड्डी की अध्यक्षता वाली वाई.एस.आर.सी.पी.। पिता, वाई.एस. आर.रेड्डी की गांधी परिवार में अटूट आस्था थी तथा उन्होंने अकेले के दम पर राज्य को पार्टी को सौंप दिया था।

लेकिन आज, कहानी पूरी तरह भिन्न हो चुकी है। कांग्रेस इन दोनों राज्यों में थोड़ा-बहुत पाने के लिये जी तोड़ कोशिश कर रही है। इन राज्यों में उसके विधायकों की संख्या भी कुछ खास नहीं है। वस्तुतः आंध्र से तो कांग्रेस का पूरी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। -अथर्ववेद

# चुनाव आयोग की अग्नि परीक्षा

दो विधान सभाओं के शीघ्र ही चुनाव होंगे, यह घोषणा चुनाव आयोग कर चुका है। जनरल इलेक्शन भी इन चुनावों के बाद 2020 में होने जा रहे हैं।

कुछ वर्षों से यह आवाज उठती आ रही है कि चुनाव कानूनों में संशोधन होना आवश्यक है। परिस्थितियां बदल रही हैं, लोगों की अपेक्षायें बढ़ रही हैं, मतदान की प्रक्रिया में काफी परिवर्तन हो चुका है। प्रत्येक चुनाव में चुनाव आयोग उम्मीदवारों से शुद्ध आचरण की अपेक्षा करता है, आचार संहिता जारी करता है। मतदान इलेक्ट्रोनिक मशीन से होता है, मतदाता को नाटो के प्रयोग का अधिकार है। चुनाव सभा करने के भी नियम हैं। पेड-न्यूज, राजनैतिक दलों द्वारा आयोजित सभाओं व जुलूस, लाउड स्पीकर के प्रयोग पर अंकुश है तथा उम्मीदवारों को विज्ञापन संबंधी निर्देशनों की पालना करनी होगी। डिजीटलाइजेशन से क्रान्ति आ गई है। राजनैतिक दलों व उम्मीदवारों को चुनाव खर्चों पर ध्यान देना होगा, इस संबंध में आयोग के निर्देशनों की पालना आवश्यक है।

कानून संविधान व मूल कर्त्तव्य ये निर्देशन देते हैं कि उन पर अमल करना मूल कर्त्तव्य है। इनका उद्देश्य है कि लोकतंत्र के चुनाव निष्पक्ष हों, पारदर्शी हों, स्वतंत्र व भयमुक्त हों। मतदाता असमंजस्य की स्थिति में क्या करे? क्या वह दागी व्यक्ति को चुनाव में मत दे? क्या वह अशिक्षित व्यक्ति को अपना अमूल्य मत दे क्योंकि कानून में चुनाव में खडे होने के हेतु शिक्षा योग्यता (Qualification) नहीं है।

क्या वे देश के संविधान में जो नागरिकों के कर्त्तव्य अनुच्छेद 51क में बताये हैं, उनकी पालना करते हैं? जो व्यक्ति नागरिकों के कर्त्तव्य की ही पालना नहीं कर सकता उसको देश के लिये कानून बनाने का कार्य कैसे दिया जा सकता है? जो पढ़ा लिखा नहीं है, स्वयं दागी है उसे कानून बनाने वाला कैसे माना जा सकता है? संविधान का अनुच्छेद 51क कहता है कि देश के नागरिकों का कर्त्तव्य होगा कि वह हिंसा से दूर रहे तथा सार्वजनिक सम्पत्ति की तोडफोड न करे। चुनाव लडने वाले ऐसे भी मिलेंगे या तो वे अशिक्षित हैं, अथवा यों कहें आठवीं कक्षा तक भी नहीं पढ़े हैं तथा एक नहीं अनेक आगजनी की घटनाओं में व सार्वजनिक सम्पत्ति की तोडफोड में लिप्त रहे हैं। पुलिस वेहिकल्स को आग लगाना, रेल की पटरी उखाड़ना तो मामूली सी घटनायें हैं। राजनैतिक दलों को जो मनलुभाने वाले वायदें करते हैं, उनके उम्मीदवार को चुनाव में खडे होने का अधिकार क्यों हो?

संसद व विधानसभा में हंगामा करने वाले सांसद/विधायक को हंगामें के दिन का वेतन नहीं मिलना चाहिये। हेट स्पीच व धार्मिक भावनाओं को उत्तेजित करने वालों को करप्ट प्रेक्टिस का दोषी मानकर उचित दण्ड दिया जाना चाहिये तथा चुनाव याचिका में यह माना जा सकता है कि इससे चुनाव पर विपरीत असर हुआ है।

समय बदल रहा है, प्रक्रियायें बदल रही हैं, अतः समय के अनुसार कानून में संशोधन होना चाहिये। जिस देश में आठवीं कक्षा तक की शिक्षा अनिवार्य व मुफ्त हो वहां बिना पढ़ा लिखा व्यक्ति कानून बनाने वाला हो, यह कैसी हास्यापद स्थिति है। सांसद और विधायकों ने अपने हितों के लिये पेंशन का कानून बनाया है।

संसद व विधान सभाओं में एक बडी संख्या के लोगा चुनाव जीतकर जाते हैं, वे दागी हैं। उदाहरण हेतु यूपी विधानसभा के गत चुनाव के पहले चरण में 615 में से 156 (25 प्रतिशत) प्रत्याशियों के ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। इनमें 20 प्रतिशत प्रत्याशी गम्भीर आपराधिक मामले थे। महिलाओं से संबंधित अपराध घोषित करने वाले 12 लोग हैं। 280 करोड़ पति थे। लगभग ऐसे स्थिति अन्य जगहों पर भी है।

चुनाव आयोग को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 में चुनाव को संचालित करने हेतु अपरिमित अधिकार हैं। ये अधिकार प्रशासनिक, विधायिकी और न्यायिक तीनों ही हैं। चुनाव आयोग के निर्देशन कानून के समान है। चुनाव आयोग उस समय कानून नहीं बना सकता जहां पहले कोई कानून है। चुनाव आयोग चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता जारी करता है। वस्तुतः चुनाव आयोग का कर्त्तव्य है कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र तथा शान्तिपूर्ण सम्पन्न हों और चुनाव में खडे होने वाले तथा राजनैतिक पार्टियां सभी सदआचरण के साथ आचार संहिता व चुनाव कानूनों की पालना करें। चुनाव आयोग को आचार संहिता के माध्यम से राजनैतिक पार्टियां व उम्मीदवारों से निम्नलिखित प्रकार के आचरण की अपेक्षायें है:-

(अ) कोई पार्टी व उम्मीदवार ऐसी कोई कार्यवाही, कृत्य और प्रोग्राम नहीं करेगा जो स्थिति को बिगाड दे और आपसी सदभाव को समाप्त कर घृणा को जन्म दे और जाति, धर्म, भाषायी व साम्पद्रायिकता को तनावपूर्ण बना दे। व्यक्तिगत रूप से किसी उम्मीदवार की आलोचना नहीं करेंगे तथा ऐसे आरोप नहीं लगायेंगे जिनका आधार ही न हो। वे जाति, धर्म, मंदिर, मस्जिद के नाम पर मतदाता से कोई अपील नहीं करेंगे। वे ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे जो चुनाव के कानून के तहत् अपराध हो। वे न तो मतदाता को डरायेंगे, न उन्हें कोई प्रलोभन देंगे। वे प्रचार मतदाता केन्द्र के 100 मीटर की दूरी में नहीं करेंगे। कार्यकर्ता जो परिचय पत्र/पर्ची मतदाता को देंगे उसे प्रचार का साधन नहीं बनायेंगे।

**संसद व विधान सभाओं में एक बडी संख्या के लोगा चुनाव जीतकर जाते हैं, वे दागी हैं। उदाहरण हेतु यूपी विधानसभा के गत चुनाव के पहले चरण में 615 में से 156 (25 प्रतिशत) प्रत्याशियों के ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। इनमें 20 प्रतिशत प्रत्याशी गम्भीर आपराधिक मामले थे। महिलाओं से संबंधित अपराध घोषित करने वाले 12 लोग हैं। 280 करोड़ पति थे। लगभग ऐसे स्थिति अन्य जगहों पर भी है।**

(ब) कोई भी उम्मीदवार व पार्टी एक दूसरे उम्मीदवार की व्यक्तिगत जिन्दगी में नहीं झांकेगा।

(स) प्रस्तावित सभा बिना पुलिस को पूर्व सूचना व अनुमति के नहीं करेंगे और निषेधात्मक आज्ञा की पालना करेंगे।

(द) मतदान के दौरान और उससे पूर्व के 48 घण्टे में किसी को शराब पिलाने के लिये मतदान हेतु प्रलोभन नहीं देंगे।

(य) कोई लोक लुभावन योजनाओं की घोषणा नहीं करेंगे।

(र) राजनैतिक व उम्मीदवार दलों के लिये यह आवश्यक होगा कि वे चुनाव खर्चों पर विशेष ध्यान दें।

(ल) आयोग के निर्देशनों की पालना करना होगा आदि। प्रत्येक चुनाव के समय नई नई आचार संहिता जारी की जा सकती है।

इन परिस्थिति में वर्तमान भ्रष्टाचार व जातिवाद के भूत को भगाने के लिये मतदाता को क्या करना होग, इस पर विचार आवश्यक है। जनता को अपना घोषणा पत्र जारी करना चाहिये कि वे कैसे लोगों को चुनाव में विजयी बनाना चाहते हैं।

मतदान कम होता है। प्रायः देखा गया है कि पढ़े लिखे व धनाड्य व्यक्ति मतदान में भाग नहीं लेते। अतः आवश्यक है कि चुनाव में मतदान करना अनिवार्य होना चाहिये। चुनाव कानून में इस संबंध में संशोधन होना चाहिये।

चुनाव में मीडिया की भूमिका संदिग्ध है। मीडिया चुनाव प्रचार में जोश पैदा करता है। कुछ समय से चुनाव पूर्व मीडिया सर्वेक्षण करा कर मतदाता के रूख को प्रभावित करने का प्रयत्न करते हैं। मीडिया सर्वेक्षण केवल मतदान के बाद ही होना चाहिये। अतः इस संबंध में चुनाव आयोग उचित व प्रभावी आचार संहिता जारी कर सकता है, अथवा चुनाव कानून में यथोचित प्रावधान होने चाहिये। वस्तुतः मतदान से पूर्व सर्वेक्षण मतदाता को भ्रमित करता है और सर्वेक्षण केवल मुट्ठी भर लोगों के विचारों के आधार पर किया जाता है जो उचित नहीं कहा जा सकता।

सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि मतदान संवैधानिक व स्टेचूटरी अधिकार है यह अधिकार गोपनीय है। मतदान का निर्णय कि वह किस प्रकार के उम्मीदवार को अपना मत देना चाहता है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अनुसार मूल अधिकार है। इस अधिकार का आधार संविधान के अनुच्छेद 19(1)(जी) व अनुच्छेद 21 तथा इन्टरनेशनल कॉवेनेन्ट ऑन सिविल व पोलिटिकल राइट्स व यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स से प्रवाहित होता है। एक नया अधिकार सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय से दिया है वह है 'एन ओटीए'। इसे मत पत्र में दर्शाया गया है।

वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव कानून में कई संशोधन की आवश्यकता है। जिस देश के संविधान में शिक्षा के अधिकार को निःशुल्क व अनिवार्य आठवीं कक्षा तक के लिये अनुच्छेद 45 में 10 वर्ष तक की अवधि के लिये माना गया हो वहां बिना पढ़ा लिखा उम्मीदवार नहीं होना चाहिये। अतः कानून में प्रावधान होना चाहिये कि संसद के हेतु खडे होने वाला व्यक्ति कम से कम बीए तथा विधान सभा के हेतु मेट्रिक पास तो होना चहिये।

आज तो बिना पढ़ा लिखा व्यक्ति भी संसद के हेतु खडा हो सकता है। राजस्थान में मंत्री पद पर नियुक्त एक महिला ने अंगूठा लगाकर शपथ ली थी। पंचायत में पंच, सरपंच के हेतु चुनाव में खडा होने के हेतु Qualification का प्रावधान कानून में है, किन्तु आश्चर्य है संविधान के अनुच्छेद 45 की प्रवज्ञा करते हुये सांसद व विधायक का चुनाव लडने वाले प्रत्याशी के लिये कोई Qualification निर्धारित नहीं है।

चुनाव लड़ने वाला इस देश का नागरिक होना चाहिये और नागरिक के कर्त्तव्य जो हैं संविधान के अनुच्छेद 51क में परिभाषित किये हैं उनकी पालना करना चाहिये। संविधान के इस अनुच्छेद में नागरिक के कर्त्तव्य के हेतु यह अपेक्षा की गई है वह हिंसा से दूर रहेगा व सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करेगा तथा महिलाओं का सम्मान करेगा। देश में किसान आंदोलन और आरक्षण हेतु आन्दोलन में हिंसा का तथा सार्वजनिक सम्पत्ति का जिसमें रेल्वे लाइन्स को नुकसान पहुंचाने का कृत्य भी आता है। जो व्यक्ति नागरिक के कर्त्तव्य की पालना नहीं करता है, उसे चुनाव लडने का कोई अधिकार नहीं होना चाहिये। अतः चुनाव कानून में इस हेतु स्पष्ट प्रावधान होना चाहिये कि ऐसे व्यक्ति को चुनाव लडने के हेतु अयोग्य माने।

चुनावों में हेट स्पीच, धर्म विरोधी प्रचार और चुनाव आयोग द्वारा प्रचारित आचार संहिता का खुला उल्लंघन होता है, इन्हें आपराधिक मानकर जुर्माना अथवा सजा का प्रावधान कानून में होना चाहिये और Corrupt Practice की परिभाषा को अधिक प्रभावशाली बनाकर चुनावों को सार्थक बनाया जावे। नये कानून की नई परिस्थिति में संशोधन आवश्यक है। यही समय है चुनाव आयोग की अग्नि परीक्षा का और चुनावों को पारदर्शी, निष्पक्ष व स्वतंत्र बनाने का ताकि लोकतंत्र मजबूत आधार पर खडा हो सके। जहाँ जनता का शासन जनता के हित के लिये हो। ये संशोधन अथवा नया कानून 2023 के जनरल चुनावों के पहले होने चाहियें।

आयोग द्वारा जारी की गई आचार संहिता उम्मीदवार के हेतु बाध्यकारी है, फिर भी कानून द्वारा उन्हें वैध माना जा सकता है। चुनाव आयोग स्वयं रिट दायर कर कोर्ट से निर्देशन ले सकता है केन्द्रीय सरकार को भी निर्देशन दे सकता है कि वह इस हेतु कानून बनाये।

**-अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# शिरीष खरे को स्वयं प्रकाश स्मृति सम्मान

## गद्य कृति "एक देश बारह दुनिया" का सम्मान के लिए चयन

दिल्ली। 20 अक्टूबर 2022. साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत संस्थान 'स्वयं प्रकाश स्मृति न्यास' ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्वयं प्रकाश की स्मृति में दिए जाने वाले वार्षिक सम्मान की घोषणा कर दी है। न्यास के अध्यक्ष प्रो मोहन श्रोत्रिय ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान में इस बार कथेतर विधाओं में रिपोर्ताज़ लिए सुपरिचित लेखक और पत्रकार शिरीष खरे की पुस्तक एक देश बारह दुनिया को दिया जाएगा।



शिरीष खरे

सम्मान के लिए तीन निर्णायक मंडल ने इस पुस्तक को वर्ष 2022 के लिए चयनित करने की अनुशंसा की है। निर्णायक मंडल के वरिष्ठतम सदस्य काशीनाथ सिंह (वाराणसी) ने अपनी संस्तुति में कहा कि युवा लेखक शिरीष खरे का रिपोर्ताज़ लेखन एक साथ वैचारिक और साहित्यिक कसौटियों पर खरा उतरता है। उनकी पुस्तक एक देश बारह दुनिया उस लेखन परम्परा का विकास है जो रांगेय राघव, अमृत राय और स्वयं प्रकाश जैसे लेखकों ने निर्मित की है। यह सामाजिक सरोकारों वाला ऐसा समर्थ गद्य है जो कथेतर लेखन को भी ऊंचाई देने वाला है।

प्रो श्रोत्रिय ने बताया कि मूलतः राजस्थान के अजमेर निवासी स्वयं प्रकाश हिंदी कथा साहित्य के क्षेत्र में मौलिक योगदान के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने ढाई सौ के आस-पास कहानियाँ लिखीं और उनके पांच उपन्यास भी प्रकाशित हुए थे। इनके अतिरिक्त नाटक, रेखाचित्र, संस्मरण, निबंध और बाल साहित्य में भी अपने अवदान के लिए स्वयं प्रकाश को हिंदी संसार में जाना जाता है। उन्हें भारत सरकार की साहित्य अकादेमी सहित देश भर की विभिन्न अकादमियों और संस्थाओं से अनेक पुरस्कार और सम्मान मिले थे। उनके लेखन पर अनेक विश्वविद्यालयों में शोध कार्य हुआ है तथा उनके साहित्य के मूल्यांकन की दृष्टि से अनेक पत्रिकाओं ने विशेषांक भी प्रकाशित किए हैं। 20 जनवरी 1947 को इंदौर में जन्मे स्वयं प्रकाश का निधन कैंसर के कारण 7 दिसम्बर 2019 को हो गया था। लम्बे समय से वे भोपाल में निवास कर रहे थे और यहाँ से निकलने वाली पत्रिकाओं वसुधा तथा चकमक के सम्पादन से भी जुडे रहे।

प्रो श्रोत्रिय ने बताया कि लेखक शिरीष खरे को सम्मान में ग्यारह हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंट किये जाएंगे। इस सम्मान के लिए देश भर से बड़ी संख्या में प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं जिनमें से प्राथमिक चयन के बाद श्रेष्ठ कृतियों को निर्णायकों के पास भेजा गया।

एक देश बारह दुनिया पुस्तक के बारे में जब मुख्यधारा की मीडिया में अदृश्य संकटग्रस्त क्षेत्रों की ज़मीनी सच्चाई वाले रिपोर्ताज लगभग गायब हो गए हैं तब इस पुस्तक का सम्बन्ध एक बड़ी जनसंख्या को छूते देश के इलाकों से है जिसमें शिरीष खरे ने विशेषकर गाँवों की त्रासदी, उम्मीद और उथल-पुथल की परत-दर-परत पड़ताल की है।

यह देश-देहात के मौजूदा और भावी संकटों से संबंधित नया तथा ज़रूरी दस्तावेज़ है।




इक्कीसवीं सदी के मेट्रो-बुलेट ट्रेन के भारत में विभिन्न प्रदेशों के वंचित जनों की ज़िन्दगियों के किस्से एक बिल्कुल दूसरे ही हिन्दुस्तान को पेश करते हैं।

यह भारत की ऐसी तस्वीर है जो छिपाई जाती है, लेकिन जिसे फ्रंट पर

होनी चाहिए। इनका सरोकार उन स्थानों से है जिनके बारे में हो सकता है कि लोगों ने सुना भी हो, लेकिन शायद वे वहाँ पहुँचने से रह गए हों। इसमें उन समुदायों के किस्से हैं जिन्हें कभी विकास, कभी आधुनिकता तो कभी परिवर्तन के नाम पर पहले से अधिक हाशिये पर धकेल दिया गया है। दरअसल, यह एक-दूसरे से बहुत दूर की दुनियाओं में रहने वाले वंचितों के दुख, तकलीफ़, संघर्ष, प्यार, उनकी ख़ुशियों और उम्मीदों का अलग-अलग यथार्थ है जिसे देख लगता है कि क्या यह एक ही देश है!

यहां इस एक देश से कुल बारह रिपोर्ताज़ हैं जो पत्रकारिता के दौरान अलग-अलग वर्षों में विभिन्न राज्यों से खोजी गईं न्यूज़ स्टोरीज़ का नतीज़ा है। यहाँ मैंने उन्हीं सपाट सूचनाओं के सहारे विश्वसनीय विवरणों के साथ गहराई में उतरने और लोगों के अनुभवों का दस्तावेज़ बनाने की कोशिश की है। ऐसा इसलिए कि कई बार किसी आदमी से

जुड़ी कोई घटना के बारे में समाचारों में कुछ नहीं कहा जाता है, लेकिन जिसे कहने की सबसे अधिक ज़रूरत लगने लगती है। इनमें सच्ची कहानियाँ हैं। यहाँ तक कि अधिकांश पात्र और स्थानों के नामों को भी ज्यों का त्यों रखा गया है।

इस दौरान उन्हें महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, बुंदेलखंड और राजस्थान के थार तथा कई जनजातीय अँचलों में स्थानीय लोगों के साथ लंबा समय बिताने का बढ़िया मौका मिला। हर ज़गह समकालीन भारत की बेचैनी और विकट परिस्थितियों को सामूहिक चेतना का हिस्सा नजर आता है। हर एक दुनिया के अधिक से अधिक भीतर तक वहाँ की सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक संकटों की परतों को खोलती हुई दिखती हैं।

**पल्लव,**
**सचिव,**
**स्वयं प्रकाश स्मृति न्यास,**

# भीलवाड़ा के "मुरके" के स्वाद के दीवाने हैं गुजराती और मराठी लोग

- **दिवाली के सिर्फ 20 दिन ही बनती है ये मिठाई, लाखों का कारोबार**

**भीलवाडा,** (निसं)। भीलवाडा जिले में लगी सैकड़ों भट्टियों पर इन दिनों देशी घी से एक खास मिठाई तैयार हो रही है। साल में केवल 20 दिन बनने वाली ये मिठाई दशहरा से दीपावली तक ही बिकती है। डिमांड इतनी होती है कि 1000 दुकानों का माल भी कम पड़ जाता है।

भीलवाड़ा के फेमस मुरके यहां के लोग दीपावली के दिन धन की देवी महालक्ष्मी को भी इसी मिठाई का भोग लगाते हैं। करीब 100 साल से तैयार हो रहे इस जायके के गुजराती से लेकर मराठी लोग भी दीवाने हैं।

नवरात्रि तक भीलवाड़ा में मिठाई के केवल 60-70 दुकानें होती हैं लेकिन दशहरा की शुरुआत होते ही शाम तक अचानक सैकड़ों भट्टियों से देशी घी की महक उठने लगती है। फिर शुरू होता है भीलवाडा के मशहूर मुरके निकालने का सिलसिला । पूरे भीलवाडा में अगले 20 दिनों तक मुरकों का स्वाद लोगों की जुबान पर छाया रहता है।

इस मिठाई को जब कोई बाहरी व्यक्ति पहली बार देखता है तो इसे जलेबी ही दिखती है या फिर इमरती बताने लगता है। लेकिन जब स्वाद लेता है तो समझ आता है कि न तो यह जलेबी है और न ही इमरती। बल्कि मुरके हैं, जो मैदा नहीं, उड़द की दाल से तैयार होते हैं। शहर भर में केवल 20 दिन के लिए इसके हजार से ज्यादा काउंटर लग जाते हैं। हलवाई जानकी लाल सुखवाल बताते हैं कि ये जायका 100 साल से भी ज्यादा पुराना है। जिले में



भीलवाड़ा जिले की प्रसिद्ध मिठाई "मुरका"।

भूरालाल काबरा नाम के हलवाई ने प्रयोग कर इस मिठाई को पहली बार बनाया था। जिले के कोटड़ी क्षेत्र में उडद दाल का उत्पादन काफी होता है। लोग लक्ष्मी पूजन और गोवर्धन पूजन पर इसी मिठाई से ही भोग लगाते हैं। भीलवाडा शहर सहित जिले के मांडल, शाहपुरा, कोटडी, गुलाबपुरा, हमीरगढ कस्बों में भी लोग इस ठिइ दीवाने हैं।

पुश्तैनी मुरके की मिठाई बनाने वाले भैरूलाल पाटनी कहते हैं कि हमारे यहां तीन पीढ़ी से यह मिठाई बनती है । उन्होंने बताया कि अब तक उनको 40 साल हो गए हैं इस मिठाई को बनाते हुए। मिठाई बनाने वाले हलवाई भंवर सिंह ने बताया कि इस मिठाई की सबसे खास बात यह है कि यह उडद की दाल की बनती है और दूसरी मिठाइयों से काफी सस्ती भी होती है। मिठाई खरीदने चित्तौड़ से आए कन्हैयालाल खटीक कहते हैं कि यहां पर मुख्य रूप से मुरके का प्रचलन ज्यादा है क्योंकि भीलवाडा में लक्ष्मी पूजन में मुरके का प्रयोग ज्यादा किया जाता है। भीलवाडा जिले इस मिठाई को बडे चाव से लोग पसंद भी करते हैं और यह स्वाद लोगों की जबान पर भी चढ चुका है।

# दलित कॉलेज शिक्षकों को फिर चिन्हित कर तबादला किया

- **रुक्टा डेमोक्रेटिक ने जताया आक्रोश**
- **आर्ट्स कॉलेज में ट्रांसफर के जरिए लाए गए सभी 8 शिक्षकों में एक भी एससी/एसटी से नहीं**

**जयपुर ,** (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने नियमों की अनदेखी कर जातिगत द्वैषतावश चिन्हित कर कॉलेज शिक्षकों के ट्रांसफर जारी रखने पर आक्रोश जताया है।

रुक्टा डेमोक्रेटिक जातिगत भेदभाव के सख्त खिलाफ है। ट्रांसफर नियमों को नजरंदाज कर , द्वैषतावश एवं बदले की भावना से चिन्हित कर अलवर आर्ट्स कॉलेज से दलित कॉलेज शिक्षकों के तबादले किए जा रहे हैं। खुला भेदभाव हो रहा है। 20 अक्टूबर को जारी की गई नई सूची में भी आर्ट्स कॉलेज से तबादला दलित शिक्षक का ही किया है,जबकि तबादले के लिए शिक्षक तो अन्य वर्ग के भी हैं।

उल्लेख है कि जुलाई में शैक्षिणक सत्र शुरू होने से लेकर 6 अक्तूबर तक किए तबादलों में बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर से ट्रांसफर कर हटाए गए सभी कॉलेज शिक्षक एससी /एसटी वर्ग के हैं। नियमों की अनदेखी कर हटाए गए इन 9 कॉलेज शिक्षकों में 8 एससी एवं एक एसटी वर्ग के हैं।

डॉ रमेश बैरवा को 12 अक्टूबर को एपीओ किया फिर 19 अक्टूबर को निलंबन कर दिया। आर्ट्स कॉलेज में ट्रांसफर के जरिए लाए गए सभी 8 शिक्षकों में एक भी एससी एसटी वर्ग का नहीं है। इन 8 में से 4 तो खुद उच्च शिक्षा मंत्री की जाति के हैं। अर्थात एससी /एसटी वर्ग का एक भी शिक्षक इस कॉलेज में नहीं लाया गया।



रुक्टा, प्रदेश संयोजक डॉ. रमेश बैरवा

## राशिफल शुक्रवार 21 अक्टूबर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, मघा नक्षत्र दिन 12:28 तक, शुक्ल योग सांय 5:46 तक, बालव करण सांय 5:28 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मिथुन, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-तुला, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

कुमार योग सूर्योदय से दिन 12:28 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 12:28 से सूर्योदय तक है। राजयोग सांय 5:23 से सूर्योदय तक है। आज रमा एकादशी व्रत, गोवत्स द्वादसी व्रत पूजा है। आज गुरू गोविन्द सिंह पूण्य दिवस (प्राचीन मत) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:58 तक, लाभ-अमृत 7:58 से 10:47 तक, शुभ 12:11 से 1:36 तक, चर 4:25 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:33, सूर्यास्त 5:50

**मेष**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

**वृष**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**कर्क**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। व्यक्तिगत कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

# रोडवेज सीएमडी ने ए.ए.जी. को हटाने की मांग उठाई

## 103 करोड़ की रिकवरी मामले में रोडवेज की संपत्तियां अटैच कराने में ए.ए.जी. की भूमिका संदिग्ध : संदीप वर्मा

-कार्यालय संवाददाता-

■ रोडवेज सीएमडी ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा कि ''मैसर्स आशापुरा ट्रेड एवं ट्रांसपोर्ट प्रा. लि. की ओर से जो अधिवक्ता शशिकांत सैनी और जयवर्द्धन सिंह शेखावत रोडवेज के खिलाफ केस लड़ रहे हैं, वे दोनों एएजी मेजर आर.पी.सिंह के ''डेजिनेटेड़ एसोसिएट'' हैं।''

**जयपुर।** रोडवेज सीएमडी संदीप वर्मा ने मुख्य सचिव ऊषा शर्मा को पत्र लिखकर मांग उठाई है कि राज्य सरकार के एएजी को तुरंत हटाया जाये। क्योंकि मैसर्स आशापुरा ट्रेड एवं ट्रांसपोर्ट प्रा. लि. के साथ चल रहे रोडवेज विभाग के केस में 103 करोड़ की रिकवरी निकालते हुए वाणिज्यिक कोर्ट ने परिवहन भवन, रोडवेज मुख्यालय तथा सिंधी कैंप की जमीन अटैच करने के आदेश दिये हैं। जबकि परिवहन भवन तो राज्य सरकार की संपत्ति है, रोडवेज विभाग का उस पर कोई अधिकार नहीं है। रोडवेज सीएमडी ने यह पत्र परिवहन मंत्री बृजेन्द्र ओला और परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और आयुक्त को भी यह पत्र भेजा है।

रोडवेज सीएमडी संदीप वर्मा ने कहा कि एएजी की भूमिका इसलिए संदिग्ध है, क्योंकि मैसर्स आशापुरा ट्रेड एवं ट्रांसपोर्ट प्रा. लि. की ओर से जो अधिवक्ता शशिकांत सैनी और जयवर्द्धन सिंह शेखावत केस लड़ रहे हैं, जो कि एएजी के ''डेजिनेटेड़ एसोसिएट'' हैं। रोडवेज की संपत्ति अटैच कराने में एएजी की भूमिका संदिग्ध मानते हुए राज्य सरकार को जांच करनी चाहिए, क्योंकि इससे रोडवेज के वित्तीय हित प्रभावित हुए है। राज्य सरकार के 3 जनवरी 2019 के आदेश में शर्त स्पष्ट है कि एएजी किसी निजी पक्षकार अथवा अर्द्धसरकारी निकायों व निगमों का, जिसमें राजकीय हितों का उनसे विरोध होता हो, ऐसा कोई मामला (ब्रीफ) स्वीकार नहीं कर सकेंगे।

ज्ञात रहे कि वाणिज्यिक मामलों की विशेष अदालत क्रम-4 महानगर द्वितीय ने बुधवार को मैसर्स आशापुरा ट्रेड एवं ट्रांसपोर्ट प्रा.लि. के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए रोडवेज अध्यक्ष के ऑफिस व कुर्सी सहित जिन अन्य संपत्तियों को बेचने और हस्तांतरित करने पर पाबंदी लगाई थी। इन संपत्तियों में रोडवेज का सी-स्कीम स्थित भवन, सिंधी कैंप बस स्टैंड की जमीन व ऑफिस, रोडवेज का लालकोठी स्थित भवन और रोडवेज का परिवहन मार्ग स्थित प्रबंध निदेशक का ऑफिसर व कुर्सी शामिल थे।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने दिल्ली दौरे के दौरान नई दिल्ली में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण, कानून एवं श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव, भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कमल पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की। पूनिया ने सुधांशु त्रिवेदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।

# 13 आई.ए.एस. और दो आई.पी.एस. का तबादला

■ आईएएस पी.रमेश को जयपुर मेट्रो का सीएमडी बनाया, जबकि विश्राम मीणा से जयपुर स्मार्ट सिटी के सीईओ का चार्ज वापस लेकर आईआरएस राजेश कुमार मीणा को सौंपा

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य सरकार ने गुरूवार देर रात आदेश जारी 13 आईएएस और दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है।

आदेशानुसार आईएएस पी.रमेश को जयपुर मेट्रो का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बनाया गया है, जबकि विश्राम मीणा से जयपुर स्मार्ट सिटी के सीईओ का चार्ज वापस ले लिया गया है। यह जिम्मेदारी अब एपीओ चल रहे आईआरएस राजेश कुमार मीणा को दी गई है।

इसके अलावा डॉ.खुशाल यादव को स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी का संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया है। पूजा कुमारी पार्थ को वाणिज्यिक कर विभाग में अतिरिक्त आयुक्त, श्वेता चौहान को जौधपुर की सरदार पटेल यूनिवर्सिटी एवं पुलिस सुरक्षा एवं अपराधिक न्याय का रजिस्ट्रार बनाया गया है। इसी प्रकार कनिष्क कटारिया को कोटा के रामगंज मंडी का उपखंड अधिकारी, राहुल जैन को आबूरोड, सिरोही का उपखंड अधिकारी, सोहन लाल को बूंदी का उपखंड अधिकारी, गुंजन सिंह को श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर का उपखंड अधिकारी, डॉ.धीरज कुमार सिंह को नागौर के खींवसर में उपखंड अधिकारी, सिद्धार्थ पालानीचामी को भरतपुर के उच्चैन का उपखंड अधिकारी, प्रतिभा वर्मा को सीकर के दातारामगढ़ का उपखंड अधिकारी और मृदुल सिंह को अजमेर के ब्यावर का उपखंड अधिकारी बनाया गया है। वहीं एक अन्य आदेश में एपीओ चल रहे आईपीएस हेमन्त प्रियदर्शी को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में अतिरिक्त महानिदेशक तथा हिम्मत अभिलाष टांक को पुलिस मुख्यालय जयपुर में कानून एवं व्यवस्था विभाग का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

# राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड के सदस्यों ने कार्यग्रहण किया



राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष गोपाल सिंह शेखावत ने बोर्ड के नव मनोनीत सदस्यों का स्वागत किया।

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड के नव मनोनीत सदस्य माया सुवालका, के. आर. मेघवाल और चुन्नी लाल कप्तान ने आज गुरुवार को सदस्य पद पर राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड में कार्यग्रहण किया।

बोर्ड अध्यक्ष गोपाल सिंह शेखावत ने सभी नव मनोनीत सदस्यों का स्वागत किया एवं सभी सदस्यों के साथ में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के प्रति सजग एवं हितकारी कदम उठाने की प्रतिबद्धता जाहिर की गई। बोर्ड सचिव प्रकाश सिंह निर्वाण ने वरिष्ठ नागरिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर बोर्ड उपाध्यक्ष राजेश टंडन, सदस्य आत्माराम गोयल, प्रतापसिंह राजपुरोहित, एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी/कार्मिक भी उपस्थित रहें।

# '2023 में राजस्थान की जनता कांग्रेस को उसकी हैसियत दिखा देगी'

■ डॉ. सतीश पूनिया ने किया अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जिनके घर शीशे के हों वो दूसरों के घर पर पत्थर नहीं फेंकते। रही बात हैसियत की, अशोक गहलोत इतिहास से बाहर निकल देश के वर्तमान जनादेश पर नजर डालें। 2023 में राजस्थान की जनता आपको आपकी हैसियत भी दिखा देगी। कुर्सी की असुरक्षा आदमी को कितना विचलित कर देती है। आपके घर का क्या हाल है माननीय? राजस्थान को अपराधों की राजधानी बनाने वाली कांग्रेस पार्टी, राजस्थान को बेरोजगारी में नंबर वन बनाने वाली पार्टी, राजस्थान को दुष्कर्म में नंबर वन, भ्रष्टाचार में नंबर वन, यह कांग्रेस सरकार का राजस्थान मॉडल है।

अपनी विफलतायें छिपाने के लिये भाजपा व केन्द्र पर झूठे आरोप लगाने के बजाय अशोक गहलोत स्वयं की सरकार की हकीकत देखिये कि प्रदेश में बहन-बेटियां कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, यहां तक हिन्दुओं के खिलाफ भी राजस्थान में प्रताड़ना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और आप आंखें मूंदे बैठे हैं।

राजस्थान को शांतिपूर्ण प्रदेश माना जाता है, दुनिया का हर तीसरा पर्यटक जो भारत आता है वह राजस्थान जरूर आता है, जो राजस्थान की आर्थिक तरक्की में योगदान करता है, लेकिन पिछले 4 वर्षों में अशोक गहलोत के शासनकाल में राजस्थान मॉडल कैसा है, 7 लाख 97 हजार यह केस राजस्थान में रजिस्टर्ड हुए, ऐसा फिगर आज तक नहीं था, इसमें नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार जो पिछले साल का जो आंकड़ा है वह राजस्थान की कानून व्यवस्था की पोल खोल देता है, अपने आप में उजागर कर देता है, 6337 रेप केस, देश में नंबर वन, इसका एवरेज है 17 रेप प्रतिदिन, 7 हत्याएं प्रतिदिन। पूरी दुनिया में अशोक गहलोत की सरकार अकेली थी जो कोराना के उस पूरे कोविड-19 के उस चुनौती के बीच में 50 दिन तक बाड़े में बंद रही और उनको अपने डिप्टी चीफ मिनिस्टर को बर्खास्त करना पड़ा, पीसीसी के चीफ को बर्खास्त करना पड़ा, उन पर राजद्रोह के मुकदमे लगाए।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी

## राज्य में गुरूवार को 73 नए संक्रमित मिले हैं

-कार्यालय संवाददाता-

■ राजधानी जयपुर में सर्वाधिक 25 नए मरीज पाए गए हैं।

■ लगातार रिकवरी में कमी आने से एक्टिव केस बढ़कर साढ़े तीन सौ हो गए हैं।

**जयपुर।** प्रदेश में गुरूवार को अन्य दिनों के मुकाबले करोना संक्रमितों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान राज्य में 73 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर साढ़े तीन सौ हो गए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 14 जिलों में 73 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले बुधवार को इन की संख्या 54 रही थी। इधर आज राज्य में सबसे ज्यादा 25 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं।

इसके अलावा अजमेर में 13, कोटा में 8, जोधपुर में 7, उदयपुर में 5, अलवर में 4, सिरोही में 3, सीकर में 2 तथा चित्तौड़गढ़, गंगानगर, झालावाड़, झुंझुनूं, नागौर और पाली में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 7628 जांचें हुई है।

प्रदेश में गुरूवार को भी रिकवरी में कमी आई है। इस दौरान 54 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 350 हो गए हैं। जयपुर में भी केवल 7 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 81 हो गए हैं। प्रदेश में गुरूवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9644 लोगों की मौत हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में गुरूवार को 15 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सर्वाधिक 5 रोगी मानसरोवर में पाए गए हैं। इसके अलावा झालाना डूंगरी व सांगानेर में 3-3, मालवीय नगर में 2 तथा आदर्श नगर, चौड़ा रास्ता, सी-स्कीम, जगतपुरा, झोटवाड़ा, महेश नगर, प्रताप नगर, सांभर, वैशाली नगर और विद्याधर नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 2 मरीज का पता गलत पाया गया है।

# चिकित्सा विभाग में नौ हजार से ज्यादा पदों पर होगी भर्ती

**जयपुर,(कासं)।** प्रदेश में लगभग 1700 चिकित्सकों एवं 8200 चिकित्सकीय स्टाफ के पदों पर शीघ्र भर्ती होगी। चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने गुरुवार को सचिवालय में आयोजित विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पदोन्निति से रिक्त होने वाली लगभग 600 चिकित्साधिकारियों के पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग से स्वीकृति प्राप्त करके जल्द भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में स्वीकृत चिकित्सा अधिकारियों के 840 पदों की भर्ती के लिए आरयूएचएस द्वारा विज्ञापन जारी कर दिया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि वित्त विभाग को भेजे गये अन्य 330 चिकित्साधिकारियों की भर्ती स्वीकृति शीघ्र जारी करवाकर भर्ती प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए। इसके अलावा चिकित्सा मंत्री ने नर्सिंग आफिसर के 3200, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 1200, फार्मासिस्ट के 2000, लैब टेक्नीशियन के 1000 एवं सहायक रेडियोग्राफर के पदों पर भी शीघ्र भर्ती करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक सुधीर शर्मा को रिक्त संविदा आधारित 9500 पदों को शीघ्र भरने के भीनिर्देश दिए। उन्होंने जनता क्लिनिक खोलने की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए कि आगामी एक माह में सभी भर्तियां पूरी करके सभी जनता क्लिनिक शुरू करवाये जाए। इसी के साथ चिकित्सा संस्थानों के सिविल कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी उन्होंने निर्देश दिए। इस दौरान शुद्ध के लिए युद्ध अभियान की समीक्षा करते हुए चिकित्सा मंत्री ने निर्देश दिए कि मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

## दो हजार से ज्यादा डॉक्टर्स को पदोन्नति

**जयपुर।** चिकित्सा निदेशक के 3 पदों सहित 2359 डॉक्टर्स को दीपावली पर पदोन्नित की सौगात मिली है। इसके साथ ही 3 नर्सिंग अधीक्षकों को जिला मुख्य नर्सिंग अधीक्षक के पद पर, 3 औषधि नियंत्रण अधिकारियों को सहायक औषधि नियंत्रक पद पर व 1 सहायक औषधि विश्लेषक को औषधी विश्लेषक के पर पदोन्नित की सौगात मिलेंगी।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया माताजी **श्रीमती पिस्ता देवी अग्रवाल** धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री फतेहचंद गुप्ता का देवलोकगमन दिनांक 18-10-2022 को हो गया। तीये की बैठक 21-10-2022 शुक्रवार को सांयकाल 3 से 4 बजे तक, आदर्श विद्या मंदिर, अम्बाबाडी, जयपुर में होगी।
**शोकाकुलः** प्रवीण गुप्ता (पुत्र), अरुण- गरिमा (पुत्र-पुत्रवधू), सुनीता-कमल जी गुप्ता, अनीता-सुधीर जी गोयल (पुत्री-दामाद), अनन्या (पौत्री), आर्शिमा (दौहित्री), अर्पित, स्पर्श (दौहित्र) समस्त मंगल परिवार
मोबाइल 8741910777, प्रतिष्ठान- हनुमंत डिस्ट्रीब्यूटर्स, अग्रसेन टावर, सेंट्रल स्पाइन, विद्याधर नगर, जयपुर

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति आबादी भूखण्ड पट्टा नम्बर 412, ग्राम पंचायत मलिकपुर, पंचायत समिति खण्डेला, जिला सीकर, राज., कुल क्षेत्रफल 101.11 वर्गगज है। उक्त सम्पत्ति सरदारमल को ग्राम पंचायत मलिकपुर, पंचायत समिति खण्डेला, जिला सीकर, राज., द्वारा आवासीय भूमि का पट्टा नम्बर 412 दिनांक 20.09.2019 द्वारा प्राप्त हुई। सरदारमल के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारियों में उनकी पत्नी श्रीमती विद्या देवी, पुत्रियां पिंकी कुमारी वर्मा, पूजा वर्मा, पुत्र राहुल कुमार वर्मा व मनीष कुमार वर्मा संयुक्त रूप से मालिक, स्वामी एवं अधिकारी काबिज हुये एवं इन्होंने उक्त सम्पत्ति में निहित अपने अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 27.09.2022 द्वारा राहुल कुमार वर्मा व मनीष कुमार वर्मा के हक में त्याग कर दिया। इस प्रकार उक्त सम्पत्ति सम्पूर्ण के राहुल कुमार वर्मा व मनीष कुमार वर्मा संयुक्त रूप से विधिक रूप से एक मात्र मालिक, स्वामी, अधिकारी काबिज हुए। अब राहुल कुमार वर्मा व मनीष कुमार वर्मा उक्त सम्पति संपूर्ण पर मेरी अभिभाष्य द्वितीय संस्था Rapid Investments Ltd. से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखत में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी। दिनांक-19.10.22
ऋषिकेश महर्षि, एडवोकेट (एस.आर.एम. पार्टनर)
पता-82, एवरेस्ट विहार, किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर, राज.

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या प्रेमलता शर्मा पत्नी स्व. श्री कमलेश कुमार शर्मा निवासी-बी-48, गायत्री ग्रीन सिटी, जामडोली आगरा रोड, जयपुर राजस्थान का पुत्र कार्तिकेय शर्मा उर्फ शानू व पुत्रवधु पूनम शर्मा मेरी अभिभाष्या के साथ बदसलूकी करते है तथा मेरी अभिभाष्या का कहना नही मानते है जिस कारण मेरी अभिभाष्या अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से मेरी अभिभाष्या के पुत्र व पुत्रवधु कार्तिकेय शर्मा उर्फ शानू, पूनम शर्मा को बेदखल करती है। अब कार्तिकेय शर्मा उर्फ शानू, पूनम शर्मा का मेरी अभिभाष्या की समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से किसी प्रकार का कोई संबंध व सरोकार नही रहा है यदि कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।
जयपुर। (गणेश बूसर) एडवोकेट
दिनांक मो. 9782928868

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य प्रशान्त कुमार पुत्र श्री महेन्द्र कुमार जैन निवासी प्लाट नं. ए-45ए, आजाद नगर, सांगानेर, जयपुर का मेरे अभिभाष्य ने दिनांक 12-07-2022 को प्लाट नं. सी-83 न्याय वाटिका ग्राम बीलवा के जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र किया था। जिसका सांगानेर उप पंजीयक द्वितीय से रजिस्टर्ड करवाकर अपने निवास पर जा रहा था तब असल दस्तावेजो में से (1) स्टाम्प संख्या 819515 राशि 20,000/- रूपये, (2) स्टाम्प संख्या E107115 राशि 1,000/-रूपये, (3) स्टाम्प संख्या E107116 राशि 1,000/-रूपये, (4) स्टाम्प नं. Z545218 राशि 100/-रूपये, (5) स्टाम्प नं. Z545219 राशि 100/-रूपये जिन पर जे.डी.ए. की सील लगी हुई है तथा जोन आयुक्त (जोन-14) जे.डी.ए. व उप पंजीयक सांगानेर द्वितीय की शील व हस्ताक्षर है। जो फोटो कॉपी करवाकर पंजीयक कार्यालय में जा रहा था जो सांगानेर तहसील के आसपास कही पर गिर गये जो काफी तलाश करने पर भी नही मिले। यदि किसी भी व्यक्ति के उक्त दस्तावेज प्राप्त हो तो मुझे व मेरे अभिभाष्य के लौटा देवे। (एम.एस.राजावत) एडवोकेट
दिनांक मो. 9549547733

**राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर**
क्रमांक:- DHC-II/1920 जाहिर आम सूचना दिनांक: 20/10/22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 72/260-ए मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 61.00 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री प्रकाश चन्द्र मोदी पुत्र स्व. श्री बाबू लाल मोदी को किया गया था जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 447 दिनांक 18.04.2000 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 18.04.2000 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1077 दिनांक 23.05.2000 के द्वारा श्री प्रकाश चन्द्र मोदी के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 05.02.2001 को करवाया गया। श्री प्रकाश चन्द्र मोदी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री चेतलाल प्रजापति पुत्र श्री बैजनाथ प्रजापति को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर में दिनांक 12.11.2007 को करवाया गया। श्री चेतलाल प्रजापति के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री राकेश कुमार जैन पुत्र श्री ऋषभ कुमार जैन को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 17.03.2010 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री राकेश कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 19.12.2016 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती मधुलिका जैन पत्नी स्व. श्री राकेश कुमार जैन ने मृत्यु पश्चात् नाम एवं लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्रीमती मधुलिका जैन पत्नी स्व. श्री राकेश कुमार जैन के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम एवं लीजडीड हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति / आवेदक श्रीमती मधुलिका जैन पत्नी स्व. श्री राकेश कुमार जैन के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत द्वितीय, जयपुर

**खोया पाया**
खसरा नम्बर 229 ग्राम भोजपुरा लाल कोठी दुर्गा देवी अग्रवाल का मूल जेडीए पट्टा, साईट प्लान व स्टाम्प कहीं खो गए है। मिलने पर सूचित करें। राजेश अग्रवाल-9664498548

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-**3/746** मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल **30.00** वर्ग मीटर का आवंटन श्री लक्ष्मी चन्द सर्राफ पुत्र श्री गोविन्द राम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 10011 दिनांक 27.02.1982 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 31.01.1983 को प्राप्त कर लिया गया। श्री लक्ष्मी चन्द सर्राफ की मृत्यु दिनांक 30.03.2018 को हो जाने के कारण श्री नरेश कुमार पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीचन्द के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र (रजिस्टर्ड) एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्री नरेश कुमार पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीचन्द** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**NAME CHANGE**
I have changed my name after marriage from Sweety Tekwani to Riya Janiani D/o Ishwar Tekwani R/o K-11-A, Income Tax Colony, Durgapura, Tonk Road Jaipur for all future purpose.

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1893 दिनांक-17.10.2022
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 5/296 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 114.75 वर्गमीटर का आवंटन डॉ. कैलाश भिण्डा पुत्र श्री तुलसी राम भिण्डा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3960 दिनांक 14.12.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.07.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 540 दिनांक 29.12.1994 के द्वारा श्रीमती कौशल्या देवी पत्नी श्री पुरूषोत्तम दास ढागा के नाम से नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 31.12.1994 को करवाया गया। श्रीमती कौशल्या देवी की मृत्यु हो जाने के उपरान्त इनका पुत्र श्री प्रमोद कुमार ढागा पुत्र श्री पुरूषोत्तम दास ढागा पंजीकृत हकत्याग के आधार पर उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री कमल कुमार सिंघवी पुत्र श्री कुशल राज सिंघवी एवं श्री गौरव सिंघवी पुत्र श्री कमल कुमार सिंघवी को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 14.12.2006 को करवाया गया। श्री कमल कुमार सिंघवी पुत्र श्री कुशल राज सिंघवी एवं श्री गौरव सिंघवी पुत्र श्री कमल कुमार सिंघवी ने लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्री कमल कुमार सिंघवी पुत्र श्री कुशल राज सिंघवी एवं श्री गौरव सिंघवी पुत्र श्री कमल कुमार सिंघवी के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का लीजडीड हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री कमल कुमार सिंघवी एवं श्री गौरव सिंघवी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-1, जयपुर महानगर प्रथम
मनोज कुमार सिंह विरूद्ध विनोद गिल
वाद-598/2018
प्रार्थना-पत्र संख्या-RESTO-APPLICATION CMC 45/2022
नाम विनोद गिल पुत्र प्रभु राम गिल जाति जाट पता-म.नं. 98-ए, नित्यानंद नगर, क्वींस रोड, वैशाली नगर, जयपुर मो.-9461624199
उक्त वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि....
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 05 माह 11 सन् 2022 को 10.00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज ता. 20 माह 10 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-1, जयपुर महानगर प्रथम

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

**सिटी पार्क लोकार्पण**

21 अक्टूबर, 2022 • सायं 5.00 बजे • मध्यम मार्ग, मानसरोवर, जयपुर



श्री अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान

द्वारा
**श्री अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री, राजस्थान
अध्यक्षता
**श्री शान्ति कुमार धारीवाल**
मंत्री, स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान

- प्रदेश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज (213 फीट)
- 3.5 कि.मी. लम्बा, 20 फीट चौड़ा जॉगिंग ट्रैक
- रॉक फाउन्टेन युक्त मनोरम लोअर लेक
- आकर्षक लाइटिंग एवं मधुर संगीत
- भव्य एन्ट्री प्लाजा
- 32 प्रजातियों के सघन वृक्ष
- एक्ज़ोटिक पौधे एवं सजीव स्कल्पचर्स
- बॉटनिकल गार्डन



राजस्थान संवाद

इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण https://www.facebook.com/AshokGehlot.Rajasthan और https://www.youtube.com/user/GehlotAshok पर किया जाएगा।

राजस्थान आवासन मण्डल

# जनता से डर कर मंत्री सुभाष गर्ग ने रात्रि में निरीक्षण किया : मनुदेव सिनसिनी

## भरतपुर में 30 दिन से चल रही सफाईकर्मियों की हड़ताल

**भरतपुर, (निसं )।** मंत्री सुभाष गर्ग के रात्रि में भरतपुर शहर का निरीक्षण करने पर गुरूवार को भारतीय खाद्य निगम के सलाहकार मनुदेव सिनसिनी ने कहा कि मंत्री गर्ग ने जनता, व्यापारियों व सफाईकर्मियों के सवाल जवाब व मांगों से बचने के लिए रात्रि में भ्रमण किया। एक जनप्रतिनिधि का जनता से दूर रहना व डरना यह दर्शाता है कि उन्हें जनता की फिक्र नही। लोकतंत्र में यह अवश्यम्भावी है कि हर व्यक्ति अपनी बात को रख सके और उसकी समस्या पर सहानुभूतीपूर्ण वार्ता कर हल निकाला जाये लेकिन पिछले 30 दिन से चल रही सफाईकर्मियों की हड़ताल उपेक्षित रवैया अपनाया जा रहा है । वाल्मीकि समाज व भरतपुर की जनता को राहत देने के लिए हल निकालना चाहिए।

मंत्री सुभाष गर्ग ना जाने क्यों नगर निगम की समस्या से भाग रहे हैं । न्यायपालिका द्वारा सफाईकर्मियों को आंदोलन व धरना प्रदर्शन नही करने के लिए पाबंद करना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। यह भी देखने योग्य बात है कि न्यायपालिका को प्रभावशाली व्यक्तियों के प्रभाव में ना आकर मानवीय व लोकतांत्रिक पहलू को ध्यान में रखना चहिए। मंत्री सुभाष गर्ग को यह बताना चाहिए कि वह जनविरोधी नीतियों को लागू करने वाली कंपनी और व्यक्तियों के पक्ष में क्यों हैं। जनता से सामना दिन में क्यों नही करते। मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग का सफाई कंपनी से ऐसा क्या लगाव है कि जनता व सफाईकर्मियों का नुकसान कर रहे हैं।



व्यापारियों व सफाईकर्मियों के सवालों से बचने के लिए मंत्री गर्ग ने रात में शहर का निरीक्षण किया।

# पुनः स्थानान्तरण पर हाई कोर्ट की रोक

## रिट याचिका के लम्बित रहते हुए किया गया था पुनः तबादला

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ के न्यायाधीश अरूण भंसाली ने क्षेत्रिय वन अधिकारी प्रथम के पद पर कार्यरत चन्द्रजीत सिंह पंवार की रिट याचिका को अतंरिम रूप से स्वीकार करते हुए उसके स्थानान्तरण आदेश 28 सितम्बर 2022 पर अंतरिम रोक लगा दी है।

चन्द्रजीत सिंह वर्तमान में रेंज आतरी उप वन संरक्षक डूंगरपुर में क्षेत्रिय वन अधिकारी प्रथम के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी का स्थानान्तरण रेंज अजमेर से रेंज आतरी, उप वन संरक्षक डूंगरपुर 25 जून, 2022 को हुआ। प्रार्थी ने 12 जुलाई 2022 को रेंज आतरी उप वन सरंक्षक के कार्यालय में कार्यग्रहण कर लिया था।

विभाग के आदेश दिनांक 18 जुलाई 2022 से प्रार्थी को रेंज अजमेर से रेंज आतरी डूंगरपुर के लिये "स्थानान्तरणधीन" बताते हुए रेंज रावतभाटा, उप वन संरक्षक परियोजना बैंगू स्थानान्तरण कर दिया गया। विभाग के इस कृत्य से व्यथित होकर प्रार्थी ने अपने स्थानान्तरण आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। उच्च न्यायालय ने प्रार्थी के स्थानान्तरण आदेश पर 28 जुलाई 2022 को स्थगन आदेश पारित करते हुये विभाग से जवाब तलब किया।

विभाग द्वारा प्रार्थी के पूर्व स्थानान्तरण आदेश पर स्थगन के बावजूद भी 28 सितम्बर 2022 को पनः रेंज आतरी उप वन संरक्षक डूंगरपुर से रेंज रावतभाटा उप वन संरक्षक चितौडगढ़ स्थानान्तरण कर दिया गया। विभाग के इस कृत्य से व्यथित होकर प्रार्थी ने अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से पूनः स्थानान्तरण आदेश को चुनौती दी।

प्रार्थी के अधिवक्ता का उच्च न्यायालय के समक्ष यह तर्क था कि प्रार्थी का पूर्व में दिनांक 18 जुलाई 2022 को स्थानान्तरण किया गया था उस पर उच्च न्यायालय ने दिनांक 28 जुलाई 2022 को रोक लगा दी थी तथा वह रिट याचिका वर्तमान में उच्च न्यायालय में लम्बित है व विभाग को इसकी जानकारी पूर्ण रूप से थी इसके बावजूद भी विभाग द्वारा बिना किसी मस्तिष्क का प्रयोग किये विवादास्प्रद आदेश से पुनः दिनांक 28 सितम्बर 2022 को प्रार्थी का स्थानान्तरण कर दिया गया है। जो विधि विरूद्व व उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश 28 जुलाई 2022 के विरूद्व है।

माननीय उच्च न्यायालय ने प्रार्थी के अधिवक्ता के तर्क से सहमत होते हुए सचिव, वन विभाग, प्रधान मुख्य वन सरंक्षक, डूंगरपुर को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब तलब किया व साथ ही प्रार्थी के 28 सितम्बर 2022 के स्थानान्तरण आदेश पर रोक लगा दी है।

# ऑनलाइन खरीददारी के चलते बाजारों से भीड़ गायब



ग्राहकों के इंतजार में खाली पड़ा फुलेरा का बाजार।

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा कस्बे के बाजारों में दीपावली के त्यौहारी सीजन के बावजूद भी भीड़ गायब है। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों पूर्व बाजारों में ग्राहकों की भीड़ लग जाती थी परन्तु धीरे-धीरे कम होते होते अब तो मानो की बाजार से ग्राहकों की भीड़ गायब ही हो गई। इसका मुख्य कारण है कोरोना काल व ऑनलाइन खरीददारी हैं। बड़े ब्रांडों वाली कंपनियों ने ई-कॉमर्स कम्पनियों को माल सप्लाई कर ग्राहकों को होम डिलीवरी करना शुरू कर दी है। ग्राहकों को ऑन-लाइन खरीदारी के दुष्परिणाम समझ में आने लगे हैं।

ई-कॉमर्स कंपनियां प्रोजेक्ट की एमआरपी को बढ़ा चढ़ा कर बताती है। फिर इस पर डिस्काउंट देकर ग्राहकों को लुभाती है। अधिकतर ऑन-लाइन खरीददारी में खराब प्रोडक्ट को वापस करने का विकल्प भी नहीं होता। फिर भी ग्राहक ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन खरीददारी करने में ही विश्वास करते हैं।

# बाघ की पहचान अब एसटी-29 के रूप में होगी

**अलवर, (निसं)।** रणथम्भौर टाईगर रिजर्व से लाए गए नर बाघ टी-113 की पहचान अब एसटी-29 के रूप में होगी जिसको सरिस्का टाईगर रिजर्व के पानीढाल व लॉज ग्राम के वन क्षेत्र में एक नया एनक्लोजर बनाकर सॉफ्ट रिलिज हेतु रखा गया है।

एनटीसी द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार क्षेत्र निदेशक आर.एन मीना, उप वन संरक्षक सरिस्का डी.पी जागावत, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. दीनदयाल मीणा एवं फील्ड बायोलोजिस्ट गोकुल कन्नन एवं अन्य वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में बाघ एसटी-29 के स्वास्थ्य एवं उसके मूवमेंट की स्थिति सामान्य देखी गई।

बाघ परियोजना सरिस्का के उप वन संरक्षक डी.पी जागावत ने बताया कि यह नर बाघ एसटी-29 सरिस्का टाईगर रिजर्व के उत्तरी भाग में तीन बाघिनों यथा एसटी-10, एसटी-12 एवं एसटी-22 वाले वन क्षेत्र में सॉफ्ट रिलीज किया गया है।

# तीन स्कूली छात्र रहस्यमयी तरीके से लापता

## बुधवार शाम करीब चार बजे गोपालपुरा रोड पर आखिरी बार नजर आए थे

**कोटपूतली, (कासं)।** कोटपूतली शहर में गोपालपुरा रोड से बुधवार शाम 4 बजे तीन मासूम बच्चे रहस्यमयी तरीके से लापता हो गए। पुलिस ने बच्चों को ढूंढने के बजाय शिकायत करने पहुंचे परिजनों को ही टरका दिया। अब 28 घंटे बीतने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है। बताया जा रहा है कि दो बच्चों की उम्र 13 वर्ष तथा एक बच्चे की उम्र करीब 11 वर्ष है। परिजनों ने अपने रिश्तेदारों और परिचितों को फोन भी लगाया, लेकिन कहीं पर कोई सुराग नहीं लगा।

परिजनों के मुताबिक 13 वर्षीय रक्षक व संतोष ग्राम मोलाहेड़ा से किसी कार्यक्रम में शरीक होने के बाद कोटपूतली के लिए निकले थे। जबकि 11 वर्षीय नवीन गोपालपुरा का निवासी है। तीनों बच्चे गोपालपुरा रोड स्थित एक निजी स्कूल में छठवीं कक्षा में पढ़ते है। तीनों को गोपालपुरा रोड पर एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में तीनों बच्चे दिखाई दे रहे हैं, लेकिन स्थिति स्पष्ट नहीं है कि तीनों बच्चे आपसी रजामंदी से कहीं पर गए हैं या किसी अनहोनी का शिकार हुए है। परिजनों का आरोप है कि बुधवार शाम 4 बजे की घटना के बाद भी पुलिस-प्रशासन हरकत में नहीं आया, नहीं तो बच्चों का पता लग सकता था। तीनों बच्चों के लापता होने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। उधर जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल का कहना है कि तीनों बच्चों के लापता होने के बाद पुलिस ने गुरूवार को मामला दर्ज कर लिया है। आसपास के इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, एक जगह पर कैमरे में बच्चे नजर आए है, फिलहाल बच्चों का कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस की टीमें उन्हें तलाशन में जुटी है।



संतोष



नवीन सैन



रक्षक

■ **पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बजाय परिजनों को थाने से टरकाया, 28 घंटे बाद तलाश शुरू की**

# कोर्ट में नौकरी लगाने के नाम पर दस लाख रुपये की ठगी

■ **बेरोजगारों को न्याय विभाग राजस्थान में चतुर्थ श्रेणी के पद पर लगाने के लिए ली रिश्वत**

■ **सौ रुपए के खाली स्टाम्प पर हस्ताक्षर भी करवाए**

**भुसावर, (निसं) ।** थाना भुसावर क्षेत्र के गांव सुहारी निवासी एक बेरोजगार युवक ने थाना भुसावर पहुंचकर पुलिस को उसके साथ कुछ लोगों द्वारा नौकरी लगवाने के नाम पर की गई ठगी के बारे में अवगत करवाया । थाना पहुंचे गांव सुहारी निवासी सोनू जाटव पुत्र देवीसिंह जाटव ने बताया कि वह और उसकी बुआ का लडका बयाना थाना के गांव बरखेडा निवासी पिन्टू कुमार पुत्र भौंदूराम जाटव शिक्षित बेरोजगार युवक हैं।

18 फरवरी 2022 को थाना भुसावर निवासी रामवीर अपने साथ थाना बालघाट टोडाभीम के गांव नयागांव देवलेन निवासी रोहित पुत्र धर्म सिंह गुर्जर के साथ घर आया। जिसने दोनों बेरोजगारों को न्याय विभाग राजस्थान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दिलवाने के नाम पर पांच-पांच लाख रूपये देने की बात कही। जिनकी बातों पर भरोसा कर राजी हो गये और उन्हें दिनांक 27 फरवरी 2022 को सात लाख रूपये दे दिये। वहीं उनके कहे अनुसार सौ सौ रूपया के खाली स्टाम्प पर हस्ताक्षर करके अपने शैक्षणिक दस्तावेजों की प्रति भी दे दी। दिनांक 10 मार्च 2022 को रोहित ने फोन करके नियुक्ति आदेश आने की बात कही और फर्जी नियुक्ति आदेश थमा दिये और कहा कि पिन्टू की नियुक्ति एडीजे सांगानेर जयपुर और सोनू की नियुक्ति एसीजेएम निवाई टोंक दिलाई है। उसके बाद अगले दिन फोन करके बाकी राशि डलवाने की बात कही और कहा कि तभी दस्तावेज बेरीफिकेशन होगा जिसके बाद शेष राशि तीन लाख रूपये रोहित को दे दिये और रोहित हमें कार में बैठाकर जयपुर हाईकोर्ट ले गया जहां अगले सप्ताह बेरिफिकेशन होने की बात कही।

पीड़ित ने बताया कि दिनांक 18 अप्रेल 2022 को जयपुर हाईकोर्ट में फर्जी तरीके से एक उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर भी करवाये और नौकरी चालू होने की बात कही। ऐसे ही निवाई कोर्ट ले जाकर हस्ताक्षर करवाये। जब कोई मैसेज नही आया तो पूछने पर रोहित ने भर्ती रद्द होने की बात कही। जिस पर उससे दस लाख रूपये वापिस मांगे तो वह टालम टोल करता रहा। जब गांव के लोगों के साथ देवलेन पहुंचे तो उसने एसबीआई बैंक का चैक पीड़ित के पिता देवीसिंह के नाम दिया और 1 सितम्बर के बाद लगाने की बात कही। पिता देवीसिंह का देहान्त होने कारण जब उनसे दूसरा चैक देने या फिर नगद देने के लिए कहा तो उसने इंकार कर दिया और धमकी देकर चला गया।

# गैस रीफिलिंग के करते व्यापारी को दबोचा

**हिण्डौन सिटी, (निस)।** कलेक्टर के निर्देश पर शाम 6:00 बजे करीब रसद विभाग के तीन प्रवर्तन अधिकारियों की टीम ने नई मंडी थाना के पास एक टेंट हाउस पर रसोई गैस की अवैध रीफिलिंग करने के मामले में छापे की कार्रवाई करते हुए गैस रिफलिंग की मशीन तीन सिलेंडर जब्त किये ।

उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार हरसोलिया ने बताया कि कलेक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देश पर रसद विभाग की प्रवर्तन अधिकारी सुनीता मीणा, हरवेद्र शर्मा नादौती, पवन कुमार करौली की टीम के साथ छापे की कार्रवाई की। जहां रसोई गैस की अवैध रीफिलिंग की जा रही थी। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी हरसोलिया व रसद विभाग की टीम ने अवैध रिफिलिंग के लिए काम में ली जा रही एक मशीन को जप्त करते हुए तीन व सिलेंडर जप्त किए हैं। एसडीएम हरसोलिया ने बताया है कि अवैध रिफिलिंग करने वाले दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट कलेक्टर को भेजी है।

उन्होंने बताया है कि रसोई गैस की अवैध रीफिलिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। किराये के मकान में रहने वाले निम्न आय वर्ग के लोग पांच किलो और दो किलो के छोटे गैस सिलेंडर का इस्तेमाल खाना बनाने के लिए करते हैं। अवैध रीफिलिंग करने वाले 100 से 200 रुपये अधिक कीमत पर गैस कंपनियों के वेंडरों से सिलेंडर खरीदता है।

# नकली डीएपी की फैक्ट्री का भंडाफोड़

■ **297 नकली खाद के कट्टे मिले**

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले के नोहर में नामी कम्पनियों के नाम से नकली डीएपी तैयार करने के बड़े मामले का खुलासा हुआ है। कस्बे के वार्ड नं. एक स्थित एक मकान से भारी मात्रा में नकली डीएपी के कट्टे बरामद किए गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस और कृषि विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इस संबंध में कृषि अधिकारी सुरेन्द्र कुमार जाखड़ द्वारा नोहर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है । कृषि अधिकारियों ने मौके पर नकली डीएपी तैयार करने के लिये सुपर फास्फेट और प्लेट्स भी भारी मात्रा में बरामद की हैं

मौके पर से डीएपी की नामी कम्पनी उतम डीएपी और आईपीएल के भारी मात्रा में खाली कट्टे भी मिले हैं। इसके अलावा इन कम्पनियों के तैयार किये गए नकली थैलों में भारी मात्रा में तैयार कि गई नकली डीएपी मिली हैं। मौके पर से 753 सनपोटॉस और सिंगल सुपर फास्ट के खाली कट्टों के अलावा करीब 297 नकली डीएपी के तैयार किए हुए भरे हुए कट्टे मिले हैं। मकान से कट्टों को तोलने के दो इलैक्ट्रोनिक्स कांटे भी बरामद हुए हैं। इसके अलावा मौके पर से दो बाल्टियों में भरा हुआ काला रंग भी बरामद हुआ हैं। काला रंग मिट्टी की गोलियों के ऊपर चढ़ाया जाता था। ये मिट्टी की गोलिया नकली डीएपी तैयार करने में प्रयुक्त कि जाती हैं। नकली डीएपी का कट्टा 450 से 500 में तैयार हो जाता हैं। यही नकली डीएपी बाजार में नामी कम्पनियों के कट्टो में डालकर 1300 से 1400 रुपये में बेची जा रही थी।

# मिलावटी मिल्क केक जप्त

**जयपुर/अलवर, (निसं)।** सीआईडी क्राइम ब्रांच राजस्थान की टीम ने अलवर जिले के थाना सदर क्षेत्र में हरियाणा नंबर की एक बोलेरो कैंपर गाड़ी की तलाशी में 400 किलो मिलावटी मिल्क केक बरामद किया है। मौके पर बुलाए गए खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मिलावटी मिल्क केक को सैंपल लेकर जप्त कर लिया गया है। एडीजी क्राइम डॉ. रविप्रकाश मेहरडा ने बताया कि मिलावटी मिल्क केक सप्लाई होने के बारे में मुखबिर से मिली सूचना पर हरियाणा नंबर की एक संदिग्ध बोलेरो गाड़ी को रोका। गाड़ी में रखे कार्टूनों में कुल 400 किलो मिल्क केक मिला । गाड़ी में सत्तार व खालिद नाम के दो व्यक्ति बैठे थे। जिन्होंने पूछताछ में उक्त माल खातीवाड़ा स्थित अशोक स्वीट के मालिक अशोक खेमाडी से लाना बताया। अशोक के कहने पर वे अलवर शहर में बताए गए स्थान पर मिल्क केक सप्लाई करते हैं।

# आसाराम मामले में वीसी से सुनवाई हुई

**जोधपुर, (कास)।** अपने ही गुरूकुल की नाबालिग छात्रा से यौन शोषण के आरोपी रहे आसाराम के प्रकरण मैडिकल के फर्जी सर्टिफिकेट को लेकर आज वीसी माध्यम से सुनवाई हुई। सुनवाई जोधपुर के सीजेएम मेट्रो कोर्ट में सुनवाई हुई। चार्ज बहस में आसाराम की तरफ से कहा गया कि उनकी कभी मुख्य आरोपी रवि रॉय से मुलाकात नहीं हुई। न ही उन्होंने उसे जमानत याचिका दायर करने को अधिकृत किया।

रवि ने अपने स्तर पर ही जमानत याचिका दायर की। ऐसे में इस जमानत याचिका को दायर करने मेरी किसी स्तर पर कोई भूमिका नहीं रही। करीब 45 मिनट तक चली सुनवाई के दौरान आसाराम जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़ा रहा। आसाराम के पैरोकार रवि रॉय वगे ने आसाराम को जमानत दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पेश की थी। जिसने जोधपुर सेंट्रल जेल की डिस्पेंसरी का फर्जी मैडिकल सर्टिफिकेट पेश किया गया था। इस सार्टिफिकेट में आसाराम की कई गंभीर बीमारियों को दर्शाया गया था। वर्ष 2017 में पेश इस सार्टिफिकेट की सुप्रीम कोर्ट ने जांच कराई। जांच में यह फर्जी पाया गया। इस पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जोधपुर के रातानाड़ा पुलिस थाने में आसाराम के पैरोकार रवि को मुख्य आरोपी मानते हुए मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में आसाराम को भी आरोपी बनाया गया।

# पाली से मुंबई जाती ट्रेन को पांच किमी रिवर्स दौड़ाया

■ **रेलवे ट्रेक के पास झाड़ियों में लगी आग, 3 घंटे यात्री परेशान**

**पाली, (नि.सं.)।** पाली से मुंबई जा रही ट्रेन के आगे झाड़ियों में दोनों तरफ आग लग गई । लोको पायलट ने आग से बचने के लिए करीब 5 किमी तक ट्रेन को उल्टा दौड़ाया। इसके बाद रेलवे टीम ने आग को बुझाया। हादसा गुरुवार दोहपर 2 बजे का है। दरअसल, रणकुपर एक्सप्रेस गुरुवार को पाली होते हुए मुंबई की तरफ जा रही थी। इस दौरान रोहट और केरला के बीच 676 पर रेलवे ट्रेक के दोनों तरफ झाड़ियों में आग लग रही थी। आग को देखकर लोको पायलट ने ट्रेन को रोका और करीब 5 किलोमीटर ट्रेन को उल्टा दौड़ाते हुए रोहट रेलवे स्टेशन ले गए। इसके बाद रेलवे की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया गया।

रणकपुर एक्सप्रेस का पाली रेलवे स्टेशन पर पहुंचने का समय दोपहर 3 बजकर 48 मिनट का है। हादसा दोपहर 2 बजे हुआ। ट्रेन रोहट रेलवे स्टेशन पर करीब 3 घंटा 12 मिनट तक लेट हुई। मौके पर चार-पांच दमकलें पहुंची आग बुझाने के बाद शाम 4 बजकर 35 मिनट पर ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई। की-मैन प्रमोद की सूचना पर समय रहते ट्रेन को रोककर वापस रिवर्स लिया।


**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लि.**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट कार्यालय, 04, मीरा मार्ग, उदयपुर-313001 (राज.)
फोन नम्बर : 0294-2428768/2428763-67, फैक्स : 0294-2428768, 2428739
ई-निविदा सूचना दिनांक: 18.10.2022

| ई-निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| ई-निविदा संख्या 09/22-23, UBN No. MML2223GLOB00099 | संस्था की लाइमस्टोन माइंस, जैसलमेर पर विभिन्न प्रकार की साइज एवं विवरण अनुसार कन्वेयर बेल्ट्स की आपूर्ति हेतु। अनुमानित मात्रा-निविदानुसार, धरोहर राशि (रू.में) 24500/-, निविदा प्रपत्र मूल्य (रू. में) 1180/- |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com/ www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा उप महाप्रबन्धक (एमएम) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/9366/2022-23 उप. महाप्रबन्धक (प्रशासन)

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर वृत्त (दक्षिण), जयपुर**
क्रमांक- एफ.2(के)।।/148/2022-23/6610-17 दिनांक- 18.10.2022
**निविदा संख्या 15-16/2022-23**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस वृत्त के अधीन विभिन्न कार्यों के लिए उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निर्धारित पत्र में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | निविदा संख्या | UBN NO. |
|---|---|---|
| 1 | 15/2022-23 | PHE2223WSOB08269 |
| 2 | 16/2022-23 | PHE2223WSOB08270 |

(अनिल कुमार शर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,
नगर वृत (दक्षिण), जयपुर
DIPR/C/13564/2022


# भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष ने घर में फांसी लगाई

## भारी कर्जे से आ गया था डिप्रेशन में

**उदयपुर, (कासं)।** गुरुवार को उदयपुर के भूपालपुरा थाना इलाके में भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। भाजपा नेता 1500 लोगों की बीसी चलाता था। उस पर 50 लाख रुपए का कर्जा हो गया था। इसके चलते वह डिप्रेशन में आ गया था।

थानाधिकारी हनुवंत सिंह सोडा ने बताया कि भाजपा नेता प्रभु प्रजापत (58) 18 साल से भूपालपुरा और अशोक नगर के लोगों के साथ मिलकर बीसी चला रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि लोगों का करोड़ों रुपए जमा था। कोरोना के बाद उस पर लाखों रुपए का कर्जा हो गया था। बीसी के जरिए उसे 50 लाख रुपए लोगों को देने थे। सामने आया कि प्रभु ने दीपावली के बाद लोगों को रुपए देने की बात कही थी। वह डिप्रेशन में आ गया था। गुरुवार सुबह 6 बजे जब बेटी चाय देने के लिए कमरे में गई तो पिता फंदे पर लटके मिले। पुलिस मौके पर पहुंची। शव पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

बीसी के जरिए कई लोगों के रुपए उसके पास जमा थे। वह उन रुपयों को वह दूसरी जगह निवेश कर देता था। पुलिस ने बताया कि इसके बाद जब उस पर कर्जा बढ़ने लगा तो तीन साल पहले अपनी ऑडी कार बेच दी थी। इतना ही नहीं फार्म हाउस बेचकर भी उसने कुछ कर्जा उतारा था । कई लोगों के रुपए बाकी थे । इसके लिए कुछ दोस्तों से भी रुपए उधार लिए थे।

जानकारी में आया है कि प्रभु 20 साल से भाजपा में एक्टिव था और 2 साल पहले ही उसे ओबीसी मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया था। प्रभु के घर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया भी आए थे। गुलाबचंद कटारिया के साथ वे हर कार्यक्रमों में शामिल होते थे । प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महंगे शौक और लग्जरी लाइफ स्टाइल की वजह से रुपए खर्च हो जाते थे । परिजनों का कहना है कि प्रभु ने खुदकुशी नहीं की उन्हें हार्ट अटैक आया था। वे प्रभु पर किसी भी तरह के कर्जे से मना कर रहे हैं।

# पाकिस्तान से भारतीय सीमा में फिर आया ड्रोन

■ **बीएसएफ के फायर करने पर ड्रोन वापस अपने इलाके में चला गया**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के श्रीकरणपुर इलाके की शेखसरपाल सीमा चौकी पर एक बार फिर ड्रोन से तस्करी की कोशिश की गई। बीएसएफ के फायर करने पर ड्रोन वापस अपने इलाके में चला गया। फिलहाल इलाके में किसी तरह की कोई आपत्तिजनक सामग्री या हैरोइन नहीं मिली है। पुलिस और बीएसएफ ने घटना के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया।

पाकिस्तान की ड्रोन से भारतीय सीमा में ड्रोन भेजने की यह कोशिश 24 ओ सीमा पोस्ट की ओर से की गई। सीमा के पास ड्रोन देखते ही जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी। सर्च अभियान चलाया गया। करीब चार महीने पहले भी पाकिस्तान की ओर से शेखसरपाल सीमा चौकी इलाके में ही एक ड्रोन की एक्टिविटी हुई थी। उस समय इस इलाके के खेतों में हैरोइन के दौ पैकेट मिले थे। उस समय बीएसएफ की फायरिंग में ड्रोन बचकर निकल गया था। सर्च ऑपरेशन में हैरोइन के दो पैकेट मिले थे। वहीं श्रीकरणपुर इलाके में ही गांव चौदह एस माझीवाला में करीब तीन माह पहले हैरोइन की तस्करी लेने आए पंजाब के आठ तस्करों को पकड़ा गया था।


**Office of Additional Chief Engineer PHED, Region Bharatpur**
Telephone No. 0564-222731, 221500, Email: rj_acebha@nic.in
**Notice Inviting Bid No. 201 to 212/2022-23**
Online bids for NIT No. 201 to 212/2022-23(12 works), Costing Rs. 5545.74 Lacs is invited on behalf of the Governor of Rajasthan from eligible enlisted in appropriate class contractors of PHED, Rajasthan and meeting eligibility criterla. Contractors enlisted with other departments of Government of Rajasthan and enlisted with CPWD/Postal/Telecom/Railways/MES/other State Government/Central Government undertakings/organization in class equivalent to "A/AA" class of Rajasthan (as applicable) and meeting prescribed eligbility criteria may also apply. Details of this Bid notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIB exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in. Bids are to be submitted online electronic format on web site http:// eproc.rajasthan.gov.in from 19.10.2022 to 26.12.2022 (6PM) & Bids are to be opend at 11.00 AM on 27.12.2022.
NIB Code: PHE2223A4077
UBN No.: PHE2223WSOB08247, PHE2223WSOB08248, PHE2223WSOB08249, PHE2223WSOB08250, PHE2223WSOB08251, PHE2223WSOB08252, PHE2223WSOB08254, PHE2223WSOB08256, PHE2223WSOB08257, PHE2223WSOB08258, PHE2223WSOB08259, PHE2223WSOB08261.
(Ram Niwas Meena)
Addl. Chief Engineer
PHED, Region Bharatpur
DIPR/C/13575/2022

# हाईकोर्ट की एकलपीठ ही तय करे आर.सी.ए. चुनाव पर अंतरिम रोक का मुद्दा : सुप्रीम कोर्ट

**जयपुर, (का.सं.)।** सुप्रीम कोर्ट ने आरसीए चुनाव पर लगी अंतरिम रोक को बरकरार रखते हुए हाईकोर्ट की खंडपीठ के 10 अक्टूबर के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें खंडपीठ ने दौसा व श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ सहित अन्य संघों की याचिकाओं की मेंटेनेबिलिटी का मुद्दा खुद ही तय करने के लिए कहा था।

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की एकलपीठ को कहा है कि वह चार सप्ताह में जिला संघों की याचिका की मेंटेनेबिलिटी व चुनाव पर लगाई अंतरिम रोक के आदेश को तय करे। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश गुरुवार को आरसीए की एसएलपी को निस्तारित करते हुए दिया। एसएलपी में आरसीए ने हाईकोर्ट की एकलपीठ और खंडपीठ के आदेशों को चुनौती दी थी।

**■ सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश गुरुवार को आरसीए की एसएलपी को निस्तारित करते हुए दिया। एसएलपी में आरसीए ने हाईकोर्ट की एकलपीठ और खंडपीठ के आदेशों को चुनौती दी थी**

आरसीए की ओर से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ दवे व प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि खंडपीठ ने जिला संघों की याचिका का मेंटेनेबिलिटी का मुद्दा तय करने के लिए अपने पास रखा है और चुनाव पर लगी रोक के मुद्दे को एकलपीठ के पास भेजकर मेरिट के आधार पर तय करने के लिए कहा है। ऐसे में याचिका की मेंटेनेबिलिटी यानि प्रकरण हाईकोर्ट में सुनवाई योग्य है या नहीं और चुनाव के मुद्दे में खंडपीठ व एकलपीठ में अलग-अलग सुनवाई कैसे हो सकती है।

जवाब में जिला क्रिकेट संघों के अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने कहा कि आरसीए ने खंडपीठ में गलत तथ्यों पर अपील दायर की है। एकलपीठ में ही प्रारंभिक आपत्तियों को तय नहीं किया था।

इसलिए मामले में एकलपीठ को ही सुनवाई करने का निर्देश दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनकर हाईकोर्ट की खंडपीठ के आदेश को रद्द करते हुए एकलपीठ को ही आरसीए के चुनाव पर लगी अंतरिम रोक व याचिका की मेंटेनेबिलिटी के मुद्दों को तय करने को कहा है।

गौरतलब है कि एकलपीठ ने दौसा जिला क्रिकेट संघ व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए गत 29 सितंबर को आदेश जारी कर तीस अक्टूबर को होने वाले आरसीए चुनाव पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

वहीं इसके खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने याचिका की मेंटेनेबिलिटी का मुद्दा तय करने के लिए अपने पास रखते हुए प्रकरण को एकलपीठ को भेजते हुए मेरिट के आधार पर तय करने को कहा था। इन दोनों आदेशों को आरसीए ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

# दो हजार लीटर मिलावटी सरसों का तेल जब्त किया

## जांच टीम ने मावे और कलाकंद के नमूने भी लिए



जिला प्रशासन की जांच टीम ने चाकसू में मैसर्स राजेश ट्रेडर्स से लगभग 2 हजार लीटर मिलावटी सरसों का तेल जब्त किया।

**जयपुर, (का.सं.)।** शुद्ध के लिये युद्ध अभियान के तहत गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच दल द्वारा डीएसटी टीम की सूचना पर पुलिस थाना चाकसू के सहयोग से मिलावट का अंदेशा होने पर मैसर्स राजेश ट्रेडर्स, संजीवनी कॉलोनी निमोनिया मोड बाईपास चौराहा चाकसू से लगभग 2 हजार लीटर सरसों के तेल को जब्त किया गया।

कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जांच दल द्वारा जब फर्म का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां पर लोहे के 20 ड्रम में लगभग 2 हजार लीटर सरसों का तेल भरा हुआ था, जिसे 15 किलो के टिनों में पैक कर आम जन को विक्रय किया जाना पाया गया।

जांच दल को सरसों के तेल में मिलावटी होने आशंका पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अंतर्गत सरसों तेल का एक नमूना लिया गया। फर्म पर शेष समस्त सरसों तेल को जब्त किया गया, जिसकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात कार्यवाही की जाएगी। जांच दल द्वारा जोधपुर स्वीट कोटखावदा चाकसू से कलाकंद एवं मावा मिठाई तथा श्री जोधपुर मिष्ठान भंडार फागी मोड बस स्टैंड चाकसू से कलाकंद मिठाई का नमूना जांच के लिये लिया गया। लिये गये नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात कार्यवाही की जायेगी।

# सहकार दीपोत्सव मेले में धनतेरस पर चांदी के सिक्कों की बिक्री भी होगी

## ग्रीन पटाखे खरीदने के लिए उमड़ रही लोगों की भीड़



**जयपुर, (का.सं.)।** धनतेरस के अवसर पर कॉनफैड द्वारा उपभोक्ताओं को एमएमटीसी के शुद्ध चांदी के सिक्के तथा बर्तन उपलब्ध कराने के लिये भवानी सिंह रोड स्थित नवजीवन सहकार उपभोक्ता केन्द्र पर विशेष व्यवस्था की है। यह जानकारी कॉनफैड के प्रशासक एवं सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार मुक्तानंद अग्रवाल ने गुरूवार को दी।

उन्होंने बताया कि दीपावली के अवसर पर कॉनफैड द्वारा भवानी सिंह मार्ग स्थित नवजीवन उपहार केन्द्र पर दीपोत्सव मेले का आयोजन 17 अक्टूबर से किया जा रहा है जो 24 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव मेले में जयपुरवासियों को शिवाकाशी के कोक ब्रांड के ग्रीन पटाखे 50 से 70 प्रतिशत तक कम दामों पर जयपुर वासियों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। मेले में अब तक जयपुरवासियों द्वारा लगभग 2 करोड़ रुपये की खरीद की जा चुकी है।

अग्रवाल ने बताया कि मेले में डिजीटल पैमेंट को बढ़ावा देने के लिये पोस मशीन इंस्टॉल की गई हैं। कॉनफैड के इस प्रयास को जयपुरवासियों द्वारा सराहा जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक ही प्लेटफॉर्म पर पटाखे, एमएमटीसी के सोने-चांदी के सिक्के, बर्तन एवं अन्य आवश्यक त्यौहारी वस्तुएं होलसेल दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

कॉनफैड के प्रबंध निदेशक दिनेश शर्मा ने बताया कि जयपुर के आमजन को एमएमटीसी के चांदी के 5 ग्राम से 1 किलो तक के सिक्के, चांदी के बर्तन, लक्ष्मी-गणेश का चांदी की मूर्ति एवं पाना सहित पूजा की थाली उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मेले में रंगोली का सामान, बैडशीट सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध है।

शर्मा ने 17 अक्टूबर से चल रहे मेले में भीड़ को देखते हुए जयपुरवासियों से अपील की है कि समय रहते हुए उच्च गुणवत्ता के पटाखों, चांदी के सिक्कों एवं अन्य त्यौहारी सामान की खरीद कर लाभ प्राप्त करें।

# युवक से पांच लाख रु. की साइबर ठगी

**जयपुर (कासं)।** बजाज नगर क्षेत्र में साइबर ठग ने एक युवक को बिजली कनेक्शन काटने की धमकी लेकर 5 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। बैंक अकाउंट से रुपए निकलने का मैसेज आने पर पीड़ित को साइबर फ्रॉड का पता चला। इसके बाद उसने पुलिस थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

**■ बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देकर फोन पर लिंक भेजा और ओटीपी पूछकर रकम निकाल ली**

बजाज नगर पुलिस ने बताया कि वसुंधरा कॉलोनी गोपालपुरा मोड निवासी गौतम राज सिंघवी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 17 अक्टूबर शाम करीब 5:30 बजे मोबाइल पर बिजली बिल अपडेट का मैसेज आया। मैसेज में बिजली बिल काटने का लिखा हुआ था। उसके बाद साइबर ठग का कॉल आया। उसने बिजली के बिल को बैंक अकाउंट अपडेट करने की बोला। उसने धमकी दी कि अकाउंट अपडेट नहीं कराओगे तो आपका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। वॉट्सऐप पर भेजे मैसेज में लिंक भेजकर क्लिक करने को लिखा था। क्लिक करने के बाद आए ओटीपी को मांगा गया। ओटीपी बताने के करीब 2 घंटे बाद उसके बैंक अकाउंट से 5 लाख रुपए कट गए। मोबाइल पर रुपए कटने का मैसेज मिलने का पता चलने पर ऑनलाइन ठगी का पता चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस मोबाइल नंबरों के आधार पर शातिर साइबर ठग की तलाश कर रही है।

# बहू के खिलाफ मामला दर्ज

**जयपुर ।** राजधानी के करधनी थाने में एक बुजुर्ग ने अपनी पुत्रवधु के खिलाफ पोते को बिगाड़ने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग दादा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके बेटे-बहू के बीच मनमुटाव चल रहा है। वहीं दोनों का तलाक का मामला प्रक्रियाधीन है। बहू झुंझुनूं में अपने पीहर में रहती है। उनके पांच वर्षीय पोते का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हुआ, जिसमें वह सिगरेट पीता नजर आ रहा है और मुंह से धुआं निकाल रहा है। पुलिस ने बताया कि इंस्टाग्राम पर जिस वीडियो में बच्चा सिगरेट पिता नजर आ रहा है, उस वीडियो की तस्दीक की जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पडौसी ने किया युवती से दुष्कर्म

**जयपुर ।** जयसिंहपुरा खोर इलाके की होटल में युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने शादी का वादा कर पीड़िता के साथ संबंध बनाये, फिर दुष्कर्म कर अश्लील फोटो-वीडियो बना लिये। जिन्हें वायरल कर बदनाम करने और एसिड फेंककर चेहरा खराब करने की धमकी दी। पीड़िता ने बुधवार रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर निवासी 27 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया कि पडौसी युवक ने शादी का वादा कर दुष्कर्म किया है। आरोप है कि आस-पास में रहने के कारण एक-दूसरे से बातचीत होती थी। बातचीत के दौरान आरोपी पडौसी से उसे प्यार में फांस लिया। 26 सितम्बर को मिलने के बहाने उसे एक होटल में ले गया। शादी का वादा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद लगातार दुष्कर्म करने लगा। पीड़िता ने16 अक्टूबर को शादी करने का कहा। आरोपी ने गाली-गलौज कर कहा मैं तुझसे शादी नहीं करुंगा। हमारे बीच जो भी हुआ है तू किसी को भी मत बताना। नहीं तो तेरे चेहरे पर तेजाब फेंककर चेहरा खराब कर दूंगा। किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर दूंगा।

# तीन दुकानें ध्वस्त

**जयपुर ।** जेडीए की प्रवर्तन टीम ने गुरूवार को कालवाड़ रोड पर हाथोज में बन रही तीन अवैध दुकानों को ध्वस्त किया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि हाथोज में किशोरपुरा रोड पर निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर बिना भू-रूपांतरण कराए रातोंरात तीन दुकानें बनाई जा रही थी।

# किशोर कुमार की याद में हुआ स्वरांजलि कार्यक्रम

**जयपुर, (का.सं.)।** संगीत आश्रम संस्थान की ओर से गुरुवार को संस्थान के ऑडिटोरियम में हुए बॉलीवुड के लीजेंडरी प्लेबैक सिंगर किशोर कुमार की याद में गाता रहे मेरा दिल...शीर्षक से स्वरांजलि कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक कलाकारों ने किशोर दा के सुपरहिट गीतों का गुलदस्ता सजाया।

कार्यक्रम में कलाकारों ने सुर, लय और ताल की दिलकश बानगी दर्शाकर माहौल को किशोर दा के अंदाज में रंग दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति से हुई। संगीत निर्देशक अमित अनुपम के निर्देशन में सजे कार्यक्रम में कलाकार रजनी कुमावत ने कुछ तो लोग कहेंगे..., ममता शर्मा ने रिमझिम गिरे सावन..., मुस्कान ने नीले नीले अंबर से.., वनिता हीरानी ने तुम भी चलो हम भी चले..., रियांशी गोयल ने ये शाम मस्तानी..., आशीष मुखर्जी ने छू कर मेरे मन को..., राजेश सिंह ने दिल क्या करे जब किसी को..., राजकुमार ने हमें और जीने की चाहत ना होती.., साधना ने कोरा कागज था ये मन मेरा..., जीनस कंवर ने चलते चलते मेरे ये गीत... भावना ने हमें तुमसे प्यार कितना..., वीरेन्द्र सिंह ने पल पल दिल के पास..., ताराचंद जैन ने खिजां के फूल पे आती नहीं बहार कभी...जैसे हिट गीतों को अपनी पुरकशिश आवाज में पिरोकर माहौल में किशोरदा के गीतों की मेलॉडी घोल दी।

कार्यक्रम में सुमित्रा अठावाल, मिन्टु मंडल, पल्लवी शर्मा, राजकुमार, अंजना गुप्ता, सुधीर सैन, ओमप्रकाश, रीत विजयवर्गीय, वाणी, कनिष्का नाथावत, प्रांजल लालवानी, संजना जाजोटर, गोपाल सिंह ने गीत पेश किए। गिटार पर वत्सल अनुपम, इलेक्ट्रॉनिक पैड पर अनुपम निर्वाण, की-बोर्ड पर हबीब खान, तबले पर दिलशाद खान, हारमोनियम पर अंजना गुप्ता व हरीश नागौरी ने संगत की। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

# दो पुलिस अफसरों को गैलंटी प्रमोशन

जयपुर। खेल के क्षेत्र में देश और विदेश में राजस्थान पुलिस का नाम रोशन करने वाले एक उपनिरीक्षक व एक प्लाटून कमांडर को राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद पुलिस विभाग द्वारा गैलंट्री प्रमोशन देकर सम्मानित किया गया है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय से बुधवार को आदेश जारी किए गए हैं।

भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड के एसपी रामेश्वर सिंह ने बताया कि वुशू खिलाड़ी उप निरीक्षक मुकेश चौधरी पुत्र रणजीत सिंह एवं कुश्ती खिलाड़ी प्लाटून कमांडर शीतल तोमर पुत्री सोनपाल सिंह को पदोन्नत किया है। पुरस्कार एवं पदोन्नित हेतु गठित खेल रिवार्ड कमेटी की अनुशंसा पर राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद एसआई मुकेश चौधरी को पुलिस निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर शीतल तोमर को कंपनी कमांडर के पद पर पदोन्नित आदेश जारी किए हैं। एसपी डॉ. सिंह ने बताया कि राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियमावली में अंकित प्रावधानानुसार पुलिसकर्मियों द्वारा खेल क्षेत्र में किए उत्कृष्ट कार्य के फल स्वरुप पुरस्कार एवं पदोन्नित हेतु गठित खेल रिवार्ड कमेटी की अनुशंसा पर 13 और 15 सितंबर को स्वीकृति मिली थी।

# जैन बैंकर्स फोरम ने पौधे लगाए



**जयपुर, (का.सं.)।** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर जो बैंकिंग संबंधी समस्याओं के समाधान एवं सामाजिक व धार्मिक कार्यों में पिछले चार वर्ष से संलिप्त है, ने आज खो-नागोरियां, झालाना के पहाड़ी क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया। जैन बैंकर्स फोरम की और से भागचंद जैन मित्रपुरा, सुकेश जैन, मुकेश पांड्या, कमल चंद जैन सेवा वाले, अजीत कुमार जैन एवं आरबीआई के वयोवृद्ध एस.एम. अग्रवाल (75 वर्ष) ने स्वयं अपने हाथो से पौधा रोपण किया। जामुन, नीम, बीलपत्र, करंज, पीपल, देशी बंबूल आदि कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए। ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से प्रतिभा शर्मा ने इस अवसर पर विभिन्न प्रजाति के बड़े-बड़े पौधे, जो उन्होंने अपने घर पर ही विकसित किये थे, भेंट किए। यह कार्य हमारे स्वयं के लिए एवं आगामी पीढ़ी के लिए पर्यावरण के रक्षार्थ एवं स्वच्छ वातावरण निर्माण में सहयोग का माध्यम है। अदिति अग्रवाल ने सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग दिया। इसी क्रम में नवंबर के प्रथम सप्ताह में ग्राम भारती की महासचिव कुसुम जैन के माध्यम से विभिन्न प्रजातियों के 200 से अधिक पौधारोपण कार्यक्रम अचरोल के समीप आयोजित होगा।

## सार-समाचार

### मंत्री बी.डी.कल्ला को ज्ञापन सौंपा



विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा और जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला को ईडब्ल्यूएस जनरल वर्ग की छात्रवृत्ति फार्म में अंकन की शर्त हटाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

**जयपुर (कासं)।** विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा और जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला को ईडब्ल्यूएस जनरल वर्ग की छात्रवृत्ति फार्म में अंकन की शर्त हटाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष तिवड़ी ने बताया कि राजस्थान के जन घोषणापत्र के बिंदु संख्या 23, 28 के अनुसार सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की सहायता के लिए विशेष छात्रवृत्ति व अनुदान योजना प्रारंभ की गई थी। इस छात्रवृत्ति अनुदान योजना के लिए वर्ष 2021 में राजस्थान बोर्ड से माध्यमिक शिक्षा परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जो कि आवेदन विद्यालय के माध्यम से ही ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने यह शर्त रखी है कि वही छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने परीक्षा फॉर्म भरते समय ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में फार्म भरा है। इस शर्त के अनुसार अधिकतर सामान्य वर्ग में आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थियों को इस कैटेगरी का पता नहीं होने के कारण उन्होंने परीक्षा फार्म में इसे चिन्हित नहीं किया, जिससे वे छात्र-छात्राएं सुविधा से वंचित हो रहे है। शिक्षा मंत्री ने इसमें सुधार के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान कार्यकारी सदस्य कैप्टन श्रीराम शर्मा, निखिल शर्मा, राहुल शर्मा, मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सी.पी.शर्मा को समिति सदस्य बनाया



**जयपुर (कासं)।** राजस्थान उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा धन के उचित उपयोग की सिफारिश के लिए गठित स्थाई समिति में सी.पी.शर्मा को गैर सरकारी सदस्य बनाया गया है। जयपुर के इमलीफाटक स्थित जे.पी.कॉलोनी के निवासी सी.पी.शर्मा आगामी 2 वर्ष तक इस समिति के सदस्य रहेंगे। यह जानकारी उपभोक्ता मामले विभाग की उपनिदेशक विनिता शर्मा ने दी है।

### मारूतिनंदन शास्त्री सुनाएंगे भागवत



**जयपुर ।** आगामी नवंबर माह में हनुमानगढ़ जिले में भक्ति की रसधार बहेगी। वृंदावन धाम वाले कथावाचक मारूतिनंदन शास्त्री महाराज के सानिध्य में जिले के तीन शहरों में श्रीमद भागवत कथाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत पहली श्रीमद भागवत कथा भादरा में 26 अक्टूबर से एक नवंबर तक श्री कुल्दे दादी मंदिर अतिथि सदन में होगी। इसके बाद 2 नवंबर से 8 नवंबर तक धर्म नगरी नोहर में प्रभु प्रेम सेवा ट्रस्ट के सौजन्य में मारूतिनंदन शास्त्री जी प्रवचन देंगे। इसी माह के आखिरी सप्ताह 24 से 30 नवंबर तक रावतसर के सब्जी मंडी के पास स्थित श्री रामलीला मैदान में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ होगा। यह जानकारी प्रभु प्रेम सेवा ट्रस्ट की मीडिया प्रभारी गुरजंट सिंह धालीवाल ने दी।

### सीएम ने इंदिरा रसोई में किया भोजन

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुरूवार को जलमहल की पाल पर संचालित इंदिरा रसोई घर पहुंचे। यहां उन्होंने भोजन करने आए लोगों से भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, कर्मचारियों के व्यवहार सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में बातचीत करते हुए रसोई का निरीक्षण किया। उपस्थित लोगों ने इंदिरा रसोई की शुरूआत के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी जताया। इसके बाद गहलोत ने टोकन लेकर धर्मपत्नी सुनीता गहलोत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी, उप मुख्य सचतेक महेंद्र चौधरी व नगर निगम जयपुर हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के साथ बैठकर भोजन किया। उन्होंने विजिटर्स डायरी का अवलोकन कर प्रतिक्रिया भी लिखी।

### दिवाली स्नेह मिलन समारोह 28 को

**जयपुर ।** दिवाली पर पांच दिवसीय कानून व्यवस्था ड्यूटी के उपरांत स्नेह मिलन के लिए 28 अक्टूबर को पुलिस मुख्यालय में दिवाली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस रोज प्रातः 11:00 बजे आयोजित किए जाने वाले इस समारोह में राज्य के आईपीएस व आर पी एस ऑफिसर समेत पुलिस मुख्यालय के कार्मिक मौजूद रहेंगे। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर हवा सिंह घुमरिया ने बताया कि 28 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे पुलिस मुख्यालय मुख्य पोर्च के सामने स्थित लॉन में दिवाली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में महानिदेशक पुलिस एम.एल. लाठर समेत पुलिस मुख्यालय एवं जयपुर शहर में कार्यरत समस्त भारतीय पुलिस सेवा एवं राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी व कार्मिक शामिल होंगे।

# दीपावली पर आगजनी से निपटने के लिए अग्निशमन दस्ता तैयार

## 12 फायर स्टेशनों पर 57 छोटी-बड़ी दमकल मौजूद रहेंगी, दोनों निगमों के अफसर तैयारियों में जुटे

**जयपुर (कासं)।** दिवाली पर पटाखों और शॉर्ट सर्किट से होने वाली आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए जयपुर हेरिटेज और ग्रेटर नगर निगम ने फायर टीमें तैयार की है। फायर टीमों के पास बड़ी बिल्डिंग से लेकर तंग गलियों में आगजनी की घटना से निपटने के लिए पर्याप्त फायर सेफ्टी यंत्र हैं। ग्रेटर नगर निगम जहां चार थानों में अपने अग्निशमन वाहन खड़ा करेंगे और वहीं हैरिटेज नगर निगम ने अपने कर्मचारियों का समय 12 घंटे कर दिया है।

ग्रेटर निगम ने इस बार फायर स्टेशन के अलावा फायर व्हीकल चिह्नित चार पुलिस थानों पर भी तैनात किए जाएंगे। इसके साथ ही अग्निशमन केंद्र पर सीधी सूचना के लिए एक टेलीफोन नंबर भी सार्वजनिक किया गया है। इसके अलावा तरल पदार्थ की आग के लिए फॉर्म और शार्ट सर्किट की आग के लिए सीओटू स्टिंगुएशर की व्यवस्था भी की गई है।

आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए राजधानी में 12 फायर स्टेशन पर 57 छोटी-बड़ी दमकल मौजूद हैं। इसके अलावा तंग गलियों में आग पर काबू पाने के लिए मोटरसाइकिल दमकल और बड़ी बिल्डिंग के लिए 72 और 42 मीटर एएचएलपी मौजूद हैं। शहर में मौजूद 12 फायर स्टेशन में से 8 ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र में जबकि 4 हेरिटेज नगर निगम क्षेत्र में हैं।

**■ पांच दिन तक फायरमैनों की ड्यूटी 8 घंटे के बजाय 12 घंटे की रहेगी**

ग्रेटर निगम सीएफओ राजेंद्र नागर ने बताया कि जयपुर शहर में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए फायर टीम पूरी तरह सक्षम हैं, फिर चाहे बडी इमारतें हो या तंग गलियां हो। इस बार फायर स्टेशन के अलावा फायर व्हीकल चिह्नित कर चार पुलिस थानों पर भी तैनात किए जाएंगे। इसके साथ ही अग्निशमन केंद्र पर सीधी सूचना के लिए एक डेडीकेटेड टेलीफोन नंबर भी सार्वजनिक किया गया है। इसके अलावा तरल पदार्थ की आग के लिए फॉर्म और शॉर्ट सर्किट की आग के लिए सीओटू एक्सटिंग्विशर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। वहीं ग्रेटर नगर निगम में वीकेआई, झोटवाडा , बिंदायका, 22 गोदाम, मालवीय नगर, मानसरोवर, सीतापुरा, जगतपुरा फायर स्टेशन है। जिसमें छोटी बडी दमकल 35,मोटरसाइकिल दमकल 9,एएचएलपी 1 (72 मीटर),मौका मुआयना टीयूवी 4,परमानेंट स्टाफ (फायरमैन और वाहन चालक) 72 और कॉन्ट्रैक्ट बेस स्टाफ (फायरमैन और वाहन चालक) 250 है।

हेरिटेज निगम सीएफओ देवेंद्र मीणा ने बताया कि अग्निशमन कर्मचारियों की दीपोत्सव पर 5 दिन की ड्यूटी 8 की बजाय 12 घंटे की रहेगी। इस बार 45 स्टेशन के अलावा 8 पुलिस थानों पर भी फायर व्हीकल तैनात किए जा रहे हैं। जहां तक कन्जेस्टेड बाजारों का सवाल है तो यहां छोटी आगजनी के लिए फायर बाइक का इस्तेमाल किया जाएगा। जबकि बडी आग दमकल से ही बुझाई जाएगी। सभी बाजारों में निश्चित दूरी पर हाइड्रेंट की व्यवस्था की गई है। ताकि उन हाइड्रेंट का इस्तेमाल कर फायर वाहनों में पानी भरा जा सके। लेकिन स्मार्ट सिटी अभी भी इसकी कनेक्टिविटी नहीं कर पाया है। ऐसे में हेरिटेज निगम की फायर टीम को फिलहाल ट्यूबवेल हाइड्रेट, अंडरग्राउंड या ओवरहेड वाटर टैंक से ही काम चलाना होगा और प्रार्थना भी करनी होगी कि पुरोहित जी का कटला जैसे किसी तंग बाजार में आग ना लगे। हेरिटेज नगर निगम आमेर, घाटगेट, बनीपार्क, चौगान फायर स्टेशन है।



## International Day of the Nacho

While tortillas have been around for thousands of years, nachos are a much more recent invention. The story goes that Ignacia "Nacho" Anaya was the chef in a restaurant along the northern border of Mexico. When some American soldiers came in late at night, the chef was low on ingredients. So he tossed some tortilla chips in with shredded cheese and pickled jalapenos, and the dish was a hit. Of course, it was named after his nickname and it wasn't long before "nachos" became a household term.



#ANIMAL KINGDOM

# Surprising Animal Friendships

Species throughout the animal kingdom, from birds and fish to horses and dolphins, have pals too



When you think of friendship, what comes to mind? Is it a phone conversation that lasts late into the night? Watching a movie and sharing a pizza? Enjoying some laughs over a beer? Friendship is a central part of the human experience. Our stories, our songs and our conversations are fabrics woven with threads of friendship.

In scientific terms, two people are considered friends if they consistently prefer each other over other individuals. Humans aren't the only ones who form friendships, though.

It may not shock you that our closest relatives, such as chimpanzees and bonobos, make friends. But species throughout the animal kingdom, from birds and fish to horses and dolphins, have pals too. And you might be surprised to learn just how much they resemble our own human friendships.

### Birds Of A Feather

When you think about your own friends, you might realise that you are alike in one way or another. Maybe you grew up in the same town and went to school together, share hobbies or have similar jobs.

This inclination for similarity, or what scientists call "homophily", is not exclusive to humans. It is thought this



preference for similarity increases the predictability and trust of a friend. Monkeys, zebras, marmots, elephants, and whales all show a preference for interacting with group mates close in age to them.

Chimpanzees and Assamese macaques like to hang out with partners who have a similar personality (yes, animals have personalities too) and dolphins favour other dolphins who find their food in a similar way.

One of the most established homophilic tendencies is an affinity for others who share the same genes: for kin. Across the animal kingdom, species show a predilection for interacting with relatives. So despite those stubborn sibling rivalries, family can be some of the very best friends you have.

### It's Physical

When we consider the importance of touch for relationships, we often think about romantic partners. But physical connection can be equally important for any kind of relationship.

Our animal counterparts show us just how important physical touch can be. Some of the behaviours that animals engage in to form and maintain friendships are quite hands-on. Rooks gently preen friends with their beaks, while monkeys groom pals with their hands. These behaviours aren't so different from how we humans embrace our friends.

In some animals though, friendship rituals can look wild. White-faced capuchins greet their best buds by sticking their fingers in each other's eye sockets. Male Guinea baboon test their bonds by fondling each other's genitals.

So, while we don't recommend poking the eye sockets of your friends, a hug the next time you greet your best friend may not go amiss.

### Distance Is No Barrier

But, of course, not all friendships require people to be near one another.

Animals provide many examples of how friendships can flourish even when pals are apart. Dolphins foster closeness by exchanging calls with other dolphins across long distances. Dolphin whistles can travel up to 740 meters to help preserve long-distance attachments. Many primates, including lemurs, Japanese macaques, bonobos and chimps use vocalisations to sustain social bonds.

Friendships can even form in species that actively avoid one another. North American red squirrels are territorial, meaning they each defend their own homes and rarely come into contact apart from mating.

But scientists have shown squirrels who live next to each other for a long time develop friendships that help them live longer and have more babies. The longer these squirrels live close to the same neighbour, the more they relax and spend less time and energy defending their territory.

### Literal Lifesavers

Friendship evolved because it helps us, whether we are human or not. Animals (including humans) who have allies live longer and healthier lives by helping their companions deal with challenges. Comrades can offer support in times of conflict and provide protection against threats like predators and food shortage.

We still have much to learn about animal friendship and some scientists are devoted to deepening our understanding of animal social bonds. Modern human life tends to be far removed from risks such as being hunted by bears and wolves, but the bottom line still holds true.

Humans make friends because there are mutual benefits. As whales, birds and primates prove, friends help us. Without them we are less likely to survive and thrive.





Malani or Marwari horse.

# Horses on a High!!



Wg. Cdr. CSV Ramany, VM (G)
*The author is a retired IAF fighter pilot*

What was great about the Rajasthan Police was that on becoming old, very few of the horses were sold as pack horses or otherwise killed. The horses would be put out to pasture and lived their old age in as much nobility as they had in their early years. In fact, very similar to the old age of the horses of the Indian Army at the Remount and Veterinary Corps at Saharanpur. Horses that have given noble service in their youth are given a dignified old age and noble departure. Their rations too remain the same, and they continue to get a few tots of rum on special occasions. This occasional tot of rum is the only "additive" given.

Kishangarh, located on the outskirts of Ajmer, is also known as the marble City of India, as it has a very large and bustling marble market. The main attraction here is the temple of nine planets, said to be the only one of its kind in the world. The town of Kishangarh also gives it name to the miniature paintings that portray landscapes and make liberal use of the colour green. Another famous market here sells only blood red chillies which is the preferred choice of chefs for laal maas.

We, young fighter pilots, however knew Kishangarh for the Horse-Riding School RISALA, which was established at the Police Training School here in 1974. We had very good liaison with the local police authorities, so a mount was generally available to us on weekends for a ride. The Horse-Riding School shifted later in 1978 to the Rajasthan Police Academy at Jaipur, but the camaraderie remained.

It was fun meeting up with the local police officials, sharing a peg or two and generally talking horse. It was during these horse talks that one became aware of the very fine horses of Rajasthan. The Malani breed of horse from Jodhpur, which the Rajasthan Police favoured then, is known for its inward turning ear tips and comes in all equine colours. It is known for its hardiness, and is very similar to the Kathiawari horse, another breed from the Kathiawar region south of Marwar.

The Rathores, traditional rulers of the Marwar region were the first to breed the Marwari. From the 12th century, they espoused strict breeding that promoted purity and hardiness. Used throughout by the Rathores as a cavalry horse, the Marwari was noted for its loyalty and bravery in battle. During this

#BIG STAKES

period, horses were considered divine beings, and were allowed to be ridden only by members of the Rajput families and the Kshatriya warrior caste. The Rathores believed that the Marwari horse could leave the battlefield only under one of three conditions - victory, death, or carrying a wounded master to safety.

### Post Partition

In the 1950s, post partition, many Indian noblemen lost their land and much of their ability to take care of animals, resulting in the Marwari breed hovering on the verge of extinction. This breed got a new life however in the first half of the 20th century by Maharaj Umaid Singhji, who saved the Marwari horse. His work was carried on by his grandson, Maharaj Gaj Singh II. It was this noble breed that we got a chance to ride on weekends, courtesy the Rajasthan Police Academy.

What was great about the Rajasthan Police was that on becoming old, very few of the horses were sold as pack horses or otherwise killed. The horses would be put out to pasture and lived their old age in as much nobility as they had in their early years. In fact, very similar to the old age of the horses of the Indian Army at the Remount and Veterinary Corps at Saharanpur. Horses that have given noble service in their youth are given a dignified old age and noble departure. Their rations too remain the same, and they continue to get a few tots of rum on special occasions. This occasional tot of rum is the only "additive" given.

This is in sharp contrast to the horses we see on the racetrack. The racehorses we see weigh at least 1000 pounds, have legs that are supported by ankles the size of human ankles and are forced to run around tracks at around 50 kmph while carrying a jockey on the back. Racehorses are victims of a multi-billion-dollar industry, full of drug abuse, injuries and race fixing. The New York Daily News said, "The thoroughbred race horse is a genetic mistake. It runs too fast; its frame is too large and its legs are far too small. As long as mankind demands that it runs at high speeds under stressful conditions, horses will die at the racetrack".

Nearly all racehorses today are injected with Lasix. Lasix in many racetracks is banned as part of

> Nearly all racehorses today are injected with Lasix. Lasix in many racetracks is banned as part of "Race Day Medication", but this stricture is almost always observed in the default. An injection of Lasix around 3 hours before the race, results in increased urine production within one hour.



Risala Kishangarh.



> The best example of this is the "Indian jugaad" - a "desi milkshake", a homemade concoction of baking soda, glucose, citrates and other salts.



Lassix being injected.

"Race Day Medication", but this stricture is almost always observed in the default. An injection of Lasix around 3 hours before the race, results in increased urine production within one hour. Peak diuretic effect occurs within 1-2 hours. Later, the effect reduces over the next 6-8 hours. This dose of Lasix would result in around 20 to 25 litres of water being expelled as urine. This loss of weight makes the horse go faster. Lasix also acts as a bronchodilator, which allows a horse to receive more oxygen.

### Aerobic Capacity of the Horse

Race-horses are also given the high society drug "bute" or Phenylbutazone, which is said to have "pain relieving" or "anti-inflammatory" properties. The famous cyclist, five times Tour de France winner, Lance Armstrong, was stripped of his titles for drug abuse, his favoured drug was EPO (Erthyropoietin). EPO is produced by the kidneys and used to male red blood cells. By injecting EPO, the horse owners aim to increase the number of red blood cells, and consequently, the aerobic capacity of the horse. However, if EPO levels are too high then the horse would produce too many red blood cells, which can thicken the blood, leading to clotting, heart attack and stroke. This is a chance that race horse owners appear willing to take.

At least 1000 racehorses are injured or die each year, and in the US alone, at least 10 die each week. Race course enthusiasts must be familiar with the concept of "bleeding" - a relatively common condition among racehorses, where blood starts to flow from their noses after a race. This bleeding is due to a medical condition called "exercise induced pulmonary haemorrhage" (EIPH). A visit to any racing event, particularly where tote margins are high, and you may see a few horses post-race with these symptoms. EIPH occurs when the lung capillaries inside the horse burst due to high blood pressure. The blood can enter the windpipe of the horse and come out through the nose. Many horses can suffer through milder bouts of bleeding without any long-term effects. But in older horses, continued bleeding can lead to permanent damage to the lungs.

This started the use of Furosemide (Lasix) since the 1960s to prevent bleeding. Over time, use of Lasix has become a well-established practice in racing circles, where almost all horses are given Lasix to prevent bleeding. Behind this rationale is a very troubling aspect - the side effects of Lasix which is weight loss through excessive urination. A horse can lose more than 25-30 pounds on race day through fluid loss using Lasix, giving it a performance boost that can make all the difference on the track. The use of Lasix is very controversial, because very few horses are actual "bleeders". Earlier, the rules demanded a medical certificate for the use of the drug. These days any horse can be given Lasix. Estimates indicate that almost 90% of horses have Lasix in their systems on race day.

However, over the years there are many more, less documented practices like overuse of steroids, painkillers, muscle relaxant, and even liquid nitrogen. However, not all the doping instances require high end chemicals from labs. The best example of this is the "Indian jugaad" - a "desi milkshake", a homemade concoction of baking soda, glucose, citrates and other salts. This concoction is useful in middle- and long-distance races where horses can have lactic acid build-up due to oxygen starvation in the muscles. The theory behind this is that the bicarbonate reduces the



A nose bleed.

acid levels in the horse's muscles, delaying lactic acid build-up, improving endurance and late-stage energy levels. While this is generally harmless to horses, it still gives an illegal performance boost to the animal.

### Horse Racing Safety

Doping the horses to improve performance has a long history. According to Euripides (480 - 406 BC) some horses were fed human flesh to make them more savage and faster. In Roman times horses were given hydromel - a mixture of honey and water which ferments into mead. So prevalent did the use of hydromel become that its use for chariot horses became punishable by crucifixion. Doping of horses has continued over the centuries, with the incidence increasing after betting was legalised. The US has finally passed in 2020, the "Horse Racing Safety and Integrity Act", also creating a new agency to enforce the law. This was urgently required, especially in the US, where the multi-billion-dollar industry was prone to high degrees of drug abuse.

In India, the situation is much better. There are much fewer cases of horse doping, and the standards of enforcement are high - Mahalaxmi Race Course is a fine example. The best example are however the horse regiments of the Indian Army and certain fine Police horses like the those at the Rajasthan Police Academy, where the only stimulant is rum.

writetoarbit@rashtradoot.com

#FESTIVITIES

# Shubh Rangoli For Diwali

With Diwali inching closer, find out some beautiful shubhrangoli designs to decorate the entrance of your homes or office this festive season.

The celebrations have now moved on from Navratri and Durga Puja to Diwali and Chhath. October is a month full of festivities most of the time and these celebrations last 10 days for Navratri and Durga Puja and 5-days during Diwali and then concluding with Chhath Puja.

With all the Diwali cleaning underway the decorations including lights and paper lanterns are being installed in most houses and offices. People have started shopping for that earthen diyas, jewellery, gifts, sweets and so much more the list is endless. With all of this happening you must be wondering about the rangoli design to make this year so you don't have to spend too much time but end up making a beautiful rangoli for Goddess Lakshmi's welcoming at home or your workplace.

Here are some auspicious yet simple rangoli designs to choose from this Diwali:



### Chowk Rangoli

You can also make Rangoli with the help of chowk. Take out any of the easy and beautiful designs from the internet and make that design on ground with the help of chowk. Then you can fill it with colours of your choice.



### Flower Rangoli

The easiest way into making a beautiful and elaborate rangoli is one made with flower petals or whole flowers! Such flower rangolis are simpler and require lots of flowers to be put in a certain pattern to bring out the beauty. Flowers are considered auspicious in Hindu scriptures and are used in almost every ritual and puja.



### Simple Rangoli

Use a stencil for this simple rangoli design or go freehand and make the best shape or pattern that comes naturally to you and give the finishing touches once the rangoli is complete. A simpler rangolidesign is easier to make and many people who may be juggling both household chores and office work will find this design the most attractive.



### Peacock Rangoli

You can create peacock rangoli on the floor and decorate with your choice of colours and diyas. Mainly, this type of rangoli is made at the centre to attract the attention of the guests.

### Diya Rangoli

This is a typical rangoli design, as we all learnt back in school- Diya rangoli. When we think of Diwali, diyas come first to our minds and making a diya design rangoli will just add to the nostalgia and the charm.



### The Lotus Rangoli

Whenever you see an image or idol of Goddess Lakshmi is seen seated on a fully bloomed pink lotus flower with swans. Lotus is an auspicious symbol for inviting the Goddess of wealth and good fortune to enter your home or workplace.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पीसीपीएनडीटी एक्ट में पुलिस के हस्तक्षेप को हाईकोर्ट में चुनौती

## केन्द्र और राज्य सरकार के चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्थान अपील अथॉरिटी को नोटिस जारी

**जोधपुर,** (कास)। गर्भधारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक के उपयोग मामले में राज्य सरकार द्वारा 17 अक्टूबर 2012 को जारी किए गए नोटीफिकेशन में केंद्र सरकार के नियम 1996 धारा 17 व नियम 18ए (3) के तहत पुलिस स्टेशन के अधिकारियों को पीसीपीएनडीटी अपराध प्रकरणों मं जांच व कानून का उल्लंघन करने पर गिरफ्तारी के दिए गए अधिकार के खिलाफ राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधिपति विजय विश्नोई व कुलदीप माथुर की खंडपीठ में एक याची ने फौजदारी रिट याचिका दायर की है। खंडपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए भारत सरकार व राजय सरकार के चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के सचिव और राजस्थान स्टेट अपील अथॉरिटी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

अधिवक्त कैलाशनाथ जोशी ने हाईकोर्ट के न्यायाधिश विश्नोई व माथुर की खंडपीठ में याची मोहम्मद नियाज की ओर से इस संबंध में याचिका दायर कर कहा कि केंद्र सरकार ने लोकसभा में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिवैध) कानून पारित किया था। इस कानून को न तो परिवर्तित किया जा सकता है और न ही इसमें हस्तक्षेप किया जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नियमों में स्पष्ठ लिखा है कि ऐसे मामलों में जहां तक संभव हो, पुलिस का दखल एवं कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

अधिवक्ता जोशी ने पैरवी करते हुए कहा कि याची के खिलाफ 16 अगस्त 2016 को पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 315, 406, 420 एवं 120 बी आईपीसी के तहत मामल दर्ज किया है, जबकि राज्य सरकार के 17 अक्टूबर 2012 के नोटीफिकेशन की आड़ में याची के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती, क्योंकि यह नोटिफिकेशन संविधान की धारा 254 के विरूद्ध है एवं राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र के बाहर है, अत: इसे रद्द किया जाए। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने याची के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद संबंधित सरकारी विभागों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# जहरीला पानी पीने से आठ बच्चों सहित 10 बीमार

## गांव सात बीडी में आए थे नरमा चुगने, गांव पांच बीडी के हैं रहने वाले

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के रावला इलाके के गांव सात बीडी में जहरीला पानी पीने से दो महिलाओं और आठ बच्चों सहित दस लोगों की हालत बिगड़ गई। उन्हें रावला के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अब सभी दस रोगियों की हालत में सुधार है।

रावला इलाके के गांव पांच बीडी में इन दिनों परिवार नरमा चुगाई के लिए आया हुआ है। इस परिवार की दो महिलाएं और आठ बच्चे खेत में नरमा चुगाई के लिए निकले थे। ये लोग खेत जाते समय जिस मटके से पानी बोतल में भरकर ले गए उसमें पहले पेस्टिसाइड रखा गया था। इससे मटके में पेस्टिसाइड का असर था। परिवार ने इस मटके से पानी बोतल में भरा और बोतल लेकर खेत चले गए। वहां जाने के कुछ देर बाद परिवार के कुछ लोगों ने पानी पीया तो उन्हें उलटियां होने लगीं। इस पर आसपास काम कर रहे मजदूर उन्हें लेकर गांव 365 हैड के सरकारी अस्पताल पहुंच गए। जहां से उन्हें रावला रैफर कर दिया गया। रावला के सरकारी अस्पताल में इनका इलाज शुरू किया गया है।

रावला के सरकारी अस्पताल के प्रभारी डॉ.सुशील चोटिया ने बताया कि उनके यहां दो महिलाएं और आठ बच्चे भर्ती हुए हैं। इन्होंने पेस्टिसाइड वाले मटके में रखा पानी पी लिया था। इन्हें उलटियां होने पर पहले 365 हैड और फिर रावला के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। उनका इलाज किया जा रहा है। रावला के अस्पताल में माया (40) पत्नी हरनाम सिंह, पूनम (12) पुत्री राजू सिंह, राजकुमारी (16) पुत्री राजू सिंह, रजिया (12) पुत्री राजू सिंह, गंगादेवी (15) पुत्री हरनाम सिंह, विनोद (14) पुत्र हरनाम सिंह और विजय सिंह (10) पुत्र हरनाम सिंह, चरणजीत (12) पुत्र राजू सिंह तथा दो अन्य महिला और बच्ची शामिल हैं।

# पीड़ित छात्र के पिता ने लगाए स्कूल प्रबंधन पर आरोप

## स्कूल में छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट मामला

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर में पांच दिन पहले स्कूल में एक बच्चे के साथ की गई बेरहमी के साथ मारपीट मामले में पुलिस आज तक खाली हाथ है। वहीं परिजनों ने पुलिस के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए है और स्कूल के सभी बच्चों से वन टू वन बातचीत कर स्कूल में हुए पूर्व के प्रकरणों की जांच कराने और स्कूल के माहौल के बाद मुताबिक स्कूल के खिलाफ बड़ा एक्शन लेने की मांग की है।

पीड़ित छात्र के पिता महेश सैनी पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पांच दिन बीत जाने के बाद भी कोतवाली पुलिस मामले में लीपापोती कर रही है। बार-बार आग्रह करने के बावजूद स्कूल से सीसीटीवी फुटेज नहीं लिए गए है। वहीं मुझ पर समझौते को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने स्कूल के कॉर्डिनेटर करने वाले पदाधिकारी का नाम लेते हुए राज्य बाल आयोग, जिला बाल कल्याण समिति, कलेक्टर, एसपी और बाल अधिकारिता विभाग में शिकायत की है। जिसमें उन्होंने कहा है कि कॉर्डिनेटर के रसूख के चलते पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वहीं उसके बेटे की हालत चिंताजनक बनी हुई है।



पीड़ित छात्र के पिता महेश सैनी।

- पीड़ित छात्र के पिता ने बताया कि साक्ष्यों को खत्म करने का काम कर रहा प्रबंधन
- मामले में लीपापोती कर रही पुलिस

इधर, मामले की जांच कर रहे कोतवाली पुलिस के एएसआई आशुतोष ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले में स्कूल प्रबंध की ओर से भी कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आ रही है। जिसे लेकर सभी को इंतजार है। ताकि स्कूल प्रबंधन ने भी अपना पक्ष रखे। हमने भी संपर्क किया। लेकिन हो नहीं पाया।

# रीट लेवल-2 में पद यथावत रखने की मांग

**उदयपुर,** (कासं)। रीट लेवल.2 में पद वापस पहले की तरह रखने की मांग को लेकर युवा बेरोजगारों ने उदयपुर में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जारी विज्ञप्ति पर आक्रोश जताते हुए युवाओं ने शीघ्र ही मांगें पूरी करने की मांग पुरजोर तरीके से रखी। प्रदर्शन करने वाले युवाओं ने कहा कि इस बारे में मांग पूरी नहीं होने तक युवाओं द्वारा विरोध और प्रदर्शन का दौर बना रहेगा।दरअसल रीट लेवल.2 में राजस्थान के युवाओं और बेरोजगारों के लिए नौकरियां लाने जा रहे है।

इसी क्रम में बजट 2022 में रीट भर्ती की घोषणा भी की है। इसमें बजट 2०22 में रीट लेवल-2 के 31500 पद प्रस्तावित थे जो कि घटाकर 25500 कर दिए गए। इसमें से मुख्य परीक्षा के लिए 6 हजार पदों की कटौती की है। लेवल-2 के अभ्यर्थियों में पद घटने से युवाओं में आक्रोश व्याप्त है। युवाओं ने पूर्व में जो पद ; 31500 प्रस्तावित थे। उन्हें फिर पहले की तरह यथावत कर बेरोजगार युवाओं को राहत प्रदान कर न्याय दिलाने की मांग की।

# ओवरलोड डम्फरों के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

## दयाल की नांगल जीलो सड़क का है मामला

**पाटन,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम दयाल की नांगल से जिलो जाने वाली सड़क पर ओवर लोड डम्फर की रोकथाम को लेकर दयाल की नांगल के सैकड़ों ग्रामीणों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर अनिल महला एवं उपखंड अधिकारी ब्रजेश कुमार को ज्ञापन देकर ओवर लोड डम्फरो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

ग्रामीणों ने अवगत कराया कि दयाल की नांगल से जीलो को जाने वाली सडक प्रधानमंत्री योजना के तहत बनी है, जिसमें सड़क के नजदीक गांव के विद्यालय भी है। उक्त सडक पर कुछ समय से जीलो स्टेशन पर - क्रेशर मालिक मनोज घुमरिया ने रोडी व डस्ट का टैंडर ले रखा है। क्रेशर मालिक मनोज घुमरिया द्वारा उक्त सड़क पर ओवरलोड डम्फर डस्ट व रोडी भरकर करीब 40-50 टन से उक्त सडक पर आबादी के अंदर से होकर विद्यालय के नजदीक से ले जा रहे हैं, जिससे गांव में कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है।

ओवरलोड डंपरों के आवागमन से ठामीणों में आक्रोश व्याप्त है। क्रेशर मालिक ऊंची पहुंच वाला है ,दयाल की नांगल व झालरा के लोगों ने विरोध भी व्यक्त किया तथा मिटिंग भी की । नियमानुसार प्रधानमंत्री योजना के तहत बनी सड़को पर कुल 8 टन से अधिक वजन वाले वाहन नही चलाया जा सकते। अगर कोई व्यक्ति उक्त सड़कों पर 8 टन से अधिक भार का वाहन संचालित करता है तो उनके विरुद्ध धारा 188 के तहत कार्रवाई की जा सकती है। ज्ञापन देने के दौरान सरपंच मालीराम, उप सरपंच सुभाष, एडवोकेट राजेंद्र भाटिया, संतोष झालरा, बलबीर सिंह, मूलचंद, बनवारी, औंकार दास महाराज, बिरजू गुर्जर, कैलाश चन्द, जयराम, नरेश, प्रविण, मोहन, श्याम, रोहित कुमार सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।



ग्राम दयाल की नांगल के सैकड़ों ग्रामीणों ने एडीएम को ज्ञापन दे कार्यवाही की मांग की।

# 25 लाख की अवैध शराब बरामद

**उदयपुर,** (कासं)। आबकारी विभाग ने तीन अलग-अलग वाहनों से लगभग 25 लाख की अवैध शराब बरामद की। विभिन्न स्थानों पर कार्रवाइयों को अंजाम देते हुए टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त के निर्देशन में सख्त नाकाबंदी की गई।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर खेरवाडा टोल नाके के पास एक पिकअप की बॉडी से 134 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मौके से चालक मुकेश पुत्र जैसा राम जाट निवासी दौलतपुरा, सीकर और सह चालक नितेश पुत्र मक्खन लाल सैनी निवासी नवलगढ झुंझुनूं को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने शराब फर्जी बिल्टी के सहारे लोहार्गल से डूंगरपुर ले जाया जाना बताया। सहायक आबकारी अधिकारी अजय जैन ने बताया कि विभाग की नाकेबंदी के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 पर बंजरिया मोड पर एक आयशर ट्रक की बॉडी से सब्जी भरने वाले प्लास्टिक केरेट के नीचे रखी 400 कार्टन अवैध शराब बरामद की गई। वही वाहन चालक प्रकाश पुत्र गोवर्धन रेबारी निवासी नाई, उदयपुर को गिरफ्तार किया।

# सड़क पर सामान रखने पर पुलिस करेगी कार्यवाही

## 'सरकार द्वारा रोक लगाने के बाद भी दुकानों पर मिल रही पॉलीथिन'

**खेतड़ी,** (निसं)। नगर पालिका परिसर में बुधवार शाम को दीपावली के त्यौहार को लेकर पुलिस व व्यापारियों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। सीआई विनोद सांखला की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापारियों को दीपावली के त्यौहार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए सीआई विनोद सांखला ने बताया कि मुख्य बाजार में सड़क पर रेहड़िया व दुकान के आगे सामान लगाने से रास्ता संकरा हो जाता है। जिससे आमजन को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यापारी ने सड़क पर रेहड़ियों को लगाया या दुकान के आगे सामान सड़क पर लगाया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने सड़क पर लगी रेहड़ियों को हटाने, दुकान के आगे सामान भी नहीं लगाने, सामान लगाने से संकरे हुए रास्तों को खाली करने, बाजार को साफ सुथरा बनाने मे पुलिस व पालिका का सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि सरकार द्वारा पॉलीथिन पर रोक लगाने के बावजूद भी दुकानों पर पॉलिथीन का प्रयोग किया जा रहा है। जल्द ही पालिका के सहयोग से अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान यदि कोई पॉलीथीन बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

सर्दी का मौसम शुरू होने के साथ ही चोरियां भी बढ़ जाती हैं। जिनके खिलाफ जागरूक होकर रहे। वहीं कस्बे में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से दीपावली के त्यौहार पर बेहतर व्यवस्था बनाने में सहयोग करने की बात कही। बैठक के दौरान पार्षद लीलाधर सैनी ने सभी व्यापारियों से अपने आस-पास साफ सफाई का विशेष ध्यान देने व नालियों में कचरा नहीं डालने की अपील की।

इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष नवल किशोर पारीक, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, महेंद्र पारीक, अमरचंद शर्मा, विद्याधर सैनी, पार्षद मोहम्मद हारुन, चिमनलाल सोनी, श्यामसुंदर, राजकुमार पपूरनिया, हंसराज वर्मा, कुंदन सिंधी, प्रवीण गुप्ता, संदीप व्यास, किशन सिंधी, पंकज सिंधी, कैलाश, प्रेमचंद सिंधी, कन्हैयालाल सैनी, नरेश कुमार, सुनील कुमार, एचसी राजकुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।



बैठक के दौरान पुलिस अफसरों ने व्यापारियों से समझाइश की।

# बैंक के बीसी संचालक का बैग पार

**मण्डरायल/करौली,** (नि.स.)। मण्डरायल बड़ौदा बैंक से बीसी (बैंक मित्र) संचालक जितेंद्र सिंह के 3 लाख 35 हजार रुपये के भरे बैग को चोर ले गया जिसका मण्डरायल थाने पर बीसी संचालक ने मामला दर्ज कराया। बीसी संचालक जितेंद्र सिंह ने बताया कि वह गुरुवार को दोपहर 12 बजे के करीब बैंक से रुपये लेने गया जहां उसने अपने ऑडी खाते से 3 लाख 10 हजार और सेविंग खाते से 25हजार रुपये निकालकर बैग में रख लिए। बैग में रखने के बाद वह बैंक में बैग को बैंक कर्मचारी की टेबल पर रख कर कुछ काम करने लग गया। उधर घात लगा कर बैठा एक युवक बैग को उठाकर ले गया जब बीसी संचालक ने बैंक कर्मचारी की टेबल पर अपना बैग देखा बैग नहीं मिलने पर हक्का-बक्का रह गया और पूछताछ शुरू की बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं और कर्मचारियों से पूछताछ की लेकिन बैग नहीं मिला। उसके बाद बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा में फुटेज देखे तो एक अज्ञात युवक बैग को ले जाते कैमरे में कैद पाया गया बीसी संचालक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# सड़क हादसे में अध्यापक की मौत, छह घायल

- पिकअप में सवार यूपी के करीबन आधा दर्जन लोग घायल हो गये

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ थाने के तारानगर सादुलपुर सडक मार्ग पर धोलिया टोल नाके से करीबन 2 किलोमीटर आगे एक कार व पीकअप गाडी की हुई जबरदस्त टकर में कार सवार एक अध्यापक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पिकअप गाडी में सवार करीबन आधा दर्जन के आसपास लोग घायल हो गये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड गये तथा पीकअप गाडी में पलटा खा गई।

दुघर्टना के दौरान मौके पर वाहनो की लम्बी-लम्बी कतारे लग गई। उपस्थित अन्य वाहन चालको की कडी मशक्कत के बाद कार चालक को निकाला। घटना के दौरान पुलिस को देरी से मिली सूचना के बाद मौके पर पुलिस नहीं पहुंच पाई थी। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत महलाना के गाँव बास धेतरवाल निवासी अध्यापक धनपत जाट ददरेवा की ओर से अपने गाँव जा रहे थे तथा तारानगर की ओर से एक पीकअप गाडी में सवार होकर यूपी के जातरू ददरेवा गोगाजी के जा रहे थे। जैसे ही कार सेऊवा व महलाना बस स्टेण्ड के पास पहुँची तो यूपी की पीकअप गाडी उनकी कार से टकरा गई तथा कार की भंयकर टकर के कारण कार में सवार अध्यापक धनपत धेतरवाल की मौके पर ही मौत हो गई तथा पीकअप गाडी में सवार करीबन आधा दर्जन जातरू घायल हो गये।

घटना के बाद सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण सिंह राठौड, सोमवीर राठौड व पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामनिवास खीचड अध्यापक धनपत धेतरवाल को राजकीय रैफरल अस्पताल में ले गये, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। तथा समाचार लिखे जाने के दौरान मृतक अध्यापक धनपत धेतरवाल के शव को राजकीय रैफरल अस्पताल राजगढ के मोर्चरी रूम में रखवाया गया है।

# स्टूडेंट ने पहली बार एसडीपी डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। परिवार में धार्मिक, सामाजिक संस्कार से संताने ना केवल आदर्श प्रस्तुत करती हैं बल्कि परिवार को गौरांवित भी करती हैं, समाज में ऐसे युवा हैं, जो अपने प्रोफेशन को भी ये सोच कर चुन रहे हैं कि उन्हें सेवाकार्य करना है। हम बात कर रहे हैं टीम जीवनदाता के संयोजक व लायंस क्लब के रीजन चेयरमैन भुवनेश गुप्ता के पुत्र नमन गुप्ता की।

नमन गुप्ता ने पहली बार एसडीपी डोनेट की। वह केवल अभी 18 वर्ष के हैं और रक्तदान भी नही किया। नमन ने बताया कि वह पहले एसडीपी ही डोनेट करना चाहते थे, जितनी ज्यादा जटिलता पहली बार होगी उसके बाद कष्ट कम होगा। नमन कोटा में एलेन कोचिंग से नीट की तैयारी कर रहे हैं। चिकित्सा का ये कैरियर भी इसीलिए चुना है कि वह चयनित होकर व श्रेष्ठ डॉक्टर बनकर दूसरों की सेवा करना चाहते हैं।

गुप्ता बताते है कि उनके पास निजी अस्पता में भर्ती महावीर नगर निवासी कोचिंग छात्रा अंकिता चौहान (14) के पिता संजय सिंह और मामा सुदर्शन राजावत का काल आया और बी पॉजिटिव की एसडीपी की व्यवस्था हेतु अनुरोध किया। बिटिया अंकिता की प्लेटलेट्स गंभीर बुखार के कारण गिरती जा रही थी। नमन कोचिंग जाने की तैयारी में था कि पापा की फोन पर इस केस के विषय में हुई चर्चा ने उसके पैरो को रोक दिया।

नमन ने जिद्द की और मासूम बहन की जान बचाने के लिए तलवंडी स्थित अपना ब्लड बैंक आकर एसडीपी डोनेट की। नमन ने एसडीपी डोनेशन के दौरान कहा कि बचपन से ही रक्तदान, एसडीपी, प्लाज्मा जैसे शब्द घर में आमतौर पर चर्चा का विषय हुआ करते थे। नमन की मां डॉ क्षिप्रा गुप्ता और दादी शकुंतला गुप्ता ने बहुत प्रोत्साहित किया। नमन का कहना है कि वे रोगी, अस्पताल और दवाइयों के बारे में सुना करते थे, लोगों की पीड़ा को देखकर पिता से कई बार कहा कि क्या मै भी इस नेक कार्य की शुरूआत कर सकता हूं तो पता चला की 18 वर्ष के बाद कर सकते हैं। तब से इस दिन और अवसर का इंतजार था और अब पहली बार एसडीपी डोनेशन के बाद लगातार डोनेशन करने के साथ साथी मित्रों को भी मोटिवेट करेंगे। नेक सेवाकार्य की शुरूआत करवाने का श्रेय नमन अपनी मम्मी पापा और दादी को देते है।

# भारत-पाक बॉर्डर पर भूकंप के झटके

**अनूपगढ़,** (निसं)। भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में बीती रात को भूकम्प के झटके महसूस किए गए । रात्रि 9 बजकर 58 मिनट पर महसूस किए गए झटकों के साथ एक तेज धमाके की आवाज भी सुनाई दी गई।

इसके बाद लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। वार्ड नम्बर 25 निवासी भामाशाह मोहित छाबड़ा , वार्ड नं 14 के पार्षद सन्नी धायल और आदर्श कॉलोनी निवासी नरेश छींपा ने बताया कि रात 9 बजकर 58 मिनट पर घरों के दरवाजे खिडकियां हिलते महसूस किए गए। वहीं एक तेज धमाका भी सुनाई दिया जो आम तौर पर भूकंप आने पर नहीं सुनाई देता। झटकों को लेकर कई सोशल मीडिया ग्रुप में अलग-अलग चर्चाएं चली। लोगों ने अपने-अपने टीवी सैट शुरू कर समाचार सुने लेकिन समाचार चैनल पर केवल भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में भूकंप के समाचार चल रहे थे। लोगों ने दूर दराज रहने वाले अपने रिश्तेदारों से भूकंप के बारे में जानकारी ली लेकिन सीमावर्ती क्षेत्र के अलावा कहीं भी भूकंप के समाचार नहीं मिले हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यह धमाका किसी सैन्य गतिविधि का हो सकता है, लेकिन इसके संबंध में भी कोई पुष्टि नहीं हुई है।

# डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा तीस हजार से अधिक की आबादी वाला सूरजगढ़ कस्बा

## अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ ना होने से नहीं जाना चाहती गर्भवती महिलाएं

**सूरजगढ़,** (निसं)। तीस हजार से अधिक की आबादी वाला कस्बा डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। सात चिकित्सक पद स्वीकृत होने के बाद भी चार चिकित्सकों के भरोसे अस्पताल चल रहा है। स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने से महिला मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन 400 मरीजों की ओपीडी होने के साथ-साथ 100 से अधिक महिला मरीज शामिल है।

अस्पताल पर स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में महिला डॉक्टर का होना बेहद जरूरी है। सामान्यता महिलाएं अपनी हर बीमारी के बारे खुलकर पुरुष डॉक्टर को नहीं बताती हैं। जिसके कारण सही समय पर इलाज न होने से उनका मर्ज बिगड़ जाता है और आगे चलकर उन्हें ऑपरेशन जैसी स्थिति से भी गुजरना पड़ जाता है। कई बार जनरल चिकित्सक महिला बीमारियों को ठीक ढंग से पकड़ नहीं पाते और सामान्य बुखार भी आगे चलकर मलेरिया, टाइफाइड बन जाता है। वहीं गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर जरूरी जांच भी करवाना होती हैं। लेकिन वे स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने के चलते जरूरी जांचें नहीं करवा पाती हैं। जिससे आगे चलकर परेशानी का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार स्त्री रोग विशेषज्ञ ना होने के चलते दो महिला एमबीबीएस चिकित्सकों द्वारा महीने की दस डिलीवरी केस करवा पा रहे हैं। दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी भी बनी हुई है।

फिजीशियन, सर्जन, एनेथिसिया नहीं होने से आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र की 100 गांवों के लोग स्वास्थ्य सुविधा के लिए निर्भर है। वहीं प्रशासन को जानकारी होने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है। मरीजों को इलाज के लिए पिलानी या चिड़ावा प्राइवेट अस्पताल जाना पड़ता है। इसके अलावा नर्सिंग स्टाफ की कमी से भी इनकार नहीं किया जा सकता जानकारी के मुताबिक 9 नर्सिंग स्टाफ से ही काम चलाया जा रहा है।

**दो महीने से यही हाल एक्सरे सेवा का, मरीजों को नहीं मिल रहा सेवाओं का लाभ:-** एक तरफ सरकार सरकारी अस्पतालों में फ्री जांच के नाम पर वाहवाही लूट रही है। तो दूसरी तरफ अस्पतालों में संसाधन धूल फांक रहे है और सुविधाएं दम तोड़ रही है। जहां पर पिछले दो महीने से एक्सरे सुविधा बंद पड़ी है। कारण है कि एक्सरे टेक्निशियन का तबादला हो गया। जिसके चलते यहां आने वाले दिनभर में दो दर्जन से अधिक मरीजों को फ्री जांच की सुविधा भी नहीं मिल रही है और मोटी रकम चुकाकर अस्पताल के बाहर एक्सरे करवाना पड़ रहा है।

यही हालत अस्पताल में करीब छह महीने पहले स्थापित सोनोग्राफी मशीन का है। विधायक सुभाष पूनियां ने अपने कोटे से करीब 17 लाख रूपए खर्च कर अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन लगाई। इच्छा थी कि सोनोग्राफी की सुविधा शुरू हो जाएगी। लेकिन विडंबना है कि छह महीने पहले जब सोनोग्राफी सेंटर का फीता काटा गया था। तब से ही इस सेंटर के आगे ताला लगा हुआ है। कारण कि यहां पर रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। लेकिन एक्सरे टेक्निशियन संदीप कुमार झुंझुनूं के नवलगढ़ का रहने वाला था। उसने अपना तबादला नवलगढ़ ही करवा लिया। सरकार ने अभी उसकी जगह दूसरा कोई कार्मिक लगाया नहीं है। जिसके कारण अस्पताल में आने वाले रोगियों के एक्सरे नहीं हो पा रहे है।

**''अस्पताल में 7 चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं लेकिन 4 चिकित्सक ही कार्यरत हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित फिजीशियन की आवश्यकता है। एक्सरे टेक्निशियन का तबादला होने के कारण फिलहाल एक्सरे सुविधा नहीं है। जल्द ही सुविधा शुरू होगी। सोनोग्राफी के लिए रेडियोलॉजिस्ट की मांग की है। रेडियोलॉजिस्ट के पदस्थापन के साथ सुविधा शुरू होगी। हमारी तैयारी पूरी है।''**

***- सीएचसी प्रभारी डॉ. हीरेंद्र धनखड़***

**''डिमांड व जनता की सुविधा को देखते हुए सोनोग्राफी मशीन सहित एक्स-रे डिजिटल मशीन भी अस्पताल प्रशासन को दिला दी गई है। एक करोड़ से अधिक के मेडिकल उपकरण दिलाए। सरकार की उदासीनता के चलते करोड़ों के उपकरण धुल फांक रहे हैं। लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। वर्तमान सरकार व कांग्रेस पार्टी से जुड़े प्रतिनिधि की हठधर्मिता के चलते आम जनता तक लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। आदर्श सीएससी को बदनाम करना चाहते हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ व फिजीशियन के लिए भी सरकार को मांग भेज रखी है।''**

***-सूरजगढ़ विधायक सुभाष पूनियां***

## संक्षिप्त

### इरफान कोर्डिनेटर नियुक्त

**लालसोट**, (निसं)। स्थानी कांग्रेस कार्यकर्ता इरफान को यूथ कांग्रेस के



शीर्ष नेतृत्व द्वारा लालसोट विधानसभा क्षेत्र कोर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। इरफान ने बताया कि वे यूथ कांग्रेस द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं कांग्रेस सरकार की रीति नीति को सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से आमजन को रूबरू कराते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

### विधायक भंवरलाल को श्रद्धांजलि दी

**पावटा**, (निसं)। तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा के तत्वावधान में पावटा सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला में विधायक पंडित भंवर लाल शर्मा के निधन को लेकर तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महासभा से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित सर्व समाज के लोगों ने पंडित भंवरलाल शर्मा के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### साढे तीन घंटे बिजली बंद रहेगी

**निवाई**, (निसं)। दीपावली पर्व के उपलक्ष में विद्युत लाइनों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को 3:30 घंटे बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि मरम्मत कार्य को लेकर शुक्रवार को समस्त नगर पालिका क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र, रेलवे स्टेशन, जनता कॉलोनी, बरथल तिराहा, बरौनी थाना तन एवं बड़ी बरथल के आसपास क्षेत्र में सुबह 8 से 11:30 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**निवाई**, (निसं)। बरोनी पुलिस ने गुरुवार को एक साल 9 से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरोनी थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशों पर पुलिस ने एक वर्ष 9 माह से फरार चल रहे आरोपी कैलाशचंद गुर्जर निवासी गुढ्ढाआनंदपुरा को गिरफ्तार किया गया है।

# मासी व बिडोली बांध से निवाई के लोगों को मिलेगा पानी

**निवाई**, (निसं)। विधायक प्रशांत बैरवा के अथक प्रयासों से देवधाम जोधपुरिया के मासी बांध एवं बिडोली बांध से निवाई शहर को पानी सप्लाई के लिए जल संसाधन विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

- विधायक प्रशांत बैरवा के प्रयास हुए सफल

जिससे निवाई वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता अशोक जैन ने बताया कि निवाई शहर को पानी सप्लाई के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के लिए पानी रिजर्व किया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में आरक्षित पेयजल के साथ-साथ अलग से भी पेयजल रिजर्व किया गया है। उन्होंने बताया कि निवाई की आबादी के लिए 114 एमसीएफटी मासी बांध से व 40 एमसीएफटी मासी बांध से कूल 154 एमसीएफटी पानी की सप्लाई होगी। जिससे निवाई में पेयजल समस्या से निजात मिलेगी।

उल्लेखनीय हैं कि विधायक प्रशांत बैरवा मासी बांध से निवाई शहर को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए कई वर्षों से प्रयास कर रहे थे। जिसको लेकर जल संसाधन विभाग ने स्वीकृति जारी की है। जिससे उनके अथक प्रयास कामयाब होने पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष महावीरप्रसाद पराणा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, प्रदीप पारीक, दिपेन्द्रसिंह खंगारोत, राजेश चौधरी गुरूजी, राजेश पारीक खंडवा, ब्रह्मप्रकाश गुर्जर, एडवोकेट सतीश शर्मा एवं सीताराम कटारा सहित कई जनप्रतिनिधियों व पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व विधायक प्रशांत बैरवा का आभार व्यक्त किया।



**विधायक प्रशांत बैरवा के अथक प्रयासों से देवधाम जोधपुरिया के मासी बांध एवं बिडोली बांध से निवाई शहर को पानी सप्लाई के लिए जल संसाधन विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।**

## दीपावली मिलन समारोह मनाया

**अलवर**, (निसं)। वैष्णव ब्राह्मण समाज का दिवाली मिलन समारोह 20 अक्टूबर को समाज भवन में जिला अध्यक्ष के आह्वान पर प्रात: 11 बजे मनाया गया।

जिला अध्यक्ष सुरेश वैष्णव ने बताया कि परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंती भाई बी वैष्णव ने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा की है। इस समारोह में उपस्थित टीकम चंद वैष्णव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को राष्ट्रीय अध्यक्ष (परिषद) ने अलवर, भरतपुर एवं धोलपुर जिले का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। इसके लिए समारोह में उपस्थित सदस्यों ने टीकम को माला व साफा पहनाकर कर सम्मानित किया।

टीकम वैष्णव ने इसके लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया व अपनी आगामी योजनाओं से समाज को अवगत कराया तथा अलवर जिले से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए जगमोहन वैष्णव का नाम अलवर जिले से प्रस्तावित किया।

जिला अध्यक्ष जग्गू वैष्णव का नाम प्रस्तावित होने पर जिला उपाध्यक्ष मनोहर लाल वैष्णव रमेश चंद्र वैष्णव दौलत राम वैष्णव मुकेश चंद देवेंद्र भगवान सहाय लक्ष्मीकांत एवं समस्त ब्लॉक खेडली के कार्यकारिणी की तरफ से शुभकामनाएं दी गई सभी सदस्यों ने उनका स्वागत साफा व माला पहनाकर कर सम्मानित किया।

## जन सुनवाई के सभी प्रकरणों के समाधान के निर्देश

**अलवर**, (निसं)। त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आज जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई।

- जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई हुई

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनसुनवाई में आए सारे प्रकरणों का परीक्षण कर संबंधित अधिकारी यथाशीघ्र गुणात्मक निस्तारण करें। प्रकरणों को बिना वजह लंबित रखना पाया जाएगा तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ संवेदनशील रहकर आमजन की परिवेदनाओं का निराकरण करें। जनसुनवाई के दौरान फरियादी को ससम्मान कुर्सी पर बैठाकर जिला कलक्टर ने उनकी परिवेदनाओं को सुना।

जिला कलक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 241 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की जिनमें मुख्य रूप से राजस्व, पंचायती राज, जलदाय विभाग, यूआईटी, नगर परिषद, पुलिस, रसद, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा, श्रम विभाग आदि की परिवेदनाएं थी। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुडकर जनसुनवाई का फीडबैक लिया। उन्होंने जिला कलेक्टर द्वारा की जा रही जनसुनवाई को देखा। उन्होंने जिला कलक्टर से विगत जनसुनवाइयों में आए प्रकरणों व उनके निस्तारण के बारे में जानकारी ली। जिला कलक्टर ने अवगत कराया कि अब तक हुई जिला स्तरीय जनसुनवाइयों में करीब 750 प्रकरण आए थे जिनमें से 700 प्रकरणों का निस्तरण किया जा चुका है।

जनसुनवाई में जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, शहर विधायक संजय शर्मा, पुलिस अधीक्षक भिवाडी शांतनु कुमार सिंह, बीडा भिवाडी के सीईओ रोहिताश्व सिंह तोमर, यूआईटी की सचिव डॉ. मंजू, एडीएम प्रथम उत्तम सिंह शेखावत, एडीएम द्वितीय जितेन्द्र सिंह नरूका सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बोतलों में पेट्रोल देकर हादसे को दे रहे न्यौता

**बहरोड़/नीमराना**, (निसं)। बहरोड़ कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित मैसर्स सुजान सिंह एंड ब्रदर्स पर पेट्रोल पंप के सर्वर से सीधे बोतलों में पेट्रोल बेचने का मामला सामने आया है।

गौरतलब है कि मैसर्स सुजान सिंह एंड ब्रदर्स का पेट्रोल पंप बहरोड़ कस्बे के मुख्य चौराहे पर नगर पालिका क्षेत्र बहरोड़ शहर के बीच स्थित है। जिसके द्वारा सरेआम बोतलों में सीधे सर्वर से पेट्रोल डाला जा रहा है।

जो भारत सरकार तथा प्रशासन को चुनौती देते हुए हिंदुस्तान पैट्रोलियम निगम के नियमों का उल्लंघन करना है। एक तरफ जहां पेट्रोल पंप के मालिक दिखावा करने की स्थिति पैदा कर रहे हैं वहीं सरेआम शहर के बीच ही सीधे खुल्लम खुल्ला बोतल में पेट्रोल बेच रहे हैं।

ज्ञात रहे कि बहरोड़ उपखंड में अलवर बहरोड़ रोड पर परचून की दुकानें हो या ग्रामीण क्षेत्र के गांव सब जगह खुले में बोतलों में पेट्रोल मिल रहा है। राहगीर इसको अब आम सुविधा या हाथ में पेट्रोल मानकर चलने लगे हैं। जबकि लगभग हर पांच 7 किलोमीटर पर एक पेट्रोल पंप उपलब्ध है लेकिन इन पेट्रोल पंपों पर भी राजनीतिक पहुंच और प्रशासनिक संरक्षण कार्यवाही करना है या नहीं करना यह तय करवाता है। जिसके चलते निष्पक्ष कार्यवाही नहीं होने से सरकारी तंत्र निरंकुश हो गया है। वहीं सैकड़ों उद्योग अपने कर्मचारियों के आवास बता कर घरेलू गैस के कनेक्शन का काला कारोबार भी बहरोड़ बाजार में चलवा रहे हैं।



**बहरोड़ के पैट्रोल पंप पर बोतल में पैट्रोल डालकर बेचते कर्मचारी।**

# सार्वजनिक लाइटों से ग्रामीण वार्डों में भी मिलेगी रोशनी

**मंडावरी**, (निसं)। नगर पालिका मंडावरी के कई ऐसे वर्ड जो नगरपालिका बनने से पहले कभी सार्वजनिक लाइटों से वंचित रहा करते थे। ऐसे ग्रामीण वार्डों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा की पहल पर इस बार दीपावली पर सार्वजनिक सरकारी स्ट्रीट लाइटों के साथ हुई रोशनी में दीपावली का पावन पर्व मनाने का अवसर मिलेगा।

- चिकित्सा मंत्री की पहल पर लग रही लाइटें
- दीपावली के त्यौहार पर बाजार में आकर्षक सजावट को लेकर अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा ने व्यापार मंडल की बैठक ली

मंडावरी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा ने बताया कि चिकित्सा मंत्री द्वारा नगरपालिका को निर्देशित किया गया था कि दीपावली पर क्षेत्र के ग्रामीणों वार्डों में भी सरकारी लाइट लगाकर को लाभान्वित किया जाए। अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा ने बताया कि विगत कई सालों से रोशनी से वंचित रहे हैं वार्ड कोठे वाली ढाणी तुमड़ा वाली ढाणी लाकड़ा वाली ढाणी में स्ट्रीट लाइटें लगाकर इन ग्रामीण वार्ड दो में रोशनी का कार्य किया गया है। जल्द ही बचे हुए वार्ड शकरपुरिया मालियान ढाणी व गोरा वाली ढाणी एवं बही वाली ढाणी को भी सार्वजनिक स्ट्रीट लाइट लगाकर रोशनी से जगमग करने का कार्य किया जाएगा। वहीं दीपावली के पर्व पर बाजारों को आकर्षक सजाने एवं रोशनी करने के लिए अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा द्वारा व्यापार मंडल की बैठक ली गई। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा आए हुए व्यापारियों से अपील की गई कि वे खुद के स्तर पर बाजारों को दीपावली के मौके पर आसक्त आकर्षक रंगीन सजावट करें ताकि इस बार की दीपावली विशेष बन सके।

## विवाहिता की हत्या का मामला

**खैरथल**, (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस में एक विवाहिता को दहेज की लेकर हत्या करने का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस के अनुसार भिवाड़ी विजय कुमार पुत्र बलवीर ने मामला दर्ज कराया है कि उसकी बहन दीपिका का विवाह खैरथल के वार्ड नं 8 निवासी दीपक पुत्र हरीराम जाटव के साथ 12 दिसम्बर 2018 को हुआ था, तब से ही उसे ससुराल पक्ष द्वारा दहेज़ की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। अब 19 अक्टूबर 2022 को उसके पति सहित चार लोगों ने हत्या करने के बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे फंदा लगाकर पंखे पर लटका दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पंखे से लटक रहे शव को उतरवाकर अपने कब्जे में लिया और खैरथल के राजकीय सेटेलाइट अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## शांति व्यवस्था को लेकर एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। श्रीमाधोपुर उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट दिलीप सिंह राठौड़ ने दीपावली त्यौहार को लेकर कानून व शांति व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सद्भाव बनाने के लिए एरिया मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की है।

- दीपावली त्यौहार पर कानून व्यवस्था बनायेंगे

राठौड़ के अनुसार लोकेंद्र मीणा तहसीलदार श्रीमाधोपुर को नगर पालिका व तहसील श्रीमाधोपुर का संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र एवं लाल सिंह राठौड़ उप तहसीलदार अजीतगढ़ को संपूर्ण अजीतगढ़ व थोई थाना क्षेत्र के लिए एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है तथा आवंटित क्षेत्रों में कानून व शांति व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए निर्देशित किया है। इसी के साथ एरिया मजिस्ट्रेट के सहयोग एवं निगरानी रखने के लिए समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को ग्राम पंचायत वार क्षेत्र आवंटित किया गया है। यह नियुक्ति दीपावली त्यौहार 23 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 22 तक आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था करने तथा कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई है।

गुरुवार को पंचायत समिति के विषय में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तहसीलदार लोकेंद्र मीणा, लाल सिंह राठौड़ उप तहसीलदार अजीतगढ़, मंगल चंद सैनी सहायक विकास अधिकारी अजीतगढ़ सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## 'हमारी संस्कृति में त्यौहार का महत्व'

**निवाई**, (निसं)। पूर्व छात्र संस्था द्वारा संचालित रानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में गुरूवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिनेशकुमार टोडवाल एवं प्राचार्य डॉ रेनू अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि हमारी संस्कृति में त्योहार और उत्सवों का बहुत महत्व है। इनमें हमारी संस्कृति की झलक स्पष्ट दिखाई देती है और हमें भी हमारी संस्कृति को बनाए रखने के लिए इन उत्सवों और त्यौहार को अधिक से अधिक आयोजित करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें बालिकाओं ने बढ़-चढकर प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओ में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को संस्था द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

# गाय से टकराकर बाइक चालक डंपर के नीचे आया

**पावटा**, (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम चांदोली नाका के पास गुरुवार सुबह सड़क हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

- गंभीर हालत में जयपुर रैफर किया
- चालक मौके पर डंपर को छोड़ कर फरार हो गया

राहगीरों से इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस के पहुंच ने से पहले से घटना स्थल पर मौजूद लोग घायल को पावटा अस्पताल में लेकर गए जहां गंभीर हालत को देखते हुए जयपुर रैफर कर दिया गया।

प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ढांकला की ढाणी निवासी अंकित गुर्जर पुत्र धर्मपाल गुर्जर बाइक से कहीं जा रहा था। इस दौरान सुबह करीब 8 बजे ग्राम चांदोली नाका पर अचानक गाय सामने आ गई।

इससे उसने बाइक के ब्रेक लगा दिये जिस पर पीछे से स्पीड में आ रहे ओवरलोड डंपर के ब्रेक नहीं लगने के कारण बाइक पर चढ़ गया व बाइक चालक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं डंपर चालक मौके पर डंपर को छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर प्रागपुरा पुलिस मौके पर पहुंची।

जहां टोरडा गुजरान सरपंच प्रेम नाथ महाराज, पूर्व विधायक रामस्वरूप कसाना सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने रोड जाम कर धरने पर बैठ गए। ओवर लोड वाहनों का प्रवेश निषेद, रोड के निर्माण सहित घायल युवक को मुवावजे की मांग की।

जिस पर ओवर लोड वाहनों पर कार्यवाही के लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों के रहने, माईनिंग विभाग के अधिकारियों के रहने, भारी ब्लास्टिंग करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करने के आश्वाशन के बाद लोगों ने धरना समाप्त किया।



**लोगों ने धरना देकर ओवर लोड वाहनों का प्रवेश बंद करने व रोड के निर्माण सहित घायल युवक को मुवावजे देने की मांग की।**

## सांसद ने केन्द्रीय रेल मंत्री से की भेंट

**दौसा**, (निसं)। दौसा सांसद जसकौर मीणा ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर अहमदाबाद-दिल्ली आश्रम एक्सप्रेस का ठहराव बसवा रेल्वे स्टेशन पर किये जाने की मांग की।

भेंट के दौरान सांसद जसकौर मीणा ने रेल मंत्री को बसवा के कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीये भेंट कर उन्हें दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। दौसा सांसद जसकौर मीणा ने बताया कि दौसा संसदीय क्षेत्र की रेल सेवाओं से सम्बंधित कई मांगों को लेकर मंत्री से आग्रह करते हुए 12915, 12916 अहमदाबाद. दिल्ली आश्रम एक्सप्रेस का बसवा स्टेशन पर ठहराव की मांग की। इसके अलावा बसवा स्टेशन पर सवारी गाडी पूजा या रानीखेत के ठहराव, दौसा रेलवे स्टेशन पर डबल डेकर का ठहराव, अजमेर-आगरा फोर्ट सुपरफास्ट एक्सप्रेस का बांदीकुई रेलवे स्टेशन पर ठहराव समेत कई स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहरावए जिनका संचालन कोरोना महामारी के दौरान बंद हो गया था उन्हें फिर से शुरू करने की मांग की। रेल मंत्री ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## सार-समाचार

### मनोनीत सदस्यों का स्वागत किया



**देवली**, (निसं)। राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में गुरुवार को मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में सदस्या माया सुवालका, के. आर. मेघवाल, चुन्नी लाल कप्तान ने आज सदस्य पद पर राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड में कार्यग्रहण किया। इस अवसर पर बोर्ड अध्यक्ष गोपाल सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष राजेष टंडन, बोर्ड सदस्य आत्माराम गोयल, प्रतापसिंह राजपुरोहित, एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी नव मनोनीत सदस्यगणों का स्वागत किया एवं सभी माननीय सदस्यों के साथ में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के प्रति सजग एवं हितकारी कदम उठाने की प्रतिबद्धता जाहिर की गई। सदस्य कार्य करने के बाद के बाद सदस्य माया सुवालका का स्वागत कलाल समाज द्वारा भी किया गया। जिसमें महेन्द्र मीणा पूर्व विधायक, जगदीष प्रसाद बैरवा प्रकाष शर्मा, कन्हैयालाल जी पारेता अध्यक्ष राजस्थान कलाल महासभा, उत्तम चंद चौधरी, कमल जायसवाल, गोविन्द जायसवाल, राजपाल जयसवाल तथा राकेष सेठी उपस्थित रहे।

### 20 वां उर्स मनाया



**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। कौमी एकता का प्रतीक दरगाह पीर नूर मोहम्मद खान पठान का सालाना भीष्मा उर्स गुरुवार को बड़ी शान शौकत के साथ मनाया गया। दरगाह खादिम तेजपाल सैनी खण्डेला वाले ने बताया कि शाम 4 बजे भक्त सीताराम बोहरा का भव्य स्वागत किया गया व चादर, जुलुस गाजे बाजे के साथ गंगा माता मंदिर के पास स्थित तीज मेल से शुरू होकर दरगाह पंहुची,जहां बाबा को चादर पेश की। सैनी ने बताया कि शाम 7 बजे बाबा ने अपने जन्मदिन का केक काटा व भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित किया व आये हुए सभी समुदाय के लोगों ने पंगत प्रसादी पायी व रात 9 बजे बाबा की खिदमत में महफिल ए कव्वाली और शैरो- शायरी का कार्यक्रम बाबा मीनार अली शाह कपासन वाले की मौजुदगी में कव्वाल लतीफ साबरी द्वारा पेश की गई। कार्यक्रम में सुरेश करीरी, गिरधारी सैनी, रामस्वरूप भुराड़िया,आशिफ अली, इस्लाम, सीताराम दुल्हेपुरा, रामचन्द्र गढ़वाल व रामनारायण चौमू आदि उपस्थित थे।

### सीएम कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों के साथ दिवाली मनायेंगे

**दौसा**, (निसं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 21 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक मुख्यमंत्री निवास पर दौसा जिले के कोविडकाल में अनाथ हुये बच्चों के साथ दीपावली पर्व समारोहपूर्वक मनायेंगे साथ ही बच्चों के साथ लंच भी करेंगे। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि जिले में कोरोना के कारण अनाथ हुए 7 बालक, बालिका व उनके साथ एक-एक अभिभावक को मुख्यमंत्री निवास पर भिजवाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्था की गई है। 21 अक्टूबर को प्रात: 8 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से वाहन द्वारा रवाना किया जावेगा। उन्होंने आयुक्त नगर परिषद दौसा को 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु कोविड के कारण अनाथ हुई बालक, बालिकाओं एवं उनके अभिभावक को उक्त कार्यक्रम में लाने व ले जाने के लिए आवश्यक वाहन प्रात: 7 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।

### वाहन चालकों की आंखें जांची

**दौसा**, (निसं)। रोटरी क्लब दौसा एवं परिवहन विभाग तथा ट्रक यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में ट्रक यूनियन दौसा में गुड्स वाहनों, बाल वाहिनीयों एवं अन्य व्यवसायिक वाहनों के चालकों के लिए नेत्र एवं दंत जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि आरटीओ रविन्द्र जोशी व ट्रक यूनियन अध्यक्ष पंकज खण्डेलवाल ने भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने समय पर स्वाथ्य की देखभाल व यातायात नियमों के पालन में ही समझदारी पर जोर दिया व रोटरी के सराहनीय सेवा कार्यों की प्रशंसा की। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. शिरीष बत्रा, दंत चिकित्सक डॉ.नवीन शर्मा द्वारा निशुल्क चिकित्सीय परामर्श किया गया। शिविर में चिह्नित मरीजों के नेत्र सम्बंधी गम्भीर बीमारियों की शिवम आई हॉस्पिटल दौसा में निशुल्क जांच एवं ट्रक यूनियन की तरफ से चश्मा वितरण किया जाएगा। शिविर में कुल 85 नेत्र रोगियों का नेत्र परामर्शए 32 नेत्र रोगियों का चश्मा वितरण के लिए चिह्नित व 58 दंत रोगियों का दंत परामर्श दिया गया।

### महिला सुरक्षा सखी बैठक आयोजित

**पावटा**, (निसं)। राजस्थान पुलिस द्वारा प्रदेश भर में चलाये जा रहे महिला सुरक्षा सखी अभियान को लेकर सोमवार को महिला सुरक्षा सखी बैठक का आयोजन प्रागपुरा पुलिस थाने में थाना प्रभारी किरण सिंह यादव की अध्यक्षता में हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार क्षेत्र में सामाजिक बुराईयों को मिटाने एवं बालिकाओं व महिलाओं पर होने वाले अत्याचार व उत्पीडन को रोकने के लिए पुलिस पूर्णतया तत्पर है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक बालिका को शिक्षा व महिला को सम्मान मिले। इस दौरान थाना प्रभारी किरण सिंह ने महिला सुरक्षा सखियों को महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी भी दी। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता रवि शर्मा, एडवोकेट ज्योति शर्मा, तारा जांगिड, सुमन रेवाला, इंद्रावती पारिक, रेखा देवी, सरोज देवी, सावित्रि देवी, मनीषा गुर्जर, कौशल्या कवर, ममता शर्मा, मंजू देवी, पूजा कुमारी, गायत्री देवी, संतरा देवी, अनीषा चौधरी काफी संख्या में महिला मौजूद रही।

### दो पशु चिकित्सा उपकेन्द्र स्वीकृत

**पावटा**, (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुशंषा पर राज्य सरकार के पशुपालन विभाग ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बजरंगपुरा व श्यामपुरा में एक- एक नये पशु चिकित्सा उपकेन्द्र खोले जाने की स्वीकृति जारी की है। इस सम्बंध में विभाग की शासन उप सचिव कश्मी कौर द्वारा जारी आदेशानुसार ग्राम बजरंगपुरा व श्यामपुरा में नये पशु चिकित्सा उपकेन्द्र खोले जायेंगे। विधायक इंद्राज गुर्जर ने पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के गांवों में पशु चिकित्सा उपकेन्द्र होना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे किसानों व पशुपालकों को लाभ होगा। उन्हें अपने पशुओं के उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर सस्ता व सुलभ उपचार उपलब्ध होने से आर्थिक विकास में भी मदद मिलेगी।

### लूट का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**पावटा**, (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टसकोला में 4 अक्टूबर को ई मित्र संचालक से हुई लूट का पुलिस ने खुलासा करते हुए बदमाश हितेश उर्फ डिप्टी को गिरफ्तार किया है। एसपी मनीष अग्रवाल ने बताया कि ई मित्र संचालक नरेंद्र सिंह रतनावत की टसकोला स्टैंड के सामने ई मित्र की दुकान है। 4 अक्टूबर की रात करीब 9.30 बजे जब दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। घर के बाहर बाइक पर सवार चार बदमाशों ने ई मित्र संचालक से हथियारों के बल पर रुपयों से भरा बैग व दस्तावेज, मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए थे। तभी से प्रागपुरा पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी।

## संक्षिप्त

### मुराद सदस्य नियुक्त



**टोंक, (निसं)।** राज्य सरकार के आदेशानुसार उद्योग एवं वाणिज्य ग्रुप 2 विभाग के संयुक्त शासन सचिव शक्ति सिंह राठौड ने राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य पद टोंक जिले से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुराद गांधी को नियुक्त किया है।

### दीपावली को लेकर सजे बाजार

**रींगस, (निसं)।** दिवाली के त्यौहार का नाम सुनते ही बाजारों में चहलकदमी बढ़ जाती है। शहर सहित आस-पास के गांवों के बाजारों में दिवाली को देखते हुए बाजार सज धज कर तैयार हो रहे हैं। कुछ बाजार सज गये हैं तो कुछ में अन्तिम चरण में काम चल रहा है। इलेक्ट्रीक वाहन, वाहन , इलैक्ट्रोनिक्स बाजार, पेन्ट्स, परचून, कपड़े, फर्निचर, ज्वैलरी, बर्तन के बाजार सज धज कर तैयार है। वहीं अन्य फुटकर बाजार हैण्डीक्राफ्ट,फल सब्जी, मिट्टी के बने बर्तन तथा आइटम के बाजार कल से शुरू हो जायेंगे। बच्चे कपडे,साईकिल व अपने खेलने के आइटमों के बाजार तलाश रहे है। इस बार पटाखे में पिछली बार से बहुत तेजी आई है।

### टक्कर से युवक की मौत

**कोटपूतली।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरूवार अल सुबह करीब 5 बजे निकटवर्ती ग्राम मोलाहेड़ा स्टैण्ड के पास सड़क किनारे चल रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसकी मौके पर ही दर्दनांक मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पहचान ना होने पर शिनाख्त के लिए राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मृतक के दायें हाथ पर अंग्रेजी में डी के चंद लिखा हुआ है एवं उसने हल्के हरे रंग का पायजामा, नीली चेक की शर्ट, बांये हाथ की अंगुली में अंगुठी व गले में लाल रंग का डोरा पहन रखा है। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष है, लम्बाई 5 फिट 4 इंच, रंग सांवला व हल्की दाढ़ी है।

### मोक्ष कल्याणक महोत्सव 25 को

**टोंक, (निसं)।** जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2549 वां मोक्ष कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ 25 तारीख को मनाया जाएगा। समाज के प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि इस अवसर पर मंगलवार को प्रातः 8 बजे भक्ति भाव एवं बैंड बाजों के साथ पुरानी टोंक स्थित आदिनाथ भगवान मंदिर में निर्वाण लड्डू चढ़ाया जाएगा तत्पश्चात ऋमशः चंद्रप्रभु मंदिर, शांतिनाथ मंदिर, नेमिनाथ मंदिर ,पार्श्वनाथ मंदिर में निर्वाण लड्डू चढ़ाया जायेगा। समाज के अध्यक्ष रमेश छाबडा ने बताया कि शुद्धता से समाज के द्वारा निर्वाण लड्डू बना कर समाज में वितरित करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### घर में रखी बाइक चोरी की

**चाकसू, (निसं)।** क्षेत्र में वाहन चोरों के हौसले बुलंद हैं चोर घर के बाहर रखे दो पहिया वाहन को चोरी कर ले गए। इसकी शिकायत वाहन मालिक वार्ड नंबर 11 निवासी प्रकाश चंद सांवरिया ने कस्बे थाने में की। सांवरिया ने बताया कि बाइक घर में खड़ी की थीं जहां से लगभग रात के 11 बजे से सवेरे 5 बजे के बीच अज्ञात चोर चुरा कर ले गए।

# घरों को छू रही विद्युत लाइन मौत को बुलावा दे रही

- लोगों द्वारा शिकायत करने के बावजूद भी नहीं हो रही सुनवाई
- तार टूटने से कई बार हादसे भी हो चुके हैं

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के वार्ड 9 रैगर मोहल्ला के लोग आज भी बड़ी दहशत में जी रहे हैं क्योंकि यहां पर करीब एक दर्जन घरों के ऊपर से बिजली सप्लाई की लाइन गुजर रही है जो हमेशा मौत को बुलावा दे रही है।

मोहल्ले के लोग अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक को शिकायत कर चुके हैं लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई है। वार्ड 9 के वासी जयनारायण फुलवरिया, टीकमचंद, रामचंद्र, बाबूलाल व जगदीश ने बताया कि उनके मकानों के ऊपर से बिजली की लाइनें गुजर रहीं हैं जो इतनी नीचे हैं कि ऊपर हाथ करें तो लाइनें टच तक हों जाती हैं। बच्चों का हमेशा खयाल रखना पड़ता है।

कई लाइन तक के तार टूट गए और मकानों पर गिरने से कई बार हादसे हो गए। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि वह लाइने हटाने की गुहार कर चुके हैं लेकिन आज तक लाइनें तक नहीं हट सकी।

गौरतलब है कि मोहल्ले के कई लोगों ने इस खतरे से बचने के लिये मकान तक खाली कर दिए, दूसरी जगह जाकर बस गए। लेकिन जो गरीब तबके लोग हैं वो मजबूरन इस मौत के साये जिंदगी गुजार रहे हैं।



वार्ड 9 में मकानों को छूकर बिजली की लाइनें गुजर रही हैं।

## लापता युवक का नदी में शव मिला

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर के आदर्श नगर से 17 अक्टूम्बर की सुबह लापता हुए 26 वर्षीय युवक का शव तीन दिन बाद सांवर थाना क्षेत्र के पारलिया गांव के पास बनास नदी के पेटे में तैरता मिला।

थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि आदर्श नगर निवासी जगदीश नारायण शर्मा ने 17 अक्टूम्बर को दी रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा सुनिल शर्मा जो कि पास ही बगीची में दर्शनों के लिए कहकर घर से निकला था जो घर नहीं लौटा। पिता की ओर से गुमशुदगी का मामला मामला दर्ज करवाया गया था। तब से युवक की तलाश की जा रही थी। गुरूवार को सांवर थाना क्षेत्र के पारलिया गांव के पास बनास नदी के पेटे में युवक का शव तैरता मिला। जिसकी शिनाख्त सांवर थाना पुलिस ने मृतक के जेब में मिले मोबाईल की सिम से सुनिल शर्मा मालपुरा के रूप में की गई। थाना पुलिस की सूचना पर परिजन सांवर थाने पहुंचे। जहां पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामे की कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंपा।

## 10 करोड़ रूपयों की पेयजल योजना राशि स्वीकृत

- पीएचईडी विभाग ने शहरी जल प्रदाय योजना के तहत दी मंजूरी

**कोटपूतली, (निसं)।** जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कोटपूतली कस्बे में पेयजल योजनाओं के लिए 10 करोड़ रूपयों की राशि जारी करते हुए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

उल्लेखनीय है कि विगत 21 मई को कोटपूतली के दौरे पर आये मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रैली के दौरान उक्त घोषणा की थी। जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के लगातार प्रयासों से विभाग ने शहरी जल प्रदाय योजना के तहत उक्त राशि जारी की है। इस सम्बंध में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी व भूजल विभाग की राजस्थान जल प्रदाय एवं सीवरेज प्रबंधन मंडल की वित्तीय समिति की बैठक अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के तहत कोटपूतली में सुचारू पेयजल व्यवस्था के लिए कस्बे की विभिन्न योजनाओं के लिए यह राशि जारी की गई है। उक्त राशि से शुरू होने वाली पेयजल योजनाओं से कस्बावासियों को गंभीर पेयजल संकट से निजात मिलेगी।

जानकारी के मुताबिक उक्त राशि से कस्बे में 13 बोरवेल बनाई जायेगी। वहीं विभिन्न वार्डों एवं इलाकों में 22 किमी पेयजल पाइप लाइनें बिछाई जा सकेंगी। इसके अलावा 200 किलो लीटर व 150 किलो लीटर क्षमता के 2 उच्च जलाशयों का निर्माण मय पम्प हाऊस कस्बे में राजमार्ग के दोनों ओर होगा।

# जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन भेंट की

**कोटपूतली, (निसं)।** वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजसेवी व भामाशाह शंकर लाल कसाना द्वारा गुरूवार को कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा में आदर्श ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पांच जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कसाना ने कहा कि समाज में पुरूष हो चाहे महिला प्रत्येक को आत्मनिर्भर बनकर आत्म सम्मान से जीवन जीने का अधिकार है। उन्होंने स्वयं की ओर से आगे भी इस प्रकार का सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समिति संयोजक संजय सिंह, सरपंच प्रतिनिधि अशोक सिंह तंवर, पूर्व सरपंच बजरंग लाल मीणा, दिनेश सिंह, विरेन्द्र सिंह, सुरेश चंद अग्रवाल, जगदीश गुरूजी, कैलाश चंद मीणा, पूरण सिंह तंवर, बंशी लाल आर्य, रतन लाल सैनी, विजय शर्मा, राधेश्याम जांगिड़, रामसिंह, संजय जोशी, बबलू सिंह, पवन सिंह, गोपाल बागोरिया, सुरज्ञान मीणा, अजय मीणा, हरिओम सिंह व रमाकांत मीणा समेत अन्य मौजूद थे।



कोटपूतली में भामाशाह शंकर लाल कसाना ने जरूरतमंद महिलाओं को मशीन उपलब्ध कराई।

# दुष्कर्म के बाद महिला का पत्थर से सिर कुचला

- हादसे के दौरान महिला घर में अकेली थी

**जयपुर, (निसं)।** बस्सी थाना इलाके में एक महिला से दुष्कर्म के बाद पत्थर से सिर कुचल हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार हादसे के दौरान महिला घर में अकेली थी। जब महिला ने गुरुवार सुबह जब गेट नहीं खोला तो स्थानीय लोगों ने गेट खुलाया। जहां महिला का खून से सना शव पड़ा मिला जिस पर पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) राजीव पचार ने बताया कि मामला बस्सी थाना इलाके के बिहारी पुरा गांव का है। जहां कलावती देवी (45) का अपने पति से विवाद चल रहा है। ऐसे में वह पिछले दस साल से अपने ननिहाल बिहारी पुरा गांव में अपने मामा के यहां रहती थी। महिला के चार बच्चे हैं जो अपने पिता के साथ लूडियावास में रहते हैं। हादसे के दौरान घर में कोई नहीं था। मृतक महिला का पहले दुष्कर्म किया गया और इसके बाद पत्थर से सिर कुचल हत्या कर दी गई। पुलिस को मौके से हत्या में प्रयोग लिया गया पत्थर भी बरामद हो गया है। शव का बस्सी सीएचसी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है और वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मौके पर पहुंची एफएसएल की टीम को मौके पर कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। इसके आधार पर शक जताया जा रहा है कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना के बाद तीन लोगों को राउंड अप पूछताछ कर बयान लिए गए हैं।

## जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** थाना पुलिस टीम द्वारा एक युवक पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना अधिकारी दिनेश मीणा ने बताया कि विगत दो हफ्ते पहले युवक मीठालाल रामगढ़ पचवारा से शाम सात बजे खुद की मोटरसाइकिल से उसके निवास बाढ़ फतेहपुर आ रहा था। इसी दौरान कोसी बड़ी के आगे मलवास रोड पर ब्रेकर के पास घटना के आरोपी दौलतराम प्रसादी लाल राहुल आदि लोगों ने युवक मीठालाल पर जानलेवा हमला किया था।

घटनाक्रम को लेकर पीड़ित युवक के पिता गंगा सहाय ने थाने में रिपोर्ट दी। जहां प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार के सुपरविजन में मन थानाधिकारी सहित थाने के एएसआई चतर सिंह हेड कांस्टेबल लाखन सिंह कांस्टेबल हरिओम रामअवतार सांवरमल मुंशीराम की सात सदस्य पुलिस टीम का गठन किया गया था। जहां पुलिस द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर जांच पड़ताल के आधार पर युवक पर जानलेवा हमले के आरोपी दौलत राम मीणा परसादी लाल मीणा राहुल कुमार मीणा निवासी हमीरपुरा थाना क्षेत्र रामगढ़ पचवारा को गिरफ्तार कर लिया गया।

## महात्मा गांधी कॉलेज ने जीता मैच

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शारीरिक शिक्षक रामसिंह जाट ने बताया की पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्विद्यालय, सीकर द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आर्यन कॉलेज, राणोली को बनाया गया है। इस अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर ने मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू को 2.0 से पराजित किया। टीम की विजय होने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य वीरेंद्र सैनी व स्टाफ सदस्यो ने खुशी व्यक्तकर खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अधिशाषी अधिकारी ने साधारण सभा की बैठक स्थगित की

- चेयरमैन ने 26 पार्षदों की उपस्थिति में की बैठक

**पावटा, (निसं)।** पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका की गुरुवार को होने वाली साधारण सभा की बैठक नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी रोहित मील द्वारा अपरिहार्य कारणों व दीपोत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह व वार्ड पार्षदों की सहमति से निरस्त कर दी गई।

इस पर बैठक के पूर्व निर्धारित समय पर पहुंची पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल ने बताया कि पालिका ने 20 अक्टूबर सुबह 11 बजे पावटा पंचायत समिति सभागार में बैठक के आयोजन का कार्यक्रम जारी किया था। इस पर पावटा पंचायत समिति सभागार में 26 पार्षदों की उपस्थिति में साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया। जिसमें पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अधिशासी अधिकारी रोहित मील साधारण सभा की बैठक में नहीं पहुंचे।

वहीं वाइस चेयरमैन अशोक सैनी नरपत सिंह ने बताया कि इस बैठक का आयोजन विधा यक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में होना था। इसमें विधायक इंद्राज गुर्जर ने भी शामिल होने की स्वीकृति दी थी। लेकिन किसी आवश्यक कार्य से कहीं जाने के कारण इस बैठक में नहीं आ पाए। इस कारण अधिशासी अधिकारी रोहित मिल द्वारा वाइस चेयरमैन वार्ड पार्षदों की सहमति से साधारण सभा की बैठक को स्थगित कर दिया गया था।

इस पर बैठक में उपस्थित पार्षदों ने कहा कि विधायक अगर नहीं आए तो बैठक को निरस्त करना उचित नहीं है। नगरपालिका बोर्ड की साधारण सभा की बैठक निरस्त होने के बाद भी कई पार्षदों ने उनके वार्ड की समस्याओं से चेयरमैन को अवगत कराया।

# मालपुरा में मंदिरों सहित मुख्य बाजारों में की आकर्षक सजावट

- प्रशासन ने नो-पार्किंग व नो-व्हीकल जोन बना जवान तैनात किये
- सजावट व रोशनी को देखने लोगों का हुजुम उमड़ रहा है

**मालपुरा, (निसं)।** दीपावली के तीन दिवसीय पर्व मनाये जाने को लेकर मुख्यमंत्री की घोषणा पर मालपुरा नगरपालिका प्रशासन द्वारा पहली बार शहर के 101 मंदिरों सहित मुख्य बाजारों में भव्य सजावट कर शहर को अयोध्या का रूप दिया जायेगा।

पालिका अध्यक्ष आशा नामा व ईओ सुरेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि तीन दिवसीय दिपावली पर्व पर पालिका बोर्ड की सहमति से सर्व समाज के 101 मंदिरों पर विद्युतीय उपकरणों से आकर्षक सजावट की गई है। साथ ही प्रमुख चौराहों, ऐतिहासिक स्थल, सार्वजनिक भवन व मुख्य बाजारों में ईलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से सजावट के साथ-साथ मुख्य मार्गों पर विद्युत पोलों को तिरंगा दुधिया रोशनी से सजाया गया है। मुख्य चौराहों पर भव्य स्वागत द्वार बनाये गये है।

शहर क्षेत्र के साथ-साथ पैराफेरी क्षेत्र में भी आकर्षक सजावट करवाई गई है जो कि मुख्य आकर्षण का केन्द्र बनी है। सुर्यास्त से देर रात तक शहर की सजावट व तिरंगा रोशनी को देखने में लोगों का हुजुम उमड़ रहा है। तो बाजार में शुभ मुहुर्त में खरीददारों की भीड़ उमड़ने से व्यापारियों में भी अपार उत्साह देखा जा रहा है। वहीं यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा तीन स्थानों पर निःशुल्क पार्किंग बना मुख्य बाजारों में 22 से 24 अक्टुम्बर तक नो व्हीकल व नो पार्किंग जोन बना कर बैरीकेटिंग लगाई जायेगी।



मुख्यमंत्री की घोषणा पर मालपुरा नगरपालिका प्रशासन द्वारा पहली बार शहर के 101 मंदिरों सहित मुख्य बाजारों में भव्य सजावट की जा रही है।

## 'पुण्य आत्माओं का स्मरण आवश्यक'

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोलाहेड़ा की ढ़ाणी हीरामल में समाजसेवी स्व. तेजाराम व उनकी धर्मपत्नी स्व. जानकी देवी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्रों क्रमशः लीलाराम, बुधराम, रत्तिराम, कैलाश, बाबूलाल व रोहिताश द्वारा लगाई गई मूर्ति का पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के मुख्य आतिथ्य में अनावरण हुआ। इस मौके पर कसाना ने फीता काटकर एवं विधि विधान से पूजा अर्चना कर मूर्तियों का अनावरण किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि समाज को पुण्य आत्माओं के जीवन से प्रेरणा लेना बेहद आवश्यक है। अपने जीवन काल में अच्छे कार्य करने वाले लोगों का स्मरण करने से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उल्लेखनीय है कि स्व. तेजाराम ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रयासरत रहे। इस दौरान आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

## सार-समाचार

### मानसिक विमंदित गृह का निरीक्षण



**टोंक, (निसं)।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक डॉ. रूबीना परवीन अंसारी द्वारा गुरुवार को पंजीकृत मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह,जगदीश सेवा संस्थान बृजविहार कॉलोनी, टोंक का मासिक निरीक्षण किया गया। सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. रूबीना परवीन अंसारी, द्वारा मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह, जगदीश सेवा संस्थान बृजविहार कॉलोनी, टोंक के निरीक्षण के दौरान संस्थान में भवन की स्थिति, बच्चों के लिए गर्मी में बिछाने, ओढने आदि की पर्याप्त व्यवस्था, खेल कूद के लिए परिसर, बालकों की शिक्षा के बारे में जानकारी, भोजन की गुणवत्ता, डाईट स्केल, भवन की साफ-सफाई, मनोविज्ञानी व स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। रजिस्टर में 16 विमंदित बच्चे उपस्थित पाये गये। सचिव महोदय ने संस्थान के सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### दो छात्राओं का खो-खो टीम में चयन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर की दो छात्राओं का विश्विद्यालय खो खो (महिला) टीम में चयन हुआ। कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया की पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय खो खो (महिला) खेल प्रतियोगिता में महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर की टीम उपविजेता थी। बताया गया है की दीपिका चौधरी पुत्री बीरबल सिंह, निमेड़ा व खुशी पुत्री राजेश कुमार मालाकाली का चयन विश्विद्यालय खो खो महिला टीम में हुआ है। खिलाड़ियों के महाविद्यालय पहुंचने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा व प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी द्वारा स्वागत किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही शारीरिक शिक्षक रामसिंह जाट का भी स्वागत किया गया। दोनो खिलाड़ी डा हरिसिंह गौड़ विश्विद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश में सात से दस नवम्बर तक होने वाली राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्विद्यालय, सीकर का प्रतिनिधत्व करेगी।

### खाद्य विभाग की टीम पहुंचते ही दुकानदारों में हड़कंप मचा

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे में शुद्ध के लिए युद्ध के तहत डीएसटी टीम की सूचना पर जिला कलेक्टर द्वारा गठित टीम ने कस्बा थाने की पुलिस के सहयोग से कस्बे की विभिन्न खाद्य पदार्थों की दुकानों एवं कारखानों में कार्रवाई की। अचानक खाद्य विभाग की टीम पहुंचते ही दुकानदारों में हड़कंप मंच गया। टीम ने कार्यवाही करते हुए जोधपुर स्वीट कोटखावदा मोड चाकसू का निरीक्षण कर नमूना कलाकंद मावा मिठाई का जांच हेतु लिया, श्री जोधपुर मिष्ठान भंडार फागी मोड़ बस स्टैंड चाकसू से एक नमूना कलाकंद मिठाई का लिया। जिनकी रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सभी मिठाई विक्रेताओं को दीपावली के अवसर पर विशेष साफ-सफाई बरतने हेतु पाबंद किया। वहीं तहसील चौराहे के पास खंडेलवाल मिष्ठान के गोदाम पर पहुंचकर मौके पर ही बन रही मिठाइयों के कारखाने को सीज किया।

### रेलकर्मी प्रेम चन्द समानित



**फुलेरा, (निसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय के द्वारा फुलेरा के निवासी एवं मेल-लोको पायलट प्रेमचंद वर्मा को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्यालय जयपुर कार्यालय पर कार्यक्रम के दौरान जयपुर जोन के प्रमुख मुख्य बिजली इंजिनियर राजेश मोहन के द्वारा फुलेरा में पद स्थापित मेल लोको पायलट प्रेमचंद वर्मा को उनकी उत्कृष्ट रेल सेवा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वर्मा के सम्मानित होने पर रेल कर्मियों सहित उनके परिचितों एवं रिश्तेदारों ने उनके निवास पर पहुंचकर व्यक्तिगत एवं मोबाइल पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

**टोंक, (निसं)।** जिले वासियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त सुनिल शर्मा के निर्देशन में शुद्ध के लिये युद्ध अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवप्राज मीणा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर द्वारा टोंक शहर में खाद्य नमूने लिये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवप्राज मीणा ने बताया कि टोंक शहर में न्यू जोधपुर स्वीट्स सुभाष बाजार से मावा बर्फी का नमूना लिया गया। रामेश्वर नमकीन एंड स्वीट्स से मावा बर्फी एवं मिल्क केक का नमूना लिया गया। दीपक मिष्ठान भंडार छावनी टोंक से मावे का सैंपल लिया गया। ये खाद्य नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया।

### बीयर बार में ग्राहक से मारपीट

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस में बीयर पीने के लिए बार में गये ग्राहक के साथ मारपीट करने, पैसे छीनने व जातिसूचक अपशब्द कहने का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस के अनुसार समीपवर्ती गांव नूरनगर निवासी देवेंद्र पुत्र महाजन जाटव द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है कि वह खैरथल के स्टार बीयर बार में बीयर पीने के लिए गया था जहां बलबीर गुर्जर व टेकचंद गुर्जर ने उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक अपशब्द बोलने के अतिरिक्त उसके पास से 1270 रुपए छीन लिये। पुलिस ने मामला एससी-एसटी एक्ट में दर्ज कर जांच किशनगढ़बास वृत के डीएसपी को सुपुर्द कर दी है।

### निखिल ने सिल्वर जीता

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की ढाणी नागान निवासी निखिल कुमावत पुत्र भारत कुमावत ने आगरा में आयोजित 5 दिवसीय 51 वीं केवीएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता (17 वर्ष आयु वर्ग) ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेकर सिल्वर पदक हासिल किया है। सिल्वर पदक प्राप्त करने पर रेल नगरी में खुशी की लहर दौड़ गई। गौरतलब है कि निखिल के पिता भारत कुमावत (बीएसएनएल) में कार्यरत हैं तो माता राजकीय शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। निखिल ने उन्ही के नेतृत्व में तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के मोतीपुरा व सीतारामपुरा गांव में युवा टीम द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ गुरूवार को पूर्व उपजिला प्रमुख अवधेश शर्मा ने किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारम्भ समारोह में उपस्थित अवधेश शर्मा सहित गोपाल गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि दयाल स्वामी, प्रदीप शर्मा, युवा समाज सेवी विष्णु तिवाडी ने अतिथियों से परिचय कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।



''लेकिन अगर वे हादिक को पांचवें गेंदबाज के रूप में उतारने का फैसला करते हैं तो पंत के पास छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका होगा और कार्तिक सातवें नंबर पर आ सकता है जिसके बाद चार गेंदबाज उतरेंगे। ऐसा हो सकता है, लेकिन इसके लिए हमें इंतजार करना होगा।'' सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान, टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम की रणनीति को लेकर

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **हार्दिक पंड्या**



भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा है कि जीवन में सभी चीजों के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने और चोटों से उबरने के दौरान परिवार के सदस्यों से समर्थन से उन्हें टी20 विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करने में मदद मिली। ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में अगर भारत को अच्छा प्रदर्शन करना है तो इसमें संभवत: हार्दिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले 29 साल के हार्दिक ने अपने परिवार द्वारा निभाई गई महत्पूर्ण भूमिका पर बात की।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

## पाकिस्तान जाने पर फैसला बीसीसीआई नहीं, सरकार करेगी : रोजर बिन्नी

बेंगलुरू, 20 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नये अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने गुरूवार को कहा कि टीम 2023 एशिया कप के लिये पाकिस्तान का दौरा करेगी या नहीं, इस पर बोर्ड फैसला नहीं कर सकता क्योंकि इस तरह के निर्णय करने के लिये वह सरकार पर निर्भर है।

कनार्टक राज्य क्रिकेट संघ द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में बिन्नी ने कहा कि बीसीसीआई ने अगले साल पाकिस्तान की यात्रा करने के लिये अभी तक सरकार से संपर्क नहीं किया है लेकिन अंतत: इस मामले पर फैसला केंद्र सरकार को ही करना है।

बिन्नी ने कहा, ''यह बीसीसीआई का फैसला नहीं है। हमें देश से रवाना होने के लिये सरकार की मंजूरी चाहिए होती है। हम देश से रवाना हो रहे हों या फिर टीमें देश में आ रही हों, हमें मंजूरी की जरूरत होती है।''उन्होंने कहा, ''एक बार सरकार से हरी झंडी मिल जाती है तो हम इसके अनुसार चलते हैं। हम खुद ही फैसला नहीं कर सकते। हमें सरकार पर निर्भर रहना होना होता है। हमने अभी तक सरकार से संपर्क नहीं किया है। ''

एशिया कप अगले साल सितंबर में पाकिस्तान में खेला जाना है जो भारत में वनडे विश्व कप से पहले होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने हाल में कहा था कि भारतीय टीम अगले साल एशिया कप के लिये पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी बल्कि तटस्थ स्थल पर टूर्नामेंट खेलना पसंद करेगी। बिन्नी की यह टिप्पणी शाह के बयान के बाद आयी है। गुरूवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय टीम को पाकिस्तान की यात्रा करने के लिये गृह मंत्रालय से मंजूरी की जरूरत होगी। इससे निराश पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को एशियाई क्रिकेट परिषद से आपात बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। पीसीबी ने कहा कि इस तरह के बयान एशियाई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकते हैं।

# नीदरलैंड को हरा श्रीलंका की सुपर-12 में जगह पक्की

जीलॉन्ग, 20 अक्टूबर। श्रीलंका ने कुसल मेंडिस (79) के अद्धर्शतक और वानिंदू हसरंगा (28/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बुधवार को नीदरलैंड को 16 रन से हराकर आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के सुपर-12 दौर में अपनी जगह पक्की कर ली।

ग्रुप-ए के अपने अंतिम मुकाबले में श्रीलंका ने नीदरलैंड को 163 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में नीदरलैंड नौ विकेट के नुकसान पर 146 रन ही बना सकी।

नीदरलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 18 ओवर में 124 रन पर नौ विकेट गंवा दिये थे, हालांकि सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडाउड क्रीज़ पर मौजूद थे। ओडाउड ने 19वें ओवर में दो छक्के लगाकर 16 रन बनाये, हालांकि आखिरी ओवर में वह छह रन ही जोड सके और नीदरलैंड लक्ष्य से 16 रन पीछे रह गई।

इससे पहले, मेंडिस ने श्रीलंका की जीत की नींव रखते हुए 44 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों के साथ 79 रन बनाये। इसके अलावा चरिता असलंका (31), भानुका राजपक्षा (19) और पथुम निसांका (14) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने धीमी शुरुआत के बाद पिछले मैच के नायक पथुम निसंका का विकेट 14(21) रन के स्कोर पर गंवा दिया। वैन मीकरन (25/2) ने अगली ही गेंद पर धनन्जय डी सिल्वा को शून्य रन पर पवेलियन भेज दिया।

असलंका ने मेंडिस के साथ मिलकर श्रीलंका की पारी को संबल दिया और तीसरे विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी की। अनुभवी गेंदबाज बास डी लीड (31/2) ने असलंका को आउट करके यह साझेदारी तोडी। मेंडिस ने इसके बाद पारी की रफ्तार बदली और अपना अद्धर्शतक पूरा करते हुए टीम को 150 रन के निशान तक पहुंचाया।

मेंडिस की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत श्रीलंका ने अंतिम पांच ओवरों में 53 रन जोडे। आखिरी ओवर में मेंडिस के आउट होने के साथ श्रीलंका ने 20 ओवर में 162/6 का स्कोर खडा किया। नीदरलैंड के लिये टिम ग्युटेन और फ्रेड क्लासेन ने भी एक-एक विकेट लिया। श्रीलंका ने 162 रन



के स्कोर की रक्षा करते हुए नीदरलैंड को विक्रमजीत सिंह (07) और बास डी लीड (14) के रूप में शुरुआती झटके दिये। कॉलिन ऐकरमैन के शून्य रन पर पवेलियन लौटने के बाद टॉम कूपर (16) भी खराब फॉर्म को जारी रखते हुए पवेलियन लौट गये।

कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 15 गेंदों पर तीन चौकों के साथ 21 रन बनाकर ओडाउड का साथ देने का प्रयास किया, लेकिन 100 रन के टीम स्कोर पर उनके आउट होते ही नीदरलैंड के विकेटों की झडी लग गई। नीदरलैंड ने 23 रन के अंतराल पर छह विकेट गंवाए और 17.4 ओवर में उनका स्कोर 123/9 हो गया। पीठ के दर्द से जूझ रहे ऑलराउंडर रोलोफ़ वैन डर मर्वे ओडाउड का साथ देने के लिये 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे।

आखिरी दो ओवरों में ओडॉउड ने कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन इससे केवल हार का अंतर कम हुआ। इस जीत के साथ श्रीलंका टी20 विश्व कप के सुपर-12 राउंड में पहुंचने वाली ग्रुप-ए की पहली टीम बन गई। अगर नामीबिया दिन के दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को हरा देती है तो वह सुपर-12 में पहुंच जाएगी, जबकि यूएई के जीतने पर नीदरलैंड सुपर-12 में कदम रखेगी

## ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप स्क्वाड में आए ग्रीन

ब्रिस्बेन, 20 अक्टूबर । ऑस्ट्रेलिया ने विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंगलिस के चोटग्रस्त होने के बाद टी20 विश्व कप की 15-सदस्यीय स्क्वाड में विस्फोटक ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को शामिल किया है। इंगलिस को सिडनी में गोल्फ खेलते हुए हाथ में चोट लगने के बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चोट गंभीर होने के कारण उन्हें सर्जरी की आवश्यकता है और वह विश्व कप में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इंगलिस के चोटिल होने का अर्थ है कि मैथ्यू वेड ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप स्क्वाड में इकलौते विकेटकीपर होंगे। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी को नजरंदाज करते हुए ग्रीन के हरफनमौला कौशल को टीम में प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया के पास पहले से ही मिशेल मार्श और मार्कस स्टोइनिस के रूप में तेज गेंदबाजी करने वाले दो ऑलराउंडर हैं। ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया के हालिया भारत दौरे पर विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने टी20 शृंखला में ओपनिंग करते हुए पहले मैच में 61(30) जबकि तीसरे मैच में 52(21) रन बनाये थे। ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में शनिवार को न्यूजीलैंड का सामना करना है।

**ऑस्ट्रेलिया टीम:** एरन फिंच (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, जोश हेजलवुड, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टॉइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा, कैमरन ग्रीन।

## अंडर-23 विश्व :ग्रीको रोमन पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय बने विकास

पोंटवेंद्रा, 20 अक्टूबर (स्पेन) भारत के युवा पहलवान विकास अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की ठीको रोमन प्रतियोगिता में देश को पदक दिलाने वाले दूसरे पहलवान बन गये हैं। विकास ने यह कीर्तिमान रचने के लिये 72 किठाा वर्ग के कांस्य पदक मैच में बुधवार को जापान के कोबायाशी डी को 6-0 से मात दी। इससे पहले साजन भानवाला मंगलवार को कांसे का तमगा जीतकर प्रतियोगिता में पदक हासिल करने वाले प्रथम भारतीय बन गये।

## बडे मंच पर पाकिस्तान से टक्कर लेना अद्वितीय अनुभव : पंत

मेलबर्न, 20 अक्टूबर । भारत के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि बड़े मंच पर पाकिस्तान का मुकाबला करना अद्वितीय अनुभव है और आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में रविवार को वह दोबारा यह अनुभव लेना चाहेंगे।

भारत और चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के बीच जारी लडाई का अगला अध्याय रविवार को यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में लिखा जाएगा। दोनों टीमें करीब एक लाख लोगों के सामने इस मैच के साथ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेंगी।

पंत ने गुरुवार को कहा, ''पाकिस्तान के खिलाफ खेलना हमेशा खास होता है क्योंकि उस मैच को लेकर हमेशा की तरह विशेष उत्साह है। इसमें न केवल हमारे लिए, बल्कि प्रशंसकों के लिए भी बहुत सारी भावनाएं शामिल हैं। यह एक अलग तरह का एहसास है।''

बतौर विकेटकीपर भारतीय एकादश में जगह बनाने के लिये पंत का मुकाबला दिनेश कार्तिक से है, हालांकि टीम प्रबंधन मध्यक्रम को मजबूती देने के लिये बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत को टीम में जगह दे सकती है। पंत ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में खेले गये टी20 विश्व कप में भी पाकिस्तान के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व किया था जहां उन्होंने 26 गेंदों पर 39 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी।

पंत ने कहा, ''जब आप मैदान पर उतरते हैं, तो आपके चारों तरफ अलग तरह का माहौल होता है। चारों ओर दर्शक आपकी हौसला अफजाई करते हैं। जब हम अपना राष्ट्रगान गा रहे थे, तो वास्तव में मेरे रोंगटे खडे हो गए।''

टी20 विश्व कप में पिछले साल की भिड़ंत एकतरफा रही थी। मोहम्मद रिजवान और बाबर आज़म की सलामी जोडी ने पाकिस्तान को 10 विकेट की जीत का उपहार देने के लिए भारत के 151/7 के स्कोर को बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया।

यह मैच भले ही कई भारतीय खिलाड़ियों और प्रशंसकों की याददाश्त से जल्दी मिट गया हो, लेकिन पंत को अब भी तत्कालीन कप्तान विराट कोहली के साथ की गई 53 रनों की साझेदारी और अपनी 39 रनों की तेज पारी याद है।

पंत ने कहा, ''मुझे याद है कि मैंने हसन अली को एक ही ओवर में दो छक्के मारे थे। हम शुरुआती विकेट गिरने के बाद सिर्फ रन रेट बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। मैंने उसे (हसन) दोनों छक्के एक हाथ से मारे, जो मेरा विशेष शॉट है।''

पंत को उम्मीद है कि उन्हें इस रविवार को एमसीजी में कोहली के साथ एक और यादगार साझेदारी करने का मौका मिलेगा।

पंत ने कहा, ''वह (कोहली) आपको विशेष परिस्थितियों से निकलना सिखा सकते हैं। हमेशा की तरह उनके साथ बल्लेबाजी करना अच्छा है। आपके साथ बल्लेबाजी करने का बहुत अनुभव रखने वाला व्यक्ति होना चाहिये क्योंकि वह आपको खेल को आगे बढ़ाने और दबाव को बनाए रखने के तरीके के बारे में बता सकता है।''

## शैली ने राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

झांसी 20 अक्टूबर । उत्तर प्रदेश की वीरांगना नगरी झांसी की बेटी और जानी मानी एथलीट एवं अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड होल्डर शैली सिंह ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लंबी कूद में एक बार फिर शानदार हुनर का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है।

शैली फोन पर गुरुवार को बताया कि चोट के बावजूद मिली इस सफलता से वह काफी उत्साहित हैं। अभ्यास के दौरान लगी चोट ने उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए काफी चिंतित कर दिया था लेकिन इस कामयाबी ने साफ कर दिया है कि शारीरिक स्तर पर परेशानियां कम हो रहीं हैं। इस सफलता के बाद अगली प्रतियोगिताओं को लेकर उनके उत्साह में काफी इजाफा हुआ है।

शैली की इस सफलता से उनके गृहनगर झांसी में खुशी का माहौल है। यहां खेल समुदाय से जुडे लोगों ने शैली को इस सफलता के लिए बधाई दी है। झांसी के मऊरानीपुर निवासी शैली के घर बधाई देने वालों का तांता लगा है और उनकी मां विनीता ने भी शैली की इस सफलता पर खुशी का इज़हार किया है। उन्होंने बताया कि चोट को लेकर शैली काफी चिंतित थी और उसे लगता था कि इसके कारण उसके प्रदर्शन पर प्रभाव पड सकता है लेकिन उसने चोट के बावजूद स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह सफलता उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

गौरतलब है कि शैली एक साधारण परिवार से आने वाली एक असाधारण प्रतिभा की धनी खिलाड़ी हैं। लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान देश की जानी मानी एथलीट और कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय परचम लहराने वाली लंबी कूद एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज की नजर शैली पर पड़ी थी। इस प्रतियोगिता के बाद वह शैली को अपने साथ बेंगलुरु ले गयीं थीं और उन्हीं की एकेडमी में शैली ने अपने खेल से जुडे गुर सीखे।

इससे पहले नैरोबी में 2021 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया था। शैली ने प्रतियोगिता में पदक हासिल करके अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक हासिल करने को लेकर लंबे समय से चल रहे पदकों के सूखे को समाप्त किया थाा।

## पंजाब किंग्स से सहायक कोच के तौर पर जुड़े ब्रैड हैडिन

नयी दिल्ली, 20 अक्टूबर (भाषा) पूर्व आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन 2023 इंडियन प्रीमियर लीग से पहले पंजाब किंग्स से सहायक कोच के तौर पर जुड़ गये हैं।

पंजाब की फ्रेंचाइजी ने महान भारतीय अनिल कुंबले की जगह विश्व कप विजेता कोच ट्रेवर बेलिस को नया मुख्य कोच नियुक्त करने के बाद 44 वर्षीय हैडिन को टीम से जोड़ा। हैडिन और बेलिस दोनों सनराइजर्स हैदराबाद में भी साथ ही थे। हैडिन आस्ट्रेलिया के लिये 66 टेस्ट, 126 वनडे और 34 टी20 मैच खेल चुके हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सूत्र ने गुरूवार को पीटीआई से कहा, ''हैडिन को सहायक कोच नियुक्त किया गया है। जल्द ही बाकी सहयोगी स्टाफ की भी नियुक्ति की जायेगी।'' कुंबले के अलावा टीम ने सहायक कोच जोंटी रोड्स और गेंदबाजी कोच डेमियन राइट का अनुबंध भी नहीं बढ़ाया था। रोड्स 2020 चरण से पहले पंजाब की टीम से जुड़े थे जबकि राइट इसके एक साल बाद आये थे। टीम पिछले तीन सत्र में प्लेऑफ में भी जगह नहीं बना सकी है, तो प्रबंधन ने कुंबले का अनुबंध नहीं बढ़ाने के अलावा सहयोगी स्टाफ के सदस्यों से भी अलग होने का फैसला किया।

# नामीबिया को हराकर यूएई ने टी20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की

जीलॉन्ग, 20 अक्टूबर। यूएई ने डेविड वीज़े (55) के जुझारू अद्धर्शतक के बावजूद नामीबिया को आईसीसी टी20 विश्व कप के पहले दौर के रोमांचक मुकाबले में गुरूवार को सात रन से मात दी।

यूएई ने ग्रुप-ए के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुहम्मद वसीम (50) के अद्धर्शतक और सीपी रिज़वान के नाबाद 43 रनों की बदौलत 20 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाये। नामीबिया इसके जवाब में 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 141 रन ही बना सकी।

नामीबिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 69 रन पर सात विकेट गंवा दिये थे और उन्हें सात ओवरों में 80 रन की आवश्यकता थी। वीज़े ने 36 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 55 रन बनाते हुए रुबेन ट्रंपलमैन (25) के साथ आठवें विकेट के लिये 70 रन की साझेदारी की लेकिन टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सके। नामीबिया को आखिरी ओवर में 14 रन की दरकार थी लेकिन ओवर की चौथी गेंद पर वीज़े आउट हो गये और उनकी टीम लक्ष्य से सात रन पीछे रह गई। यूएई ने जहां टी20 विश्व कप इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की है, वहीं नीदरलैंड ने इस जीत के दम पर टी20 विश्व कप के सुपर-12 राउंड में प्रवेश कर लिया है। ग्रुप-ए की शीर्ष टीम श्रीलंका पहले ही अगले दौर में पहुंच चुकी है जबकि इस साल टूर्नामेंट में यूएई और नामीबिया का सफर समाप्त हो गया है।

यूएई ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और वसीम अहमद ने पहले विकेट के लिये वृत्या अरविंद (21) के साथ 39 रन जोडे। यूएई ने पहले 10 ओवरों में केवल 58 रन बनाये थे, हालांकि वसीम और चंदनगपोइल रिज़वान ने इसके बाद पारी की रफ्तार बदली और टीम ने आखिरी 10 ओवरों में 90 रन जोड़े। वसीम ने 41 गेंदों पर एक चौके और तीन छक्कों के साथ 50 रन बनाये जबकि रिज़वान ने 29 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाकर 43 रन की नाबाद पारी खेली। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए बसील हमीद ने 14 गेंदों पर 25 रनों का योगदान दिया।

नामीबिया जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो उसने 46 रन पर ही पांच विकेट गंवा दिये। बसील ने माइकल लिंगेन और जैन लॉफ्टी ईटन को आउट किया जबकि जुनैद सिद्दीकी ने स्टेफन बार्ड का विकेट निकाला। कार्तिक मयप्पन की गेंद पर कप्तान गरहार्ड इरास्मस के आउट होने के बाद नामीबिया की उम्मीदें जेजे स्मिट पर निर्भर थीं, लेकिन वह रनआउट होकर पवेलियन लौट गये। जैन फ्राइलिंक (14) ने वीज़े के साथ मिलकर नामीबिया को संभालना चाहा मगर ज़हूर ख़ान ने 13वें ओवर में फ्राइलिंक और ज़ेन ग्रीन का विकेट लेकर नामीबिया की मुश्किलों को बढा दिया।

इसके बाद वीज़े-ट्रंपलमैन ने आठवें विकेट के लिये बहुमूल्य 70 रन जोड़े। नामीबिया आखिरी ओवर में 14 रन बनाकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप के सुपर-12 में प्रवेश कर सकती थी लेकिन मोहम्मद वसीम ने वीज़े को आउट करके उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

इसी के साथ श्रीलंका ने सुपर-12 के पहले ग्रुप में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड और अफगानिस्तान के साथ जगह पक्की कर ली है जबकि नीदरलैंड दूसरे ग्रुप में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बंगलादेश से जा मिली है। सुपर-12 की अन्य दो टीमों का फैसला शुक्रवार को खेले जाने वाले मैचों के बाद किया जायेगा।

## विश्वकप से 10 दिन पहले बुमराह के चोटिल होने को नजरअंदाज नहीं कर सकतेः बिन्नी

बेंगलुरू, 20 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने गुरुवार को फिर से दोहराया खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने की समस्या से निपटना बेहद जरूरी है और कहा कि विश्वकप से 10 दिन पहले आप जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने को नजरअंदाज नहीं कर सकते। भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया रवाना होने से तीन दिन पहले बुमराह टी20 विश्व कप से बाहर हो गए थे। मोहम्मद शमी उसी समय कोविड-19 से संक्रमित थे और इसलिए बीसीसीआई को उन्हें बुमराह की जगह टीम में शामिल करने के लिए आखिरी क्षणों तक इंतजार करना पडा था। बिन्नी ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने के बाद भी इस विषय को उठाया था। बिन्नी ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सम्मान समारोह ने कहा,'' हमें इस पर गौर करने की जरूरत है कि खिलाड़ी इतनी बुरी तरह चोटिल क्यों हो रहे हैं। केवल अभी नहीं बल्कि पिछले चार-पांच वर्षों से।''उन्होंने कहा,'' ऐसा नहीं है कि हमारे पास अच्छे के ट्रेनर या कोच नहीं है। क्या खिलाडियों पर बहुत अधिक बोझ है या वह बहुत अधिक प्रारूपों में खेल रहे हैं।

## गोवा पर जीत से 'नॉकआउट' में जगह बनाने के करीब दिल्ली

जयपुर, 20 अक्टूबर । कप्तान नीतिश राणा और यश धुल ने शानदार लय जारी रखी जिससे दिल्ली गुरूवार को यहां सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी में गोवा पर छह विकेट की जीत से 'नॉकआउट' चरण में पहुंचने से एक कदम दूर है। भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो विकेट झटके जिससे दिल्ली ने गोवा की टीम को 20 ओवर में छह विकेट पर 131 रन पर समेट दिया। टूर्नामेंट में सीनियर स्तर पर टी20 में पदार्पण करने वाले धुल ने 41 गेंद में 46 रन बनाये जबकि राणा 38 गेंद में 49 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे दिल्ली ने आसानी से जीत दर्ज की। यह छह मैचों में दिल्ली की पांचवीं जीत है और अब उसे ग्रुप बी में अपना अंतिम मैच शनिवार को त्रिपुरा के खिलाफ खेलना है। पिछले सत्र में सभी प्रारूपों में टीम नॉकआउट चरण में जगह नहीं बना सकी थी जिससे नये कप्तान राणा और नये मुख्य कोच अभय शर्मा के मार्गदर्शन में यह दिल्ली के लिये अच्छी शुरूआत रही है। अगर टीम ग्रुप में शीर्ष पर रहती है तो वह सीधे क्वार्टरफाइनल में पहुंच जायेगी। लेकिन दूसरे स्थान पर रहने से उसे प्री क्वार्टरफाइनल मैच भी खेलना होगा। ग्रुप बी के ही एक अन्य मैच में पंजाब ने पुडुचेरी को आठ विकेट से हरा दिया। ग्रुप ए में विदर्भ ने मध्य प्रदेश को 22 रन से और रेलवे ने मुंबई को चार विकेट से शिकस्त दी।

## नितेश ने भी जीते पदक

पोंटवेंद्रा (स्पेन), 20 अक्टूबर । भारत के युवा पहलवान विकास और नितेश ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में देश के लिये दो और कांस्य पदक अर्जित किये हैं। विकास ने 72 किग्रा वर्ग का कांस्य पदक जीतने के लिये बुधवार को जापान के डाइगो कोबायाशी को 6-0 से मात दी। शुरुआती दौर में किर्गिज़स्तान के आदिलखान नुर्लान्बेकोव (11-0) और स्पेन के मार्कोस सैन्शेज़ (10-1) को हराने के बाद विकास ने सेमीफाइनल में क्रोएशिया के पावेल पुकलावेक (0-9) से हारकर कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया था। दूसरी ओर, नितेश ने 97 किग्रा में कांस्य पदक जीतने के लिये ब्राज़ील के इगोल एल्वेस डी क्वेरेज़ को तकनीकी आधार पर 10-0 से मात दी। नितेश ने शुरुआती दौर में स्पेन के होज़े फर्नांडिज़ को 10-2 से जबकि मिस्र के समी अल-सैयद अली को 10-5 से हराया था।

## म प्र में आयोजित होगा खेलो इंडिया यूथ गेम्स

नयी दिल्ली, 20 अक्टूबर । खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 की मेज़बानी मध्य प्रदेश को दी गई है। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को यह घोषणा की। ठाकुर ने बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आगामी संस्करण में कुल 27 खेल प्रतियोगिताएं होंगी, जिनका आयोजन भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, खारगांव (महेश्वर) और बालाघाट सहित कुल आठ शहरों में होगा। इस संस्करण में पहली बार पानी से जुड़े खेलों को शामिल किया गया है। सामान्य खेलों के साथ कैनो स्लैलम, कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग जैसे नए खेल और स्वदेशी खेलों को भी जोड़ा गया है। ठाकुर ने कहा, मैं मध्य प्रदेश को मलखंब खेल को अपना राज्य खेल बनाने पर धन्यवाद देता हूं। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के आगे आकर हमारे खेल परितंत्र को मजबूत करने के इरादों से मैं खुश हूं।

## दिसंबर में बंगलादेश दौरा करेगी भारतीय टीम

ढाका, 20 अक्टूबर । भारतीय क्रिकेट टीम तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट मैचों के लिये दिसंबर में बंगलादेश का दौरा करेगी। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने गुरुवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि तीनों एकदिवसीय ढाका में खेले जायेंगे। इसके अलावा ढाका एक टेस्ट मैच की मेज़बानी करेगा जबकि एक टेस्ट चटगांव में होगा। इस दौरे की शुरुआत एकदिवसीय शृंखला से होगी, जिसके तीन मैच क्रमश: चार, सात और 10 दिसंबर को खेले जायेंगे। इसके बाद पहला टेस्ट चटगांव के ज़हूर अहमद चौधरी स्टेडियम में 14 दिसंबर से खेला जायेगा, जबकि 22 दिसंबर से होने वाले दूसरे टेस्ट के लिये टीमें वापस ढाका लौटेंगी। यह दोनों टेस्ट आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा हैं। भारत फिलहाल 52.08 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में चौथे स्थान पर है।

## मुकुल की चमक के सामने सिटी फीकी पडी

नयी दिल्ली, 20 अक्टूबर । दिल्ली टाइगर्स के स्थानीय खिलाडियों ने कोलकाता के खिलाड़ियों से सजी सिटी एफसी को यहां नेहरू स्टेडियम पर फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीज़न लीग में गुरुवार को 3-0 से हराकर खेल का अच्छा पाठ पढ़ाया। टाइगर्स की जीत के नायक तेज तर्रार स्ट्राइकर मुकुल शर्मा रहे जिन्होंने दो बेहतरीन गोल जमाकर वाह-वाह लूटी। अमन और निखिल के रक्षणभेदी पासों पर मुकुल ने सूझबूझ से गोल किए। सिटी के गोलकीपर सायन मंडल की गलतियों ने टाइगर्स को जीत का मौका दिया। पहले हाफ में मची अफरा-तफरी के चलते सिटी आत्मघाती गोल से पीछे हो गई लेकिन दूसरे हाफ में टाइगर्स के सामने सिटी की रक्षा पंक्ति लड़खड़ा गई।

## ट्रेवर कैटल को सीआरओ नियुक्त किया

नयी दिल्ली, 20 अक्टूबर (भाषा) अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरूवार को इंग्लैंड के अनुभवी ट्रेवर कैटल को एआईएफएफ के 'रैफरिंग' संबंधित सभी मामलों को देखने के लिये मुख्य रैफरिंग अधिकारी (सीआरओ) नियुक्त किया। कैटल की देखरेख में 'एलीट रैफरिंग डेवलपमेंट' योजना (ईआरडीपी) को लागू करना, जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें तराशना तथा एलीट स्तर पर काम कर रहे अधिकारियों को पेशेवर बनाना शामिल होगा। एआईएफएफ ने एक विज्ञिप्त में कहा कि इसके लिये उन्हें देश में कई हितधारकों से सहयोग की जरूरत होगी। वह नव निर्वाचित एआईएफएफ रैफरी समिति के साथ मिलकर काम करेंगे।वह इंग्लैंड में पेशेवर खेल में 800 से ज्यादा मैचों में रैफरी रह चुके हैं।

## डेनमार्क ओपन के क्वार्टरफाइनल में सात्विक-चिराग की जोडी

ओडेंस, 20 अक्टूबर । सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को डेनमार्क ओपन में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। विश्व की नंबर आठ जोड़ी ने इंडोनेशिया के मुहम्मद फिकरी और मौलाना बगस को 36 मिनट चले प्री-क्वार्टरफाइनल मैच में 21-14, 21-16 से मात दी। इससे पहले सात्विक-चिराग की जोडी ने शीर्ष-32 दौर में दक्षिण कोरिया के कैंग मिन ह्युक और सियो स्यूंग जै को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। इसी बीच, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी शीर्ष-16 मुकाबले में थाईलैंड की जे कितिथरक और रविंदा प्रजोंग्जई से 23-21, 21-13 के सीधे गेमों में हारकर डेनमार्क ओपन से बाह हो गई है।

## राजस्थान ने जीते 4 पदक

जयपुर, 20 अक्टूबर। 41 वीं नॉर्थ जोन शूटिंग चैम्पियनशिप में शॉटगन डबल ट्रेप स्पर्धा में राजस्थान के शूटर्स ने धमाकेदार प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण व 2 रजत कुल 4 पदक अपने नाम कर राजस्थान का नाम रोशन किया। नई दिल्लीमें आयोजित प्रतियोगिता में राजस्थान की बेटी दर्शना राठौड ने शॉटगन डबल ट्रेप जूनियर महिला वर्ग में स्वर्ण व सीनियर वर्ग में रजत, वामांक्षी खंगारोत ने जूनियर वर्ग में रजत तथा डबल ट्रेप सीनियर पुरुष वर्ग में सैयद फैजान अली ने भी शानदार प्रदर्श करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल संपन्न

जयपुर, 20 अक्टूबर 2022। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों की अपार सफलता से अभिभूत होकर अगले साल 26 जनवरी से शहरी ओलम्पिक खेलों का आयोजन किये जाने की घोषणा की और कहा अगला बजट युवाओं, छात्रों और खिलाडियों के नाम समर्पित होगा। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि खेल और खिलाडियों के लिए सरकार की ओर से कोई कमी नही आने दी जायेगी। जरूरत केवल आप लोगो के बताने की है कि खेल और खिलाड़ी और युवाओं के लिए यह करना है। उन्होंने करीब आधा दर्जन खेलों का खिताब जीने वाली हनुमानगढ सहित अन्य विजेता टीमों व सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों को सम्मानित किया। पुरूष वर्ग:- कबड्डी:-चुरू, हनुमानगढ़, नागौर, वॉलीबॉल:- चुरू, झुन्झुनू, चितौडगढ टेनिसबॉल क्रिकेट:- बीकानेर, जैसलमेर, बांसवाडा हॉकी:- हनुमानगढ, भीलवाडा, अजमेर शूटिंगबॉल:- हनुमानगढ, श्रीगंगानगर, जयपुर महिला वर्ग कबड्डी:- हनुमानगढ, नागौर, अजमेर वॉलीबॉल:- हनुमानगढ, श्रीगंगानगर, चुरू टेनिस बॉल क्रिकेट:- जयपुर, अजमेर, उदयपुर हॉकी:-हनुमानगढ, चुरू, सीकर खो-खो:- सीकर, बीकानेर, हनुमानगढ सर्वश्रेष्ठ खिलाडी:- पुरूष वर्ग:- कबड्डी:- सोनू वॉलीबॉल:- संदीप टेनिसबॉल क्रिकेट:- बिशनाराम हॉकी:- लविश शूटिंगबॉल:- जसविन्दर सिंह महिला वर्ग:- कबड्डी:- प्रियंका वॉलीबॉल:- कविता टेनिसबॉल क्रिकेट:- ज्वाला हॉकी:- नर्मदा खो-खो:- कंचन सामोता।



*न्यूज़ीलैण्ड की सरकार ने गायों की डकार पर भारी भरकम टैक्स वसूलने की घोषणा की है। इसके पीछे सरकार का मकसद ग्रीन हाउस गैसों के उर्त्सजन को कम करना है। सरकार एवं पर्यावरविदों का मानना है कि, गायों एवं मवेशियों की डकार से ''मीथेन'' गैस निकलती है जो पर्यावरण को नुकसान पहुँचाती है। सरकार की इस योजना से न्यूज़ीलैण्ड के किसान सकते में आ गये हैं और बृहस्पतिवार को इसके खिलाफ बड़ी संख्या में किसान सड़कों पर उतर आए। ''ग्राउण्ड स्वैल न्यूज़ीलैण्ड'' समूह की मदद से देशभर के कस्बों और शहरों में 50 से अधिक जगहों पर विरोध प्रदर्शनों का आयोजन किया गया। पिछले सप्ताह सरकार ने जलवायु परिवर्तन से निपटने की योजना के तहत नया कृषि टैक्स लगाने का प्रस्ताव रखा था। इसमें गाय की डकार पर टैक्स लगाने की योजना भी शामिल है। न्यूज़ीलैण्ड में कृषि से सबसे अधिक लोग जुड़े हैं। देश की आबादी करीब 50 लाख है लेकिन इसकी तुलना में यहां एक करोड़ से अधिक गाय और भैंसें हैं और 2.6 करोड़ भेड़ें हैं। देश में समस्त ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आधा हिस्सा खेतों से आता है जिसमें मवेशियों की डकार से निकलने वाली मीथेन विशेष रूप से बड़ा योगदान देती है। वैलिंगटन में विरोध प्रदर्शन के दौरान डेव मैककर्डी नामक किसान ने कहा कि, ज्यादातर किसानों ने साल भर, विशेष रूप से वसंत ऋतु के दौरान अपने खेतों में कड़ी मेहनत की है, सरकार को इस योजना पर विचार करना चाहिए। न्यूज़ीलैण्ड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने 2050 तक देश को कार्बन उत्सर्जन मुक्त बनाने की योजना बनाई है। इस योजना में 2030 तक खेतिहर जानवरों से होने वाले मीथेन उत्सर्जन को 10 प्रतिशत और 2050 तक 47 प्रतिशत तक कम करना शामिल है।*

# 'काबा किस मुंह से जाओगे गालिब, शर्म तुमको मगर आती नहीं'

## जयपुर में खड़गे का बहिष्कार करने वाले धारीवाल, जोशी और राठौड़ दिल्ली में बधाई देने पहुंचे, तो दिव्या मदेरणा ने तंज कसा

- **खड़गे को बधाई देने वाले इन नेताओं के फोटो के साथ मदेरणा ने लिखा है कि, हाई कमान के खिलाफ साजिश करने वाले लोग सबसे पहले कांग्रेस के नए अध्यक्ष को बधाई देने दिल्ली गए।**
- **गौरतलब है कि 25 सितम्बर को जब राज्य विधायक दल की बैठक मु.मंत्री आवास पर होनी थी, तब एक समानान्तर बैठक धारीवाल के घर बुलाई गई थी और ये नेता अधिकृत बैठक लेने आए पर्यवेक्षक खड़गे की बैठक में नहीं पहुंचे थे।**

जयपुर, 20 अक्टूबर (का.प्र.)। इसे समय का फेर ही कहेंगे, 25 सितंबर को जब मल्लिकार्जुन खड़गे पर्यवेक्षक के रूप में कांग्रेस विधायक दल की बैठक लेने जयपुर आए थे, तब संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल अपने घर पर विधायक दल की समानांतर बैठक कर रहे थे। उस बैठक में महेश जोशी भी मौजूद थे और धर्मेन्द्र राठौड़ भी। ये नेता खड़गे और प्रभारी अजय माकन द्वारा बुलाए जाने के बावजूद अधिकृत बैठक का बहिष्कार कर विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफे दे रहे थे।

अब जब खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए हैं तो यह नेता लाइन लगाकर उन्हें बधाई देने के लिए खड़े हो गए। इन नेताओं ने बधाई देने वाले फोटो को पोस्ट करके कांग्रेस विधायक और पूरे प्रकरण में लगातार धारीवाल तथा महेश जोशी पर तंज कसने वाली दिव्या मदेरणा ने फिर इन नेताओं पर कटाक्ष किया और कहा कि ''काबा किस मुंह से जाओगे गालिब, शर्म तुमको मगर आती नहीं।''

दिव्या मदेरणा ने ट्वीट करके तीनों नेताओं के खड़गे को बधाई देने वाला फोटो पोस्ट करते हुए लिखा है कि ''काबा किस मुंह से जाओगे गालिब, शर्म तुम को मगर नहीं आती। मतलबी दुनिया के रंग हैं। बैरंग लौटाने वाले रंगीन फूलों का गुलदस्ता देते हुए। यह तो सर्वोच्च अवसरवाद की श्रेणी में ही आता है।''

इससे एक दिन पहले ही दिव्या मदेरणा ने ट्वीट किया था कि हाईकमान के खिलाफ साजिश वाले लोग सबसे पहले हैं, जो कांग्रेस के नए अध्यक्ष को बधाई देने दिल्ली गए हैं। गौरतलब है कि विधायक दल की बैठक में हिस्सा लेने जयपुर भेजे गए आब्ज़र्वर में एक खड़गे ही थे, जिन्होंने बाद में अनुशासन समिति को एक लिखित रिपोर्ट सौंपी और जिसके आधार पर नोटिस जारी हुए।

दरअसल खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने के मौके पर उन्हें बधाई देने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत दिल्ली गए, उनके खास माने जाने वाले मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी और आर.टी.डी.सी. के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ भी खड़गे को बधाई देने दिल्ली गए। इन्हीं तीनों पर 25 सितंबर को बुलाई गई विधायक दल के समानांतर अलग रूप से विधायकों की बैठक बुलाने और आलाकमान के आदेशों की अवहेलना का आरोप है। खड़गे को बधाई देने के लिए इन नेताओं के दिल्ली पहुंचने के बाद ओसियां विधायक दिव्या मदेरणा ने एक बार फिर ट्वीट किया।

दिव्या मदेरणा ने ट्वीट करते हुए लिखा कि एक समय वो जब खड़गे जी इंतजार करते रहे, उनसे मिलने नहीं आए। आज समय बदला तो सबसे पहले पहुंचे हैं। दिव्या ने लिखा कि यह समय-समय की बात है। विधायक ने ट्वीट में जो फोटो लगाई उसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नजर नहीं आ रहे हैं।

विधायक दिव्या मदेरणा ने एक के बाद एक तीन ट्वीट करते हुए इन तीन नेताओं पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि हाईकमान के खिलाफ साजिश वाले लोग सबसे पहले हैं, जो कांग्रेस के नए अध्यक्ष को बधाई देने दिल्ली गए हैं। संयोग से खड़गे ही विधायक दल की बैठक में हिस्सा लेने जयपुर भेजे गए पर्यवेक्षकों में से एक थे। जिन्होंने बाद में अनुशासन समिति को एक लिखित रिपोर्ट सौंपी। जिसके आधार पर नोटिस जारी हुए।

इससे पहले दिव्या ने ट्वीट कर कहा कि कभी घमंड न कीजिए, समय बड़ा बलवान, किए रंक राजा कई, निर्धन को धनवान। कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने 25 सितंबर की घटना के साथ जोड़ कर लिखा कि उस दिन खड़गे जी के बुलाने पर नहीं आए। विधायक दल की मीटिंग को बॉयकॉट कर समांतर मीटिंग की थी। यही मुख्य सचेतक और संसदीय कार्य मंत्री ने खड़गे जी के सामने शर्त रखी कि जो फ़ैसला होगा वह 19 अक्टूबर के बाद होगा व हम सिर्फ सोनिया गांधीजी से मिलेंगे।

## चैरिटी संस्थाओं पर आयकर

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की एक बैंच ने चैरिटी संस्थाओं पर आय कर लगाकर विवादो का पिटारा खोल दिया है। बैंच ने व्यवस्था दी कि ये संस्थाएँ किसी भी तरह से यदि किसी व्यापार, वाणिज्य अथवा कारोबार में संलग्न हो जाती हैं तो फिर वे कर में छूट की मांग नही कर सकती।

बैंच ने यद्यपि वर्ष 2009 व उसके बाद इनकम टैक्स एक्ट में जोड़े गए संशोधन की सहायता ली और उल्लेख किया कि यदि किसी संस्था के लाभ कुल प्राप्तियों के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होते हैं तो उस पर कर नही लगाया जाएगा।

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि, चैरिटी ट्रस्ट अगर किसी भी प्रकार के व्यवसाय या व्यापार में लिप्त हैं तो उन्हें आयकर छूट नहीं मिल सकती।**

बैंच ने उदाहरण के तौर पर गुजरात और राजस्थान की क्रिकेट एसोसिएशन्स के विरूद्ध अपीलों पर गुजरात तथा राजस्थान हाईकोर्ट के निर्णयों को खारिज कर दिया और संबंधित प्राधिकरणों से कहा कि वे टैक्स मुद्दे को नए सिरे से तय करें।

कोर्ट, आकलन करने वाले प्राधिकरणों को वार्षिक आधार पर संस्थाओं के रिकॉर्ड का सूक्ष्म परीक्षण करने का निर्देश देता है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि संस्था की गतिविधियां व्यापार, वाणिज्य या कारोबार की श्रेणी में आती है। उन्हें यह भी परीक्षण करना है कि धारा 2 (15) के तहत समय-समय पर संशोधित अधिकतम सीमा का क्या उल्लंघन किया गया है और क्या उन्हें छूट का लाभ नहीं नहीं देना हैं।

# भाजपा की प्रदेश कोर कमेटी की बैठक दिल्ली में आज

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा एवं संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष बैठक लेंगे

- **इस बैठक में प्रदेश कोर कमेटी के सभी नेता मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदेश भाजपा संगठन में आंतरिक कलह और समन्वय की कमी के बारे में चर्चा की जाएगी।**
- **बैठक में भाजपा में शामिल होने के इच्छुक एक दर्जन नेताओं के मसले के साथ अन्य विषयों पर चर्चा होने के संकेत हैं।**
- **बताया जा रहा है कि, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का सहयोग नहीं मिलने के कारण कोटा संभाग में 20 और 21 अक्टूबर को आयोजित बूथ सम्मेलन को स्थगित करने के मामले को गंभीर माना गया है और इस पर भी चर्चा होगी।**

जयपुर, 20 अक्टूबर। प्रदेश में 2023 में होने वाले विधानसभा को लेकर भाजपा पूरे एक्टिव मोड में है। इसी के लिए प्रदेश में भाजपा के केंद्रीय नेताओं के दौरे लगातार हो रहे हैं। भाजपा के आगामी कार्यक्रमों को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रदेश कोर कमेटी की बैठक बुलाई है। इस बैठक में प्रदेश कोर कमेटी के सभी नेता मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदेश भाजपा संगठन में आंतरिक कलह और समन्वय की कमी के बारे में चर्चा की जाएगी।

इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 1 नवम्बर को राजस्थान में मानगढ़ धाम आने के कार्यक्रम तथा जयपुर में बड़ी सभा के आयोजन से सम्बंधित रणनीति पर चर्चा की जाएगी। भाजपा में आने वाले एक दर्जन नेताओं के मसले के साथ अन्य विषयों पर चर्चा होने के संकेत हैं। बताया जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का सहयोग नहीं मिलने के कारण कोटा संभाग में 20 और 21 अक्टूबर को आयोजित बूथ सम्मेलन को स्थगित करने के मामले को गंभीर माना गया है।

जेपी नड्डा इस बात से भी नाराज है कि प्रदेश में भाजपा के संगठन स्तर पर होने वाले आयोजन में आम लोगों का जुड़ाव कम है, ऐसे में वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा के चुनाव में पार्टी कैसे सत्ता में आएगी, इस पर भी खुलकर बातचीत होगी और रणनीति तैयार की जाएगी।

प्रदेश में कुछ महीने से भाजपा के नेताओं में समन्वय की भारी कमी है और अलग-अलग स्तर पर कार्यक्रम आयोजित हो रहे है इससे यह प्रदर्शित हो रहा है कि पार्टी के नेताओं में एकता नहीं है। इस स्थिति को लेकर ही राष्ट्रीय नेतृत्व गंभीर है।

गौरतलब है कि कोर कमेटी की यह बैठक कोटा में आयोजित होने वाली थी लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को हिमाचल में चुनाव होने के कारण प्रदेश के नेताओं को दिल्ली बुलाकर चर्चा की जाएगी।

कोर कमेटी की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, संगठन महामंत्री चन्द्र शेखर,उपाध्यक्ष एवं सांसद सी.पी.जोशी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन मेघवाल, कैलाश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रतिपक्ष नेता कटारिया, उपनेता राठौड़ सहित 11 सदस्य एवं संगठन महामंत्री बीएल संतोष, महामंत्री एवम प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह के बैठक में मौजूद रहने की संभावना है।

## आई.बी. ने खरीदा...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

गुप्तचर एजेंसी ''इन्टेलीजेंस ब्यूरो'' (आई.बी.) ने अप्रैल 2017 में इजरायली कंपनी ''एन.एस.ओ. ग्रुप'' से 3,15,000 डॉलर (उस समय 2 करोड़ रू. से अधिक) की कीमत का पैगसस स्पाइवेयर में लगे यंत्र से मिलता-जुलता हार्डवेयर खरीदा था। यह पैकिंग, जिस पर ''रक्षा एवं सैन्य उपयोग के लिये'' अंकित था, हवाई जहाज से दिल्ली पहुँची थी। यह समाचार ''ऑर्गनाइज़्ड क्राइम एण्ड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजैक्ट (ओ.सी.सी.आर.पी.) द्वारा जारी एक रिपोर्ट पर आधारित है। ओ.सी.सी. आर.पी. की रिपोर्ट, उसके द्वारा एकत्रित उस इम्पोर्ट डाटा पर आधारित थी, जिसमें द न्यूयॉर्क टाइम्स के इस दावे का सहारा लिया गया था कि भारत ने उस साल एक बड़े रक्षा-सौदे के अन्तर्गत, पैगसस खरीदा था। ओ.सी.सी.आर.पी. के अनुसार, इम्पोर्ट डेटा बताता है कि 18 अप्रैल, 2017 को आई.बी. को एन.एस.ओ. से हार्डवेयर का एक सामान प्राप्त हुआ, जो, ''उस साज़-सामान के विवरण से मिलता-जुलता था, जिसे अन्य स्थानों पर पैगसस सॉफ्टवेयर को चलाने के काम में लिया जा रहा था।'' यह सामान हवाई जहाज से लाया गया था तथा दिल्ली में उतारा गया था। ओ.सी.सी.आर.पी. का कहना है कि वह इस डेटा तक एक ''सब्सक्रिप्शन-बेस्ड ट्रेड'' वैबसाइट के जरिये पहुँचा था। इस वैबसाइट पर पूरी दुनिया के वाणिज्यिक सामानों के आयात-निर्यात का विवरण उपलब्ध है।

## ब्रिटेन की..

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

बजाए उस सिंगल पार्टी के जो शीर्ष पद पर एक के बाद एक उम्मीदवार को बैठा रही है। लेबर पार्टी के नेताओं ने इस स्थिति को शीर्ष पद के लिए एक ''रिवॉल्विंग डोर'' की संज्ञा दी है जिसमें एक व्यक्ति प्रवेश कर रहा है और दूसरा गिर रहा है। इसके बावजूद, आम चुनाव का निर्णय करने का काम सरकार का है तथा उसे बाध्य नहीं किया जा सकता। सत्तारूढ़ कंज़रवेटिव्ज़ के एक भी गुट को वर्तमान स्थिति में सत्ता में वापसी करने की दूर-दूर तक उम्मीद नहीं है, तथापि पार्टी बड़ी व्याकुलता से इसका समाधान अपने भीतर ही ढूंढ़ने की कोशिश कर रही है। यदि यह स्थिति बनी रहती है तो किंग चार्ल्स तृतीय के पास अपने राज्याभिषेक से पूर्व ही नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का मौका होगा। यह फिर शायद शताब्दियों में एक नई नज़ीर बन जाएगा।

## सैन्य सेवा कर्मी ...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

कहा याचिकाकर्ता के पिता सैन्य सेवा के असैनिक कर्मचारी हैं और वे भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के सैनिक नहीं हैं। ऐसे में याचिकाकर्ता को सैनिक स्कूल में सैनिक कोटे का लाभ नहीं दिया जा सकता। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश प्रियांशी की ओर से अपने पिता के जरिए दायर याचिका को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता के पिता के सेवा प्रमाण पत्र में कोई रैंक भी नहीं बताई गई है, जिससे साबित होता है कि वह सेना के किसी भी अंग में कोई सैन्य पद नहीं रखते हैं।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा-2022 पास की थी। इसके अलावा मेडिकल टेस्ट में पास होने के बाद उसका नाम मेरिट लिस्ट में भी आ गया था। वहीं दस्तावेज सत्यापन के समय उसे यह कहते हुए सैनिक कोटे का लाभ देने से इनकार कर दिया कि उसके पिता सैनिक की श्रेणी में नहीं आते हैं। याचिका में कहा गया कि उसके पिता आयुध डिपो, आगरा में कार्यरत हैं। इसलिए रक्षा मंत्रालय के अधीन आने के कारण उन्हें सैनिक की श्रेणी में मानकर याचिकाकर्ता को सैनिक कोटे का आरक्षण दिया जाए। इसका विरोध करते हुए केन्द्र सरकार की ओर से कहा गया था कि भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के कार्मिकों को ही सैनिक माना गया है और रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाले असैनिकों को सैनिक कोटे का आरक्षण नहीं दिया जा सकता। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद एकलपीठ ने याचिका को खारिज कर दिया।

# आंध्र प्रदेश में प्रवेश होते ही ...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

तरह सफाया ही हो गया है तथा तेलंगाना में, पार्टी संगठन अभी मौजूद है तथा अपनी मौजूदगी दर्शाने के लिये संघर्षरत है।

इस पृष्ठभूमि में, आंध्रवासियों ने भारत जोड़ो यात्रा का जिस जोश-खरोश से जबरदस्त स्वागत किया है, वह कांग्रेस और राहुल गांधी में पार्टी के पुनरोद्धार को लेकर निश्चित रूप से नई आशाएं पैदा करने वाला था। स्थिति यहाँ तक पहुँच गई थी कि लोगों को भारत जोड़ो यात्रा तक पहुँचने से रोकने के लिये राज्य सरकार के बैरिकेड्स जनसमुदाय के जोश एवं उत्साह को कम करने में असफल रहे।

यात्रा में युवाओं और किसानों का हुजूम उमड़ पड़ा और राज्य में जहां-जहां से राहुल गांधी पैदल जा रहे हैं, लोग उनकी एक झलक पाने को बेताब हो रहे हैं, वास्तव में, यह उन लोगों के लिए एक सुखद आश्चर्य था जो अब भी पार्टी के साथ बने हुए हैं और कई लोग सिर्फ उनके दर्शन के लिए सड़कों पर उमड़ पड़े।

राहुल गांधी ने सही मुद्दे उठाए और केन्द्र सरकार द्वारा राज्य के साथ किए गए अन्याय के बारे में बोला तथा वादा किया कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अपनी सभी प्रतिबद्धताएं पूर्ण करेगी।

राजनीतिक विश्लेषक तेलुगु भाषी राज्यों में निश्चित रूप से कांग्रेस के लिए एक तरह से थोड़ा-बहुत पुनरुद्धार देख रहे हैं, किन्तु क्या यह वास्तव में सही है।

आंध्र में जगनमोहन रेड्डी और तेलंगाना में टी.आर.एस. सुप्रीमो के. चन्द्रशेखर राव द्वारा अपने यहां से कांग्रेस का सफाया किए जाने के बाद इन राज्यों में पार्टी का पुनर्निमाण करना खासतौर पर भारी काम है।

नालसर हैदराबाद के राजनीतिक विश्लेषक हराती वेगसान ने कहा कि ''तेलंगाना में भाजपा चुनाव मैदान में बढ़त बनाने का ढोल पीट रही है, लेकिन मेरा विश्वास कीजिए, यहां कांग्रेस आश्चर्य चकित करने जा रही है। उसके पास रेवंत रेड्डी के रूप में एक अच्छा नेता है और वह अपना पूरा दमखम लगा रहे हैं। हां के.सी.आर. अब भी सशक्त हैं, लेकिन सत्ता विरोधी जो भी भावनाएं हैं, उन्हें देखते वह कांग्रेस ही है जो भाजपा द्वारा बड़े नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने और भारी धनराशि झोंकने के बावजूद लाभ में रहने वाली है।''

एक अन्य राजनीतिक विश्लेषक ने नाम ना छापने की शर्त पर कहा कि भाजपा में नेतृत्व का अभाव है और उसे कुछ और वर्षों तक अपने जनाधार को लेकर काम करने की जरूरत है। उसके बाद ही वह महत्वपूर्ण राजनीतिक बढ़त प्राप्त करने की उम्मीद कर सकती है। उन्होंने कहा कि ''हां! वर्ष 2019 में भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वर्तमान में स्थिति बिल्कुल ही अलग है, खासतौर पर भाजपा के संदर्भ में। स्थानीय नेतृत्व की पहचान करने और उसे खड़ा करने में भाजपा की विफलता ही वह कारण है कि वह अपनी संभावनाओं को पूरी तरह भुना नहीं सकेगी।''

# अडानी व अंबानी नहीं, देश के सबसे बड़े दानवीर हैं शिव नादर

## एक सर्वे के मुताबिक एच.सी.एल. के फाउण्डर नादर ने 2022 में 1161 करोड़ रु. दान किये हैं

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। देश के सबसे बड़े दानवीर अरबपतियों की सूची में शिव नादर सबसे आगे हैं। एडलगिव हुरुन इंडिया फिलैंथ्रॉपी लिस्ट 2022 के मुताबिक आई.टी. कंपनी एच.सी.एल.के फाउंडर शिव नादर ने 1,161 करोड़ रुपये रुपये वार्षिक दान दिए हैं। इस हिसाब से कह सकते हैं कि शिव नादर ने हर दिन 3 करोड़ रुपये दान के लिए खर्च किए हैं।

इसी के साथ शिव नादर ने आई.टी. कंपनी विप्रो के फाउंडर अजीम प्रेमजी को पछाड़ दिया है। अब तक अजीम प्रेमजी को सबसे बड़ा दानवीर माना जाता था। हालांकि, इस साल अजीम प्रेमजी ने 484 करोड़ रुपये का वार्षिक दान दिया है और वह सूची में दूसरे स्थान पर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक तीसरे और चौथे स्थान पर क्रमशः रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला हैं। अंबानी ने एक साल में 411 करोड़ रुपये का दान दिए और इसी अवधि में बिड़ला ने 242 करोड़ रुपये का दान दिया।

आई.टी. सेक्टर की दिग्गज कंपनी माइंडट्री से जुड़े सुष्मिता और सुब्रतो बागची के अलावा राधा और एन.एस. पार्थसारथी 213 करोड़ रुपये के वार्षिक दान के साथ पांचवें स्थान पर हैं। इसी तरह, 190 करोड़ रुपये के दान के साथ गौतम अडानी इस साल सूची में सातवें स्थान पर थे। बता दें कि गौतम अडानी देश के सबसे रईस अरबपति हैं।

वहीं, आई.टी. कंपनी इंफोसिस से जुड़े नंदन नीलेकणि, क्रिस गोपालकृष्णन, और एस.डी. शिबूलाल ने क्रमशः 159 करोड़ रुपये, 90 करोड़ रुपये और 35 करोड़ रुपये दान के लिए खर्च किए हैं। इनकी रैंकिंग क्रमशः 9, 16 और 28 वीं है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि जेरोधा के 36 वर्षीय निखिल कामथ एडेलगिव हुरुन परोपकार सूची 2022 में सबसे कम उम्र के परोपकारी व्यक्ति हैं। उन्होंने और उनके भाई नितिन कामथ ने इस वर्ष अपने दान को 300 प्रतिशत बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये कर दिया।

## राहुल असली....

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

इतिहास में, चुनाव कराना केवल छः बार ही आवश्यक महसूस किया गया है, क्योंकि इन छः बार की स्थितियों के अलावा, चुनाव में खड़ा होने के लिये कोई दूसरा उम्मीदवार होता ही नही था, तथा इसलिए एक ही व्यक्ति निर्विरोध निर्वाचित घोषित होता रहता था।

पंकज शर्मा ने कहा है कि यद्यपि कांग्रेस अध्यक्ष पद के इस चुनाव में, गांधी परिवार ने किसी को अपना नामित उम्मीदवार नहीं बताया था, लेकिन ऐसा वातावरण जरूर बना दिया गया था कि खड़गे पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार हैं। शर्मा ने कहा कि इस स्थिति में खड़गे के प्रतिद्वन्द्वी तथा चुनाव में 1,072 वोट प्राप्त करने वाले शशि थरूर ने बड़ा काम करते हुये, यह दर्शा दिया है कि पार्टी में आन्तरिक लोकतन्त्र मजबूत स्थिति में हैं।

उन्होंने कहा कि खड़गे पार्टी अध्यक्ष भले ही निर्वाचित हो गये हैं लेकिन कांग्रेस का भविष्य तो संगठन की अन्दरूनी नियुक्तियों पर ही निर्भर करेगा।

उन्होंने कहा कि राहुल ने ठीक ही कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष पार्टी का सर्वोच्च पदाधिकारी है जिसके निर्देशन में वे (राहुल) काम करेंगे, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि राहुल पार्टी के सर्वोच्च नेता हैं और रहेंगे, क्योंकि भारत जोड़ो यात्रा से उनका कद और ऊँचा होगा।

## दिवाली पर 75 हजार लोगों को रोजगार देगी मोदी सरकार

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान-रोजगार मेला - का शुभारंभ करेंगे। समारोह के दौरान 75,000 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। देश भर से चयनित नये कर्मियों को 38 मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया जा रहा है। ये राजपत्रित और गैर राजपत्रित समूहों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र बलों में उप-निरीक्षक, कांस्टेबल, एल.डी.सी., स्टेनो, पी.ए., आयकर निरीक्षक, एम.टी.एस. तथा अन्य पदों के लिए चयनित किए गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस उपलक्ष्य में 22 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे।

# ममता बनर्जी एक बार फिर खुलकर सौरव गांगुली के समर्थन में आईं

## 'सौरव गांगुली को बी.सी.सी.आई. नहीं बनने दिया लेकिन सरकार को उन्हें आई.सी.सी. का चीफ बनाने के लिए पूरा समर्थन और प्रयास करना चाहिये

- **उन्होंने कहा कि आपने सौरव गांगुली को हटा दिया गया, लेकिन जय शाह को बरकरार रखा।**
- **बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान का बी.सी.सी.आई. प्रमुख के रूप में कार्यकाल नहीं बढ़ाया गया और उनकी जगह रोजर बिन्नी को अध्यक्ष बना दिया गया।**

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर सौरव गांगुली का समर्थन करते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान का बी.सी.सी.आई. प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल नहीं बढ़ाया गया और उनकी जगह रोजर बिन्नी को अध्यक्ष बना दिया गया। गांगुली को 19 नवंबर, 2019 को बी.सी.सी.आई. अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पिछले दिनों रोजर बिन्नी को नया अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि आपने सौरव गांगुली को हटा दिया गया, लेकिन जय शाह को बरकरार रखा।

हाल ही में ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौरव गांगुली को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आई.सी.सी.) भेजने की अपील की थी. गुरुवार को भी उन्होंने दोहराया कि गांगुली को बी.सी.सी.आई. प्रमुख के रूप में दूसरे कार्यकाल से वंचित किया गया था और कहा, ''उन्हें आई.सी.सी. चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों नहीं दी गई? उन्होंने पद खाली रखा है ताकि कोई इसे लड़ सके। यह सौरव के लिए बहुत अनुचित है। वह दुनिया भर में जाने जाते हैं।''

उन्होंने आगे कहा, ''सौरव बहुत हकदार थे। उन्होंने देश को गौरवान्वित किया था। उन्हें वंचित करने का कारण क्या है? पद किसी और के लिए रखा जा रहा है। मैं इसका कारण जानना चाहती हूं। अगर सचिन तेंदुलकर होते तो मैं उनका भी समर्थन करती। सिर्फ इसलिए कि वह एक विनम्र व्यक्ति हैं, उन्होंने कुछ नहीं कहा है, लेकिन मुझे यकीन है कि वह इससे आहत हैं।

## मुलायम सिंह ...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

है, भले ही वे प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव क्यों न लड़ें। ज्ञातव्य है कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी, सपा से अलग हुये शिवपाल-समर्थकों की पार्टी है। भाजपा के वार्ताकार पिछले कुछ दिनों से शिवपाल के सम्पर्क में है। इनका उद्देश्य किसी न किसी तरह शिवपाल को मैनपुरी चुनाव लड़ने के लिये तैयार करना है क्योंकि चुनाव मैदान में शिवपाल की मौजूदगी से यादव मतों का बँटना सुनिश्चित है।

जहाँ तक सपा-प्रमुख अखिलेश यादव का प्रश्न है, उनके लिये तो मैनपुरी की लड़ाई ''करो या मरो'' की लड़ाई होगी क्योंकि मुलायम सिंह यादव की राजनैतिक विरासत का मुद्दा दाँव पर लगा होगा। इस सीट के लिये सपा के संभावित उम्मीदवारों में, अखिलेश की पत्नी डिम्पल या फिर उनके चचेरे भाई एवं पूर्व सांसद धर्मेन्द्र यादव शामिल हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908